उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

(उत्तर प्रदेश सरकार का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय : स्थापना वर्ष - 1999)
प्रयागराज



वार्षिक प्रतिवेदन
ANNUAL REPORT

2018-2019



उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, शान्तिपुरम् (सेक्टर - एफ), फाफामऊ, इलाहाबाद - 211 021
U.P. Rajarshi Tandon Open University, Shantipuram (Sector-F), Phaphamau, Allahabad - 211 021





राजर्षि पुरूषोत्तमदास टण्डन

(जन्म तिथि 1 अगस्त 1882 ई. - पुण्यतिथि 1 जुलाई 1962 ई.)

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

वार्षिक प्रतिवेदन

2018-19



विश्वविद्यालय परिसर
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय
शान्तिपुरम् (सेक्टर - एफ), फाफामऊ, प्रयागराज - 211 021

प्रमुख दूरभाष

कुलपति सचिवालय (प्रशासनिक भवन, गंगा परिसर)	0532–2447032 0532–2447028
कुलपति कैम्प कार्यालय (गंगा परिसर)	0532–2447033 (फैक्स) 0532–2447034
कुलसचिव कार्यालय (प्रशासनिक भवन, गंगा परिसर)	0532–2447035 0532–2447036 (फैक्स)
परीक्षा नियंत्रक कार्यालय (प्रशासनिक भवन, गंगा परिसर)	0532–2447038 (फैक्स)

कुलगीत

सद्ज्ञान तीर्थ पावन नगरी यही सुहाती।
सबके लिए सुशिक्षा संकल्प शुभ सुनाती।।

शिक्षा जगत् पुरोधा आदर्श राष्ट्र–नायक।
हिन्दी प्रबल समर्थक सद्भावना विधायक।।
यह मुक्त पीठ अनुपम राजर्षि जिसकी थाती।
सबके लिए सुशिक्षा ——————।।

संगम मनीषियों की चिन्तन धरा मनोहर।
भगवान् राम अपने दीक्षित हुए यहीं पर।।
विज्ञान, धर्म, दर्शन के मंत्र को जगाती।
सबके लिए सुशिक्षा ——————।।

गंगा, सरस्वती माँ, यमुना की वाग्धारा।
स्वाध्याय, स्वावलम्बन, मंथन पुनीत नारा।।
मंगलमयी उषा से सबका हृदय खिलाती।
सबके लिए सुशिक्षा ——————।।

उत्तर प्रदेश व्यापी अध्ययन केन्द्र न्यारे।
दूरस्थ ज्ञान पद्धति आधार हैं हमारे।।
विद्या प्रसार माध्यम संचार तंत्र पाती।
सबके लिए ——————।।

सत्कर्म, मुक्त चिंतन, आदर्श पथ चलें हम।
ज्ञानी बनें, गुणी हों, मंजिल पहुँच के लें दम।।
जीवन जगत् समुज्ज्वल का सूत्र नित सिखाती।
सबके लिए सुशिक्षा संकल्प शुभ सुनाती।

सम्पादक मण्डल

सम्पादक

डॉ. पी.पी. दुबे	निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा

सह–सम्पादक मण्डल

डॉ. विनोद कुमार गुप्त	उपनिदेशक / एसोसिएट प्रोफेसर, मानविकी विद्याशाखा
डॉ. रुचि बाजपेई	असिस्टेंट प्रोफेसर, मानविकी विद्याशाखा
डॉ. श्रुति	असिस्टेंट प्रोफेसर, विज्ञान विद्याशाखा
श्री सुनील कुमार	असिस्टेंट प्रोफेसर, समाज विज्ञान विद्याशाखा
डॉ. अतुल कुमार मिश्रा	शैक्षणिक परामर्शदाता (दूरस्थ शिक्षा अनुसंधान केन्द्र)
डॉ. गौरव संकल्प	शैक्षणिक परामर्शदाता, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा
डॉ. दीपा त्यागी	शैक्षणिक परामर्शदाता, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा



श्रीमती आनन्दीबेन पटेल

माननीया राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति
उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

विश्वविद्यालय की विकास प्रवृत्तियाँ
(Growth- wise Students Enrollment)

Session wise Students Enrollment

Session wise students Enrollment



Session wise Number of Study Centres

Number of Study centrers



Session wise Number of Programme



प्रमुख सूत्र वाक्य

''हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा न कोई जहाँ''

''गुरुकुल से छात्र कुल तक''

''शिक्षा शिक्षार्थी के द्वार तक''

''सबको शिक्षा, सबको ज्ञान''

''जब भी चाहें प्रवेश पाएँ,
घर बैठे अध्ययन सामग्री पाएँ''

''स्टूडेन्ट इज द किंग''

''क्लीन कैम्पस, ग्रीन कैम्पस''

प्राक्कथन
Foreword

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज को उत्तर प्रदेश राज्य का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है। उत्तर प्रदेश जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बडा राज्य है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना यहाँ की पवित्र तीर्थ नगरी प्रयागराज में प्रदेश सरकार द्वारा पारित अधिनियम की व्यवस्थाओं के अन्तर्गतम वर्ष 1999 में की गई। अपने स्थापना काल से ही यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के स्थापित मानकों के अनुरुप इस सर्वाधिक जनसंख्या वाले प्रदेश में ज्ञान के प्रचार एवं प्रसार के पथ पर निरंतर अग्रसर है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय समय–समय पर अपनी कार्य प्रणाली एवं पाठ्यक्रमों में आवश्यकतानुसार परिमार्जन भी करता रहता है। इन परिवर्तनों का एकमात्र उद्देश्य शिक्षार्थियों को कम लागत में घर बैठे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ उनके अन्दर कौशल का भी विकास करना है जिससे वह आत्म निर्भर बन सकें। विश्वविद्यालय अपनी विकास यात्रा में नित नये कीर्तिमान स्थापित करते हुए 20 वर्ष पूरे कर चुका है। शैक्षिक प्रबन्धन की दृष्टि से विश्वविद्यालय यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई., सी.टी.ई. एवं आर.सी.आई. से मान्यता प्राप्त कुल 107 कार्यक्रमों का संचालन अपने दस विद्याशाखाओं के माध्यम से कर रहा है। सीमित संसाधनों एवं शिक्षकों के साथ सभी विद्याशाखायें अपने सम्बन्धित कार्यक्रमों की अध्ययन सामग्रियों को अद्यतन करने के साथ–साथ पठन–पाठन एवं परीक्षा जैसी गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन करती रहती हैं। प्रदेश के भौगोलिक विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए शैक्षिक नीतियों के सफल संचालन एवं प्रशासनिक प्रबन्धन के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में अब तक कुल 11 क्षेत्रीय केन्द्रों एवं उनके अन्तर्गत अब तक कुल 1018 अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की गयी है, जो सफलतापूर्वक कार्यरत है।

विश्वविद्यालय में 'वर्ष पर्यन्त' प्रवेश की व्यवस्था है। जिसके अन्तर्गत इच्छुक शिक्षार्थी कभी भी किसी भी कार्यक्रम में ऑन लाइन प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है। विश्वविद्यालय हर वर्ष प्रवेश सूचना विवरणिका तथा वेबसाइट के माध्यम से अपना शैक्षिक कलेण्डर घोषित करता है। विगत कई सत्रों से विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिकतर सूचनायें, एसाइनमेंट प्रश्नपत्र आदि ऑन लाइन कर दी जाती हैं। विभिन्न लोकप्रिय कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय की अपनी स्वयं की स्वअध्ययन सामग्री है जो शिक्षार्थियों को समय से डाक द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। तथापि यदि किन्हीं कार्यक्रमों में कमी है तो इनके निर्माण का कार्य भी सतत् रुप से जारी है। यह विश्वविद्यालय की आत्म निर्भरता की दिशा में बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय में स्वअध्ययन सामग्री के परिमार्जन एवं उनके लेखन का कार्य भी सतत् एवं तीव्र गति से हो रहा है। आशा है कि आगामी सत्र से विश्वविद्यालय और अधिक स्वनिर्मित उच्च कोटि की गुणवत्ता युक्त स्वअध्ययन सामग्री शिक्षार्थियों को उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। अभी तक तैयार एवं प्रकाशित पाठ्य सामग्री को शिक्षार्थियों के हित में ऑन लाइन भी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नामांकन संख्या इत्यादि की सूचना सोशल साइट्स यथा एस.एम.एस (SMS) एलर्ट, व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर आदि के माध्यम से भी दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में टोल फ्री टेलीफोन नम्बर भी है जिसके माध्यम से शिक्षार्थी बिना किसी अतिरिक्त खर्चके कर्मचारियों एवं अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते है।

समय से पाठ्य सामग्री एवं अधिन्यास प्रश्न–पत्र शिक्षार्थियों को उनके घर पर उपलब्ध कराये जाने से इस शिक्षा प्रणाली के प्रति लोगों की अभिरुचि में वृद्धि हुई है। इससे उनके श्रम एवं समय की भी बचत हो रही है। अधिन्यास कार्य में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए कई प्रकार के परिवर्तन किए गए हैं। इस नवीन व्यवस्था से छात्रों की प्रतिभा निखर कर सामने आ रही है एवं दूरस्थ शिक्षा के प्रति लोगों के विश्वास में वृद्धि हो रही है। स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर कौशल आधारित विषयों का समावेश करते हुए सी.बी.सी.एस. प्रणाली के अंतर्गत वैकल्पिक प्रश्न–पत्रों कों भी लागू किया गया है। इसके साथ ही जी.एस.टी. एवं वैदिक गणित जैसे समसामयिक एवं पारम्परिक विषयों के अध्ययन हेतु जागरुकता, प्रमाणपत्रण एवं डिप्लोमा स्तर के कार्यक्रम भी प्रारम्भ किये गये हैं। अध्ययन केन्द्रों के अधिकारों में वृद्धि करते हुए शिक्षार्थियों की समस्याओं के समाधान में उनके उत्तरदायित्व को बढ़ाया गया है। सभी 11 क्षेत्रीय केन्द्रों को नोडल अध्ययन केन्द्र के रुप में विस्तारित कर उनके कार्य क्षेत्र को भी और अधिक व्यापक किया गया है तथा वहाँ युवा एवं योग्य समन्वयकों की नियुक्ति की गयी है जिससे सभी क्षेत्रीय केन्द्र और अधिक सक्रिय हुये हैं। जुलाई माह में सभी क्षेत्रीय केन्द्रों में प्रवेश पूर्व काउसलिंग की व्यवस्था की गयी है। अध्ययन केन्द्रों की संख्या विगत वर्ष 707 से बढ़कर 1018 हो गयी है जिससे विश्वविद्यालय प्रदेश के सूदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक अपनी पहुँच तक बनाने में सफल रहा है।

जनमानस में उच्च शिक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय समय–समय पर अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाता रहता है। शिक्षार्थियों को उच्च कोटि की शिक्षा प्राप्त हो उसके लिए विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं में योग्य एवं विद्वान परामर्शदाताओं एवं शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। शिक्षार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए मात्र एक शिक्षार्थी के लिए भी उसके अध्ययन केन्द्र पर परामर्श सत्र के आयोजन की व्यवस्था की गई है, जिससे कोई भी शिक्षार्थी ज्ञान प्राप्ति से वंचित न रह जाय।

मुक्त एवं दूरस्थ विधा के शिक्षार्थी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बन सकें इसके लिए विश्वविद्यालय निरन्तर शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने तथा सूचना एवं प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए (MOOCS) का विकास करवाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में IIT Bombay जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं से MOU किया गया है। विश्वविद्यालय ने अपनी वेबसाइट को इस प्रकार Learner friendly बनाया है जिससे जन सामान्य को सभी सूचनाएं आसानी से सुलभ हो रही हैं। सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सुदृढ़ता प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के सॉफ्टवेयर तथा हार्डवेयर इंजीनियरों सहित विशेषज्ञ शिक्षक लगातार प्रयासरत हैं। प्रवेश, प्रशासन, वित्त, पाठ्य सामग्री, पुस्तकालय एवं परीक्षा आदि अनुभागों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने एवं इनसे सम्बन्धित सूचनाओं को सर्वसुलभ बनाने हेतु इन्हें ऑनलाइन कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों के अथक प्रयास से इस वर्ष विश्वविद्यालय में कुल 124 राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार, सिम्पोजियम, वर्कशाप आदि का आयोजन हुआ जिनमें देश विदेश के विद्वानों ने सक्रिय भागीदारी की। वर्ष 2019 में विश्वविद्यालय ने केन्द्र सरकार के तत्वाधान में सर्वसमावेशी महाकुम्भ का आयोजन किया था जिसमें सभी धर्मों के ख्यातिलब्ध विद्वान एवं धर्माचार्य एक मंच पर उपस्थित होकर समरसता एवं सर्वधर्म समभाव पर अपने सकारात्मक विचार प्रस्तुत किये। उक्त सम्मेलन में लगभग सभी प्रान्तों एवं अन्य देशों से भी अतिथियों ने सहभागिता की।

यह विश्वविद्यालय वर्तमान सत्र में राज्य के विभिन्न अध्ययन केन्द्रों पर पंजीकृत पचहत्तर हजार से अधिक शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। प्रदेश के सुदूरवर्ती अल्प सेवित व असेवित क्षेत्रों, ग्रामीण आँचलों एवं पिछड़े क्षेत्रों के इच्छुक शिक्षार्थियों को भी लाभान्वित कराने हेतु इस वर्ष 311 नए अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। विश्वविद्यालय के इन सार्थक प्रयासों से शिक्षार्थियों की संख्या में आशातीत वृद्धि हुई है।

प्रयाग की धरती पर हर वर्ष लगने वाले कुम्भ मेला जैसे कार्यक्रमों में जागरुकता शिविर के माध्यम से भी विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षण पद्धति से जनमानस को अवगत कराता रहता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देश में चल रहे सभी राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों को अपनी देख–रेख में रखने का फैसला किया है। उसकी नीतियों का अनुसरण करते हुए परम्परागत विश्वविद्यालयों के समानान्तर ही इस मुक्त विश्वविद्यालय में भी गुणवत्तापरक पठन–पाठन की व्यवस्था की गयी है। इससे विश्वविद्यालय को अपनी छवि का और अधिक विकास करने में मदद मिली है। विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगतिपथ पर नित नये प्रतिमान स्थापित करे और शैक्षिक दृष्टिकोण से विश्व की अग्रणी संस्थाओं में से एक बने इसके लिए विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनायें।



प्रो. के.एन.सिंह
कुलपति

प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह
कुलपति

विश्वविद्यालय के अधिकारीगण



प्रो. ओमजी गुप्ता
निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा



डा. अरूण कुमार गुप्ता
कुल सचिव



प्रो. पी.पी. दुबे
निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा



प्रो. आर.पी.एस. यादव
निदेशक, मानविकी विद्याशाखा



श्री सुखराम मथूरिया
उप कुलसचिव



प्रो. आशुतोष गुप्ता
निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा



प्रो. पी.के. पाण्डेय
प्रभारी, शिक्षा विद्याशाखा



जी. के. द्विवेदी
अस्सिटेंट प्रोफेसर
प्रभारी परीक्षा नियंत्रक



प्रो. (डॉ.) गिरिजा शंकर शुक्ल
निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा



प्रो. सुधांशु त्रिपाठी
प्रभारी
समाज विज्ञान विद्याशाखा



श्री. ए.के. सिंह
वित्त अधिकारी

आमुख

शिक्षा सुयोग्य एवं सक्षम जनशक्ति पैदा करने का एक सशक्त माध्यम है जो किसी व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के विकास में सार्थक भूमिका निभाती है। इस समय भारत विश्व का सबसे युवा देश है जहां की जनसंख्या का लगभग 65 प्रतिशत से अधिक भाग 35 वर्ष से कम उम्र का है। इतनी विशाल युवा जनसंख्या के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित कर कुशल बनाने एवं योग्यता के अनुसार उन्हें रोजगार दिलाने या स्वरोजगार प्रारम्भ करने हेतु अभिप्रेरित करने की दिशा में देश ने सराहनीय कदम बढ़ाया है। हाल के वर्षो में किये गये प्रयासों के परिणाम काफी उत्साहजनक रहें हैं। उच्च शिक्षा की दृष्टि से भारत अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा राष्ट्र है। वर्ष 1950 में देश में विश्वविद्यालयों की संख्या मात्र 20 थी जो वर्ष 2018–19 में बढ़कर 993 हो गयी। उसी प्रकार महाविद्यालयों की संख्या भी तेजी से बढ़ती हुई वर्ष 1950 में मात्र 500 के मुकाबले 2018–19 में 39,931 हो गयी। उच्च शिक्षा की तरफ युवाओं के बढ़ते रुझान का अन्दाज इसी से लगाया जा सकता है कि 2017–18 में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (GER) 25.8 प्रतिशत था जो वर्ष 2018–19 में बढ़कर 26.3 प्रतिशत हो गया। फिर भी यह विश्व के औसत के लगभग आस–पास ही है जो विकासशील एवं विकसित देशों से काफी कम है। वर्ष 2030 तक इसे 50 प्रतिशत तक पहुँचाने के लक्ष्य को पूरा करने हेतु काफी प्रयास की आवश्यकता है।

उच्च शिक्षा में नामांकन में वृद्धि एवं गुणात्मक सुधार के लिए अविरल प्रयास होते रहें हैं। स्वातन्त्र्योत्तर काल में कई शैक्षिक नीतियां बनी एवं उनमें आवश्यकतानुसार समय–समय पर यथोचित संशोधन होते रहे। इसी क्रम में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा नीति का भी अविर्भाव हुआ। इस नीति के अन्तर्गत देश के सभी राज्यों में कम से कम एक मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान हुआ। वर्तमान में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय सहित देश के अलग–अलग राज्यों में अब तक कुल चौदह राज्य मुक्त विश्वविद्यालय एवं एक निजी मुक्त विश्वविद्यालय स्थापित हो चुके हैं। 100 से अधिक पारम्परिक विश्वविद्यालयों ने भी अपनी पारम्परिक व्यवस्था के साथ–साथ दूरस्थ मोड में भी शिक्षण कार्य प्रारम्भ कर दिया है। आज मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थान देश में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। लगभग पाँच दशक पूर्व सन् 1962 में दिल्ली विश्वविद्यालय में पत्राचार शिक्षा विभाग की स्थापना के साथ देश में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की औपचारिक शुरुआत हुई थी। वर्ष 2018–19 दूरस्थ शिक्षा का उच्च शिक्षा के कुल नामांकन में योगदान 10.62 प्रतिशत रहा है। यह प्रणाली लचीली एवं लागत प्रभावी होने के कारण उच्च शिक्षा के क्रमिक विकास में आवश्यक कदम के रुप में तेजी से अपनायी जा रही है।

'शिक्षा शिक्षार्थियों के द्वार तक' जैसी अवधारणा को आत्मसात् कर मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली निःसंदेह लाखों शिक्षार्थियों के लिए आशा की किरण बन गयी है। यह प्रणाली अपने शिक्षार्थी अनुकूल स्वभाव एवं लचीली व्यवस्था के माध्यम से उच्च शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। आज देश के ज्यादातर परम्परागत विश्वविद्यालयों के समक्ष संसाधनों का अभाव व योग्य शिक्षकों की कमी का विकराल संकट है। लगभग 40 प्रतिशत शैक्षणिक पद या तो खाली है या अयोग्य या तदर्थ शिक्षकों से भरे हैं। ऐसी स्थिति में आने वाले समय में मुक्त विश्वविद्यालय देश में उच्च शिक्षा के सकल नामांकन अनुपात के लक्ष्य को निर्धारित समय में पूरा करने में सराहनीय योगदान करेंगे। इस प्रकार समाज व राष्ट्र के समग्र विकास में मुक्त विश्वविद्यालय अपनी अहम भूमिका एवं उपादेयता को रेखांकित करने में समर्थ होगें। उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इस दिशा में दृढ़तापूर्वक अपना कदम आगे बढ़ा चुका है।

स्वनामधन्य महान स्वतंत्रता सेनानी एवं हिन्दी के प्रबल समर्थक राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन की स्मृतियों को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से उ.प्र. सरकार ने उनके गृह नगर प्रयागराज में उनके नाम पर उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना का संकल्प लिया जो प्रदेश शासन की अधिसूचना संख्या 2000/सत्रह वि0 1–2 (क) 24–1998 दिनांक 2 नवम्बर 1998 द्वारा नवम्बर 1999 में पूर्ण हुआ। आज यह उ.प्र. राज्य का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय है जो 'मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा' व्यवस्था द्वारा समाज के वंचित वर्गो, विशेषकर गृहणी महिलाओं, सेवारत व्यक्तियों एवं दूर–दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। इस विश्वविद्यालय द्वारा संचालित समस्त कार्यक्रम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (U.G.C.), भारतीय विश्वविद्यालय संघ (A.I.U.), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (A.I.C.T.E.), राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (N.C.T.E.), तथा भारतीय पुवर्वास परिषद् (R.C.I.), आदि निकायों से अनुमति एवं मान्यता प्राप्त हैं। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, सुनियोजित पाठ्यक्रम तथा विकास की गति को देखते हुये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (U.G.C.), अखिल भारतीय तकनीकी

शिक्षा परिषद् (A.I.C.T.E.) तथा तत्कालीन दूरस्थ शिक्षा परिषद् (D.E.C.) की संयुक्त समिति ने निरीक्षण कर इसके द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों को मान्यता प्रदान की। एशियन एसोसिएशन ऑफ ओपेन यूनिवर्सिटीज (A.A.O.U.) तथा असोसियेशन ऑफ कामनवेल्थ युनिवर्सिटीज (A.C.U.) की सदस्यता प्राप्त कर इस विश्वविद्यालय ने अपनी एक नयी पहचान बनायी है।

यहाँ निकटस्थ अध्ययन केन्द्रों पर शिक्षार्थियों को नामांकित कर परामर्श कक्षाओं एवं अन्य आधुनिक जनसंचार माध्यमों के प्रयोग से शिक्षार्थियों को शिक्षित किया जाता है। शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा हेतु निकटस्थ परीक्षा केन्द्र आवंटित किया जाता है तथा प्रवेशपत्र सहित अन्य प्रमाण प्रपत्र एवं परीक्षा परिणाम यथाशीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिये जाते हैं। इसके साथ ही शिक्षार्थियों के बौद्धिक, चारित्रिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए उनमें आदर्श मूल्यों की स्थापना कर रहा है। विश्वविद्यालय अपने सभी पाठ्यक्रमों का संचालन प्रदेश के कोने–कोने में फैले 1018 अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से प्रभावी ढंग से कर रहा है। ऑनलाइन प्रवेश एवं ऑनलाइन पाठ्यसामग्री उपलब्ध कराना इसकी विशेष उपलब्धियां रही हैं। भविष्य में ऑन लाइन परीक्षा आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संकल्प को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय कटिबद्ध है। इस दिशा में सतत् प्रयास के फलस्वरुप विश्वविद्यालय की लगभग सभी गतिविधियां ऑनलाइन हो चुकी हैं। आगे भी विश्वविद्यालय भविष्य के तकनीकी विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता रहे, ऐसा प्रयास जारी रहेगा।

परम्परागत विश्वविद्यालयों की तुलना में इस विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम एवं इनकी गुणवत्ता तथा अनुदेशन–निर्देशन श्रेष्ठ साबित हुये हैं। विश्वविद्यालय में स्थापनाकाल से लेकर अद्यावधि तक कुल तेरह दीक्षान्त समारोहों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के पाँच आधार– प्रवेश, पाठ्य सामग्री, परामर्श, परीक्षा एवं परिणाम हैं। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग कर इन्हें अधिकाधिक शिक्षार्थी अनुकूल एवं प्रभावी बनाने का अनवरत प्रयास किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा अपने सभी क्षेत्रीय केन्द्रों पर शिक्षार्थियों के लिए प्रवेश से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की जिज्ञासाओं के समाधान के लिये हर वर्ष परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही हर वर्ष कुम्भ मेला के समय प्रयाग क्षेत्र में कल्पवास करने के लिये आये हुए तीर्थयात्रियों में भी शिक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने एवं उनके नामांकन में वांछित सहयोग प्रदान करने का कार्य भी किया जाता है।

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय अधिनियम 1999 की धारा 30 (1) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार किये जाने का प्रावधान है। सत्र 2016–17 के लिये तैयार किये गये इस वार्षिक प्रतिवेदन के सात अध्यायों तथा दस परिशिष्टों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के द्वारा इस अवधि में किये गये प्रमुख क्रिया–कलापों, महत्वपूर्ण गतिविधियों, विभिन्न निकायों की स्थापना के उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में किये गये प्रयासों आदि को प्रस्तुत किया गया है। आशा है कि पाठकगण इस वार्षिक प्रतिवेदन के माध्यम से उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा किये गये शैक्षणिक प्रयासों से अवगत हो सकेंगे। इसके साथ ही यह भी विश्वास है कि यह प्रतिवेदन विश्वविद्यालयीय कर्मियों के लिये प्रेरक का कार्य करते हुये उन्हें भावी विकास के उच्च आयाम स्थापित करने की दिशा में सक्रिय रूप से अभिप्रेरित कर सकेगा। वार्षिक प्रतिवेदन में सम्मिलित की गयी विभिन्न प्रकार की सूचनाओं एवं तथ्यों को समय पर उपलब्ध कराने के लिये सम्पादक मण्डल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अनुभाग, वित्त अनुभाग, प्रवेश अनुभाग, परीक्षा अनुभाग, अध्ययन केन्द्र प्रभारी, विभिन्न विद्याशाखाओं के निदशकों एवं अन्य सभी का आभारी है। इसी क्रम में हम अपने माननीय कुलपति जी एवं विश्वविद्यालय के सम्मानित सहयोगियों का भी हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होनें समय–समय पर अपने बहुमूल्य सुझाव देकर हमारा मार्गदर्शन किया। यद्यपि वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी इस प्रस्तुति में हुई किन्हीं त्रुटियों के लिये हम क्षमाप्रार्थी हैं।

(प्रो. पी.पी. दुबे)
संयोजक, सम्पादक मण्डल
निदेशक
कृषि विज्ञान विद्याशाखा

अनुक्रमणिका
Index

प्राक्कथन आमुख

1. विश्वविद्यालय : एक सिंहावलोकन
   University: At a Glance

2. अधिसंरचना एवं मानव संसाधन क्षमताएं
   Infrastructure and Human Resource Capabilities

3. शैक्षणिक कार्यक्रम एवं अधिगम संसाधन
   Acadmic Programme and Learning Resources

4. शिक्षार्थी सहायता सेवाएं
   Learner Support Services

5. शोध परामर्श एवं प्रसार
   Research, Consultancy and Extension

6. प्रशासन संचालन
   Governance

7. नवाचारी व्यवहार
   Innovative Practices

परिशिष्ट (1–10)
Annexures

1. सिंहावलोकन

University at a Glance

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1999 में दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के माध्यम से उच्च शिक्षा प्रदान करने हेतु की गई। इस विश्वविद्यालय में समसामयिक एवं अत्याधुनिक तकनीकी पर आधारित एवं रोजगारपरक कार्यक्रमों के द्वारा प्रदेश भर में शिक्षार्थियों को शिक्षा प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से अब तक की अपनी 19 वर्षो की शैक्षणिक गतिविधियों द्वारा अनेक कीर्तिमान स्थपित कर अपने नाम को सार्थक किया है। विश्वविद्यालय की लोकप्रियता एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा को प्रदान करने के कारण प्रतिवर्श शिक्षार्थियों की संख्या निरंतर बढ़ती रही है। विश्वविद्यालय अपने सूत्र वाक्य ''हम पहुँचे वहाँ, पहुँचा ना कोई जहाँ'' को सार्थक करते हुए, अपने लोकप्रिय कार्यक्रमों एवं सुगम उपलब्धता के कारण प्रदेश में अपनी एक सशक्त पहचान स्थापित कर चुका है। साथ ही विश्वविद्यालय में प्रतिवर्ष दीक्षान्त समारोह का सफल आयोजन होता है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विश्वविद्यालय ई.आर.पी. विकसित कर पेपर रहित कार्य प्रणाली की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। विश्वविद्यालय में सत्र 2018–19 की प्रमुख गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् प्रस्तुत किया जा रहा है–

दिनांक 16 मई 2018 को राजभवन लखनऊ में अध्ययन केन्द्र संचालिका का विमोचन माननीय श्री राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीयुत रामनाईक जी एवं कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने किया।



अध्ययन केन्द्र संचालन निर्देशिका का विमोचन करते महामहिम श्रीयुत श्री राम नाईक जी एवं माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून 2018 को सरस्वती परिसर में विशेष महत्व योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग परामर्शदता डॉ. अमित कुमार सिंह ने योग की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए योगासन क्रिया को संतुलित जीवन शैली का आधार बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने बताया कि योग ही एक ऐसा मार्ग है जिससे तनावमुक्त, पीड़ा मुक्त, बीमारीमुक्त, स्वस्थ जीवन प्राप्त किया जा सकता है। वैज्ञानिकों और चिकित्सकों ने भी एक स्वर में इसे स्वीकार किया है। इस अवसर पर कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'योग विज्ञान एवं मानव स्वास्थ्य' पुस्तक का भी विमोचन किया। जिसके लेखक डॉ. जी.के. द्विवेदी, डॉ. श्रुति एवं प्रो. (डॉ.) जी. एस. शुक्ला जी रहे।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर 'योग विज्ञान एवं मानव स्वास्थ्य' पुस्तक का भी विमोचन करते माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुनीता सिंह

दिनांक 15 जुलाई 2018 को विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के वाराणसी क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/ समन्वयकों की कार्यशाला ''मुक्त शिक्षाः चुनौतियॉ एवं संभावनायें' विषय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी रहे एवं कार्यशाला की अध्यक्षता श्री अजीत सिंह, प्रबन्धन, स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर ने की।

दिनांक 18 जुलाई 2018 को मदन मोहन मालवीय पी0 जी0 कालेज कालार्कोस्कर प्रतापगढ़ में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के अध्ययन केन्द्र का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद प्रतापगढ़ राजकुमारी रत्ना सिंह के प्रतिनिधि डॉ0 घनश्याम यादव जी रहे। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 सूर्यभान सिंह ने की।

दिनांक 25 जुलाई 2018 को पं0 दीन दयाल उपाध्याय स्मृति शोध संस्थान, फरह, मथुरा में आगरा, नोएडा, मेरठ एवं बरेली क्षेत्रीय केन्द्रों के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयकों की कार्यशाला 'मुक्त शिक्षाः चुनौतियॉ एवं संभावनाये' विषय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि पं0 दीन दयाल स्मृति शोध संस्थान, फरह, मथुरा के निदेशक डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जी रहे एवं कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 30 जुलाई 2018 को पं0 दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के संवाद भवन के सभागार में गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्रों के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयकों की कार्यशाला 'मुक्त शिक्षाः चुनौतियॉ एवं संभावनाये' विषय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि विधि विभाग, पं0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के प्रो0 चन्द्रशेखर जी रहे एवं कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 01 अगस्त 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में राजर्षि टण्डन जयन्ती समारोह का आयोजन की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि माननीय सदस्य विधान परिषद् उत्तर प्रदेश डॉ0 यज्ञदत्त शर्मा जी रहे एवं समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 02 अगस्त, 2018 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में इलाहाबाद क्षेत्रीय केन्द्रों के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयकों की कार्यशाला 'मुक्त शिक्षाः चुनौतियॉ एवं संभावनाये' विषय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि इलाहाबाद मण्डल के पूर्व आयुक्त श्री वी0के0 सिंह जी रहे एवं कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 04 अगस्त 2018 को विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र लखनऊ में लखनऊ क्षेत्रीय केन्द अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों की कार्यशाला ''मुक्त शिक्षाः चुनौतियॉ एवं संभावनाएं'' विषय पर तथा अध्ययन केन्द्र लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का उद्घाटन समारो आयोति किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ प्रो0 आर0 के0 सिंह जी रहे एवं कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 06 अगस्त 2018 को बी0एन0एस0 गर्ल्स डिग्री कालेज बाईपास परिक्रमा जनौरा, फैजाबाद में कैम्पस में स्थित उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के फैजाबाद क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों की कार्यशाला ''मुक्त शिक्षाः चुनौतियॉ एवं संभावनायें'' विषय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 08 अगस्त 2018 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के इन्टरनेशनल गेस्ट हाउस में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों की कार्यशाला 'मुक्त शिक्षाः चुनौतियॉ एवं संभावनाये'' विषय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की माननीय कुलपति प्रो0 नीलिमा गुप्ता जी रहीं एवं कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।



दिनांक 09 अगस्त 2018 के बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द झाँसी के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों की कार्यशाला'' मुक्त शिक्षाः चुनौतियॉ एवं संभावनाये'' विषय पर आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, झाँसी डॉ. संध्या रानी जी रहीं एवं कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2018 को कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरित क्रांति ने देश के विकास के में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है साथ ही कहा कि शिक्षा के द्वारा ही राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यो के प्रति निष्ठा एवं ईमानदारी ही सभी समस्याओं का हल है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं परामर्शदाता आदि उपस्थित रहे।



देश के पूर्व प्रधामंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी के निधन पर उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में दिनांक 17 अगस्त 2018 को श्रद्वांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने अटल जी के चित्र पर पुष्पार्पण करके उन्हें श्रद्वासुमन अर्पित किये। प्रो. सिंह ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी के निधन से देश को अपूर्णीय क्षति हुई है। वे देश के महान चिंतक थे।

दीक्षान्त समारोह व्याख्यानमाला श्रृखला का प्रथम व्याख्यान दिनांक 29 अगस्त 2018 को 'भारतीय शैक्षिक परम्परा एवं महत्व' विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री ओमपाल सिंह जी रहे तथा अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 01 सितम्बर 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की विज्ञान विद्याशाखा द्वारा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सिम्पोजियम ''स्टेटिसटिकल टेक्निक्स, बिग डाटा एनालिसिसि एण्ड रिसर्च'' विषय पर आयोजित की गयी। एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सिम्पोजियम के मुख्य वक्ता बॉड बिजनेस स्कूल युनिवर्सिटी, आस्ट्रेलिया के प्रो0 कुलदीप कुमार जी एवं मुख्य अतिथि प्रो0 अनूप चतुर्वेदी, सांख्यकी विभाग इलाहाबाबाद विश्वववियालय रहे तथा अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की। सिम्पोजियम के आयोजन सचिव डॉ0 श्रुति तथा संयोजक डॉ0 आशुतोष गुप्ता रहे। इस सिम्पोजियम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

दीक्षान्त समारोह व्याख्यानमाला श्रृंखला का द्वितीय व्याख्यान दिनांक 06 सितम्बर 2018 को सर्वशिक्षा समावेशी शिक्षा' विषय पर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के सदस्य सचिव, प्रो0 रजनीश कुमार शुक्ल जी, मुख्य अतिथि मंझनपुर, कौशाम्बी के विधायक, श्री लाल बहादुर जी रहे तथा अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी द्वारा की गयी। व्याख्यान माला का संयोजन प्रो0 आर0 पी0 एस0 यादव निदेशक मानविकी विद्याशाखा ने किया।



दीप प्रज्जवलित करते हुए प्रो0 रजनीश कुमार शुक्ल जी, श्री लाल बहादुर जी माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी

दिनांक 06 - 07 सितम्बर 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में भारतीय संस्कृति में वैश्विक दृष्टि विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। समापन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति महात्मा गांधी विद्यापीठ, वाराणसी एवं विजिटिंग प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आई.आई.टी. बी.एच.यू. वाराणसी के डॉ0 पृथ्वीश नाग जी रहे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 सुधांशु त्रिपाठी एवं आयोजन सचिव संतोष कुमार रहे।

दीक्षान्त समारोह व्याख्यानमाला श्रृंखला का तृतीय व्याख्यान दिनांक 08 सितम्बर 2018 को 'विकास का स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष तथा अधिष्ठाता कला संकाय प्रो0 जगदीश सिंह जी रहे तथा अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 09 सितम्बर 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अध्ययन केन्द्र टी0डी0 कालेज जौनपुर द्वारा ''दूरस्थ शिक्षक–शिक्षा अभिन्यास'' एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी तथा विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के शिक्षा विद्याशाखा के प्रभारी निदेशक प्रो0 पी0के0 पाण्डेय जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री प्रकाश सिंह जी ने की।

दीक्षान्त समारोह व्याख्यानमाला श्रृंखला का चतुर्थ व्याख्यान आज दिनांक 11 सितम्बर 2018 को 'विकास की भारतीय अवधारणा' विषय पर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता विधान परिषद् बिहार के पूर्व सदस्य डॉ0 हरेन्द्र प्रताप पाण्डेय जी, मुख्य अतिथि शहर उत्तरी विधान सभा इलाहाबाद के माननीय विधायक इंजी0 हर्षवर्द्धन बाजपेयी रहे तथा अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का 13वॉ दीक्षान्त समारोह दिनांक 18 सितम्बर 2018 को सरस्वती परिसर स्थित पं0 मदन मोहन मालवीय दीक्षान्त समारोह स्थल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के माननीय कुलपति प्रो0 नागेश्वर राव जी रहे एवं अध्यक्षता माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री राम नाईक जी ने की। समारोह में सत्र दिसम्बर 2017 तथा जून 2018 की परीक्षा के सापेक्ष उर्त्तीण लगभग 21 हजार शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी, जिनमें छात्रों की संख्या 11173 तथा छात्राओं की संख्या 9655 रही तथा विभिन्न विद्याशाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 17 स्वर्ण पदक प्रदान किये। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल श्रीयुत राम नाईक जी ने विश्राम कक्ष का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 विनोद कुमार गुप्त तथा डॉ0 श्रुति ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर इंजी0 हर्षवर्धन बाजपेयी, विधायक, शहर उत्तरी,श्री विक्रमाजीत मौर्य विधायक, फाफामऊ, श्री लाल बहादुर विधायक, मंझनपुर श्री अजय सिंह, विधायक हर्रैया बस्ती,

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 एस0 पी0 सिंह, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 राजेन्द्र प्रसाद, न्यायमूर्ति सुधीर नारायण, महामहोपाध्याय प्रो0 राजेन्द्र एस0 पी0 सिंह, कुलपति सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी, प्रो0 के0बी0 पाण्डेय, पूर्व कुलपति नेहरु ग्राम भारती विश्वविद्यालय इलाहाबाद, प्रो0 हरिदत्त शर्मा, प्रो0 ए0एन0 द्विवेदी, प्रो0 बी0एन0 सिंह, डॉ0 सुनीता सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



दिनांक 22 सितम्बर 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सरस्वती विद्या मंदिर महिला पी0जी0 कालेज गोरखपुर स्थित अध्ययन केन्द्र का शुभारम्भ समारोह हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी रहे तथा अध्यक्षता आर्थोपेडिक सर्जन व कालेज के प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष डॉ0 महेन्द्र कुमार अग्रवाल जी ने की।

दिनांक 24 सितम्बर 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में पं0 दीन दयाल उपाध्याय जयन्ती की पूर्व संध्या पर पं0 दीन दयाल उपाध्याय शोध पीठ एवं मानविकी विद्याशाखा के संयुक्त तत्वाधान में ''पं0 दीन दयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृत्तिव'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय न्यायमूर्ति श्री सुधीर नारायण जी ने की।

दिनांक 29 सितम्बर 2018 को राम नगीना पी0जी0 कालेज, गुडियारी, गाजी समता पी0जी0 कालेज सादात एवं कृष्ण सुदामा महाविद्यालय मरदापुर के परिसर में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में पाठ्यक्रम–परिचय उपयोगिता एवं संभावनाए विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो0 आर0पी0एस0 यादव निदेशक मानविकी विद्याशाखा, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज रहे तथा विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली एवं कार्ययोजना के बारे में वाराणसी क्षेत्रीय केन्द्र के निदेशक डॉ0 सी0के0 सिंह ने बताया।

दिनांक 02 अक्टूबर 2018 को गॉधी जयन्ती के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर जहां कुलपति ने विश्वविद्यालय परिवार को सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संकल्प दिलाया वहीं विश्वविद्यालय में पहली बार सामाजिक समरता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इससे पूर्व परिसर में कुलपति प्रो0 सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 04 अक्टूबर 2018 को क्षेत्रीय केन्द्र झॉसी के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्र बुन्देलखण्ड महाविद्यालय झॉसी के परिसर में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में पाठ्यक्रम–परिचय उपयोगिता व संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो0 पी0 के0 पाण्डेय, प्रभारी निदेशक झॉसी क्षेत्रीय केन्द्र एवं शिक्षा विद्याशाखा उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्य डॉ0 बाबू लाल तिवारी ने की। विश्वविद्यालय की कार्य प्रणाली एवं कार्य योजना के बारे में झॉसी क्षेत्रीय केन्द्र की निर्देशिका डॉ0 रेखा त्रिपाठी ने बताया।

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा दिनांक 04 अक्टूबर 2018 को जवाहर लाल नेहरु राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कालेज, कानपुर में एक संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संवाद संगोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रो0 जी 0 एस0 शुक्ला जी निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहर लाल नेहरु राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कानपुर के प्राचार्य डॉ0 अरविन्द कुमार वर्मा जी ने की।

दिनांक 06 अक्टूबर 2018 को इलाहाबाद क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्र पंडित सुखराज रघुनाथी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड टेक्नालॉजी, रंजीतपुर चिलबिला प्रतापगढ़ के परिसर में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के तत्वाधान में पाठ्यक्रम परिचय उपयोगितता व संभावनाए विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रो0 सुधांशु त्रिपाठी, प्रभारी निदेशक, इलाहाबाद क्षेत्रीय केन्द्र एवं निदेशक समाज विज्ञान विद्याशाखा उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यलय, इलाहाबाद रहे।



मंचासीन मुख्य अतिथि, प्रो0 सुधांशु त्रिपाठी एवं अन्य सम्मानित सदस्यगण

दिनांक 08 अक्टूबर 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने आज अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन हेतु दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार के साथ कार्यक्रम आधारित परस्पर सहमति पत्र (ओ0 एम0यू0) पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबन्ध में स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा द्वारा संचालित योग एवं अन्य सम्बन्धित कार्यक्रम व्यापक रुप में उभय संस्थानों के संयुक्त प्रयास से चलाये जायेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार के अध्यक्ष श्री आशीष जी रहे तथा समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 31 अक्टूबर 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनायी गयी।

दिनांक 28 नवम्बर 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा ई– गर्वनेंस विषय पर एक दिवसीय वर्कशाप एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की तथा कार्यशाला निदेशक, प्रो0 आशुतोष गुप्ता, आयोजन सचिव डॉ0 श्रुति तथा संयोजक डॉ0 गिरीश कुमार द्विवेदी रहे। इस कार्यशाला में विश्ववविद्यालय के ईआरपी–यूएमएस साफ्टवेयर के अंतर्गत परीक्षा, प्रशासन, प्रवेश, पाठ्यसामग्री एवं लेखा से संबंधित कर्मचारियों ने प्रशीक्षण प्राप्त किया।

दिनांक 13 एवं 14 दिसम्बर 2018 को दो दिवसीय स्व अध्ययन सामग्री लेखन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि ए0पी0एस0 विश्वविद्यालय, रीवा के माननीय कुलपति प्रो0 के0एन0 एस0 यादव जी रहे एवं कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 25 दिसम्बर 2018 को भारत रत्न अटल बिहारी की 95वीं जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार डॉ0 नरेन्द्र कुमार सिंह गौर जी रहे तथा, समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अध्ययन केन्द्र ग्रामोदय आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बेडकर द्वारा दिनांक 07 जनवरी 2019 को ग्रामर्षि पंडित राम कुमार पांडेय की 11वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी रहे। कार्यक्रम में डॉ0 मानवेन्द्र सिंह महाविद्यालय के प्रबन्धक एवं माननीय सांसद श्री हरि ओम पाण्डेय उपस्थित रहे।

दिनांक 17 जनवरी 2019 को कुम्भ मेला क्षेत्र प्रयागराज में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार द्वारा कुम्भ राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन का पर्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवक संघ के सरकार्यवाह माननीय भैयाजी जोशी जी रहे तथा व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता मानव सेवा उत्थान समिति के अध्यक्ष पूज्य सतपाल जी महराज ने की। कार्यक्रम के संयोजक उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह रहे।

दिनांक 19 जनवरी 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की शिक्षा विद्याशाखा द्वारा ''दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–2016 क्रियान्वयन के मुद्दे एवं चुनौतियां'' विषय पर आयोजित की गयी। राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ0 कमलेश कुमार पाण्डेय, आयुक्त दिव्यांग जन तथा अध्यक्ष, भारतीय पुनर्वास, नई दिल्ली रहे तथा सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के गंगा परिसर में स्थित झण्डारोहण स्थल पर दिनांक 25 जनवरी 2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2019 को कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आजादी के बाद इस देश की सबसे बड़ी उपलब्धि लोकतंत्र है। लोकतंत्र के सामने आज जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद तथा सम्प्रदायवाद के खतरे मंडरा रहे हैं। इन सबसे दूर रहते हुए हमें स्वस्थ मूल्यों का विकास करने की आवश्यकता है। लोकतंत्र को और मजबूत करने की आवश्यकता है। स्वस्थ लोकतंत्र से ही राष्ट्र के स्वस्थ होने की कामना कर सकते है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं परामर्शदाता आदि उपस्थित रहे।



स्वतंत्रता दिवस पर उपस्थित विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं परामर्शदातागण

दिनांक 30 जनवरी 2019 को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, उत्तर प्रदेश शासन एवं मेला प्राधिकरण प्रयागराज के सौजन्य से कुम्भ मेला में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एवं धर्माचार्य सम्मान समारोह का आयोजन गंगा पाण्डाल, परेड क्षेत्र, कुम्भ मेला, प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विभिन्न सामाजिक –सांस्कृतिक संगठनों प्रयागराज के शैक्षिक संस्थाओ तथा अरुन्धती वशिष्ठ अनुसंधान आदि ने विशिष्ट सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगतगुरु स्वामी हंसदेवाचार्य जी ने की।

दिनांक 31 जनवरी 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज का कुम्भ मेला क्षेत्र में दूरस्थ शिक्षा जागरुकता शिविर का उद्घाट्न कार्यक्रम सेक्टर–6 बजरंग दास मार्ग पर आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के संस्थापक श्री आशीष गौतम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 12 फरवरी 2019 को 'ई लर्निंग और मूक्सः चुनौतियां एवं अवसर'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य वक्ता प्रो0 ए0 के0 बख्शी कुलपति पी0डी0 एम0 विश्वविद्यालय, बहादुरगढ़, हरियाणा एवं पूर्व कुलपति जी उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 विमल राय, संयुक्त निदेशक, गुरुअंगद देव टीचिंग लर्निंग सेन्टर, मानव संसाधन विकास मंत्राल, नई दिल्ली रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. पी0पी0 दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा रहे।

दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार, गंगा समग्र, ग्रामीण संविकास संस्थान, गोरखपुर एवं उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 26वें पृथ्वी पर्व भूगोल कुम्भ के अवसर पर आयोजित दो दिवसयी संगोष्ठी ''गंगा मैदान का प्रादेशिक संविकास' का आयोजन दिनांक 16–17 फरवरी 2019 को दिव्य प्रेम सेवा मिशन के पाण्डाल में किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सामना के पूर्व संपादक प्रेम शुक्ला जी, मुख्य वक्ता नीति आयोग भारत सरकार के सदस्य डॉ. उन्नत पंडित जी रहे। कार्यक्रम में गंगा समग्र के मार्गदर्शक श्री मिथलेश जी, दिल्ली विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. एस.सी. राय जी, जे. एन.यू. नई दिल्ली के प्रो. कौशल एवं दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री आशीष गौतम जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति माननीय सुधीर नारायण जी ने की। कार्यक्रम संयोजक उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी एवं कार्यक्रम सचिव प्रो0 एन0 के0 राना रहे।



एम0ओ0यू0 पत्र जारी करते दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष एवं संस्थापक श्री आशीष गौतम जी, माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी एवं प्रो. (डॉ.) जी0एस0 शुक्ला

दिनांक 20 फरवरी 2019 को विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र दया शंकर महाविद्यालय बसनेहटा, हंडिया में योग कक्ष का लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित भाजपा नेता डॉ0 कमलेश मिश्र जी रहे।

दिनांक 26 मार्च 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के पुरा छात्र परिषद् के तत्वाधान में गंगा परिसर में होलिकोत्सव के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के संयोजक डॉ. विनोद कुमार गुप्त थे।

दिनांक 27 अप्रैल 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अध्ययन केन्द्र रुचि इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट्स की ओर से एनसीजेडसीसी के प्रेक्षागृह में वार्षिक परिधानों की आकर्षक प्रस्तुति संस्थान के छात्र–छात्राओं की ओर से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी रहे। इस दौरान 130 छात्र–छात्राओं ने 300 आकर्षक कढ़ाई व डिजाइन से सुसज्जित भारतीय परिधानों को पहनकर कैटवॉक किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से वार्षिक सूचना पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

दिनांक 29 - 30 अप्रैल 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के विज्ञान विद्याशाखा के तत्वाधान में सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में 'जैविक विज्ञान एवं जैव सांख्यकी' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शकुन्तला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह जी रहे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ0 श्रुति तथा डॉ0 दिनेश कुमार गुप्तएवं कान्फ्रेंस निदेशक प्रो गिरिजा शंकर शुक्ल तथा संयोजक डॉ. आशुतोष गुप्ता रहे। कार्यक्रम में भारत सहित तीन देशो तथा आठ राज्यों से आये 112 प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये।

दिनांक 24–26 मई 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्याशाखा के तत्वाधान में त्रिदिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा (आर सी आई) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदगुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय चित्रकूट के कुलपति प्रो. योगेन्द्र चन्द्र दुबे ने की एवं मुख्य वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी की शिक्षाशास्त्र विभाग की प्रो0 सीमा सिंह रही तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कार्यवाहक कुलपति प्रो0 ओम जी गुप्ता ने की तथा कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय ने प्रकाश डाला।

दिनांक 01 - 02 जून 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्याशाखा के तत्वाधान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्दे एवं चुनौतियां एवं उत्पादकता' विषय पर सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में आयोजित की गयी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव जी रहे एवं मुख्य वक्ता श्री शिव कुमार, अखिल भारतीय मंत्री, विद्या भारती, नई दिल्ली रहे। सारस्वत अतिथि प्रो. कौशल किशोर शर्मा, आचार्य जवाहर लाल नहेरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ0 दिनेश सिंह तथा संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार पाण्डेय रहे।

दिनांक 05 जून 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र एवं आवासीय परिसर में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह एवं उनकी पत्नी डॉ0 सुनीता सिंह ने विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण किया। इसी अनुक्रम में दिनांक 29 जुलाई 2019 को विश्वविद्यालय के आगरा क्षेत्रीय केन्द्र पर भी सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 21 जून 2019 को प्रातः 6 से 7:30 बजे तक गंगा परिसर में विशेष महत्व योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग परामर्शदता डॉ. अमित कुमार सिंह ने योग की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए योगासन क्रिया को संतुलित जीवन शैली का आधार बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की। साथ ही शिविर में उपस्थित सभी को योग क्रिया एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु मा0 कुलपति महोदय ने संकल्प दिलाया।

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के मानविकी विद्याशाखा एवं याज्ञवल्क्य ग्रन्थालय के संयुक्त तत्वाधान में 29 जून 2019 को सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में 'एकेडमिक लाइब्रेरीजः स्ट्रेटज़ीस फॉर सस्टेनबुल डेवलमेंट इन आईसीटी ग्रुप'' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार एवं पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 टी.एन. दुबे की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रींवा के कुलपति प्रसिद्ध सांख्यकीविद् प्रो. केदार नाथ सिंह यादव जी तथा विशिष्ट अतिथि राजभवन लखनऊ के विशेष कार्याधिकारी (ओ. एस.डी.) श्री राजवीर सिंह राठौर जी एवं मुख्य वक्ता आगरा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. यू.सी. शर्मा रहे। राष्ट्रीय सेमिनार की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

दिनांक 11 जुलाई 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द गोरखपुर के अन्तर्गत आने वाले देवरिया एवं कुशीनगर जनपद में स्थित अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों की एक दिवसीय कार्यशाला ''मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षाः अवसर एवं चुनौतियॉं'' विषय पर अध्ययन केन्द्र दीनानाथ पाण्डेय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरिया आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी रहे।



कार्यशाला में अपने विचार प्रस्तुत करते माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह एवं उपस्थित सम्मानित सदस्यगण

दिनांक 12 जुलाई 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द गोरखपुर के अन्तर्गत आने वाले गोरखपुर, महाराजगंज, सन्त कबीरनगर एवं सिद्धार्थनगर जनपद में स्थित अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों की एक दिवसीय कार्यशाला ''मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षाः अवसर एवं चुनौतियॉं'' विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के संवाद भवन के सभागार में आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी रहे।

805	शिशु पालन एवं पोशण में जागरूकता कार्यक्रम *Awareness Programme in Child Care and Nutrition [APCCN]*	*3 Months*	*1 Year*	*H/E*	*1000+200/-*	1200/-	*High School or Equivalent*
806	पोशण एवं आहार में जागरूकता कार्यक्रम *Awareness Programme in Child Nutrition and Food [APNF]*	*3 Months*	*1 Year*	*H/E*	*800+200/-*	1000/-	*High School or Equivalent*
1110	नये भारत में सुशासन जागरूकता में कार्यक्रम (ए.पी.जी.जी.एन.आई.) Awareness Programme in Good Governance in New India (APGGNI)	*3 Months*	*1 Year*	*H*	*800+200/-*	1000/-	*10+2*
1111	कुम्भ–दर्शन में जागरूकता कार्यक्रम (ए.पी.के.डी.) *Awareness Programme in Kumbh Darshan (APKD)*	*3 Months*	*1 Year*	*H*	*800+200/-*	1000/-	*10+2*
1112	एकात्म मानववाद जागरूकता कार्यक्रम (ए.पी.ए.एम.) *Awareness Programme on Anatyoday (APAY)*	*3 Months*	*1 Year*	*H/E*	*700+200/-*	900/-	*10+2*
1113	*Awareness Programme on Ekatam Manavwad (APAM)*	*3 Months*	*1 Year*	*H/E*	*700+200/-*	900/-	*10+2*

H- Hindi E- English * P.A.- Per annum

*** **Admission Eligibility PG Diploma in Agricultural Extension:** Graduate in Agriculture, Horticulture, Forestry, Fisheries, Animal Sciences, Veterinary Sciences Agricultural Engineering, Agri-Business Management, Agricultural Biotechnology, Food Science and Technology, Home Science, Information Communication Technolgy in Agriculture and Other Allied & Applied Agricultural Sciences listed in purview of Agricultural Universities and Open Universities in India.

xxx Admission eligibility for PG Diploma in Computer Application (PGDCA) and MCA Programmes:- Any Bachelors degree of minimum 3 (Three) years duration from a recognÁed university and Mathematics as one of the subject at 10+2 level or graduation or possesses 06 months computer course certificate or possesses DOEACC 'CCC' certificate.

(iii) कार्यक्रमों के विभिन्न प्रारूप (Different Formats of Programmes)-

शिक्षार्थियों को उनकी क्षमता एवं अभिरूचि के अनुरूप अध्ययन हेतु उपाधि कार्यक्रम, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, सामान्य डिप्लोमा, प्रमाण–पत्र तथा जागरूकता कार्यक्रमों के अन्तर्गत पाठ्यक्रम चयन के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। सत्र 2018–19 से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशानुसार स्नातक (कला, वाणिज्य, विज्ञान), पर्यटन में बी.ए., कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक (BCA), व्यवसाय प्रशासन में स्नातक (BBA), पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (BLIS), स्नातकोत्तर कार्यक्रम (कला, विज्ञान, वाणिज्य), पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर (MLIS), पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ), कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर (MCA) तथा व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (MBA)– कार्यक्रमों में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) को लागू किया गया है। CBCS के अन्तर्गत स्नातक कार्यक्रमों में विशय केन्द्रित अनिवार्य पाठ्यक्रम तथा विशय केन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के साथ साथ नॉन क्रेडिट अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम, वैकल्पिक आधार पाठ्यक्रम तथा कौशल विकास कार्यक्रमों को भी समाहित किया गया है।

स्नातकोत्तर स्तर पर विशय केन्द्रित अनिवार्य पाठ्यक्रम तथा विशय केन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के साथ ही अन्य विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के चयन की भी व्यवस्था की गयी है। स्नातकोत्तर स्तर द्वितीय वर्श में नॉन क्रेडिट अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम को लागू किया गया है। स्नातक तथा स्नातकोत्तर दोनों ही स्तरों पर नॉन क्रेडिट अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया हैं।

बी.एड तथा बी.एड.(विशिश्ट शिक्षा) कार्यक्रमों में विगत सत्रों से ही एन.सी.टी.ई. तथा आर.सी.आई. के मानकों के अनुसार क्रेडिट पद्वति लागू है।

(iv) कार्यक्रमों में क्रेडिट पद्धति (Credit System of Programmes)-

दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत किसी भी शैक्षिक कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए निर्धारित क्रेडिट को पूर्ण करना अनिवार्य होता है। क्रेडिट का अर्थ अध्ययन में लगने वाले समय से होता है। एक क्रेडिट के लिए अध्ययन का निर्धारित समय 30 घण्टे होता है, जिसमें परामर्श कक्षाएँ, स्वाध्याय तथा प्रयोगात्मक कार्य करने होते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों के हित में सत्र 2016–17 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के क्रेडिट को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देश अनुसार सी.बी.सी.एस. प्रणाली के अनुरूप कर दिया गया है। स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों, डिप्लोमा कार्यक्रमों, तथा प्रमाण–पत्र कार्यक्रमों में डेब के अनुसार क्रेडिट का निर्धारण किया गया है।

(v) स्नातक कार्यक्रम (Graduate Programmes)-

विश्वविद्यालय द्वारा कला, वाणिज्य, विज्ञान, पर्यटन, कम्प्यूटर अनुप्रयोग, व्यवसाय प्रशासन, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान आदि विशयों में स्नातक स्तर के कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। कला वर्ग में शिक्षार्थियों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, समाज शास्त्र, संस्कृत, दर्शनशास्त्र, उर्दू, शिक्षाशास्त्र, गणित, सांख्यिकी, फैशन डिजाइनिंग, टेक्सटाइल डिजाइनिंग जैसे महत्त्वपूर्ण विशयशिक्षार्थियों के चयन हेतु विकल्प के रूप में उपलब्ध हैं।

(क) स्नातक कला कार्यक्रम (बी0ए0)

स्नातक उपाधि स्तर के कार्यक्रमों क्रमशः स्नातक कला कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए न्यूनतम अवधि तीन वर्शहै। स्नातक कार्यक्रम में प्रत्येक शिक्षार्थी को कुल 124 क्रेडिट के पाठ्यक्रम का अध्ययन करना अनिवार्य है। इसके अन्तर्गत शिक्षार्थी को अपने चयनित तीनों विशयों के 8–8 क्रेडिट के 3 अनिवार्य प्रश्न–पत्रों (अर्थात कुल 24 क्रेडिट) का प्रत्येक वर्शमें अध्ययन करना अनिवार्य है। जिन विशयों में 8 क्रेडिट से कम के प्रश्न–पत्र भी हैं, उन विशयों के शिक्षार्थी को तीन से अधिक प्रश्नपत्रों का अध्ययन कुल 24 क्रेडिट को पूरा करने के लिए करना होगा। इसके साथ ही तीनों विशयों का एक–एक विशय केन्द्रित वैकल्पिक प्रश्नपत्र (08 क्रेडिट) प्रथम वर्श में, द्वितीय वर्शमें तथा तृतीय वर्श में लेना होगा। विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम विशय का वैकल्पिक प्रश्न–पत्र प्रथम वर्शमें, द्वितीय विशयका वैकल्पिक प्रश्न–पत्र द्वितीय वर्शमें तथा तृतीय विशय का वैकल्पिक प्रश्न–पत्र तृतीय वर्शमें पढ़ना होगा। आधार पाठ्यक्रम (Foundation Course) के अन्तर्गत तीनों

वर्शों में अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम के एक–एक प्रश्नपत्रों (नॉन क्रेडिट) को प्रथम वर्श में UGFODL, द्वितीय वर्शमें CHEQ/EA तथा तृतीय वर्शमें UGFIT का अध्ययन करना अनिवार्य है। आधार पाठ्यक्रम के एक वैकल्पिक प्रश्नपत्र को प्रथम वर्शमें स्नातक कला के शिक्षार्थियों को UGFST (04 क्रेडिट) तथा द्वितीय वर्शमें UGFEG अथवा UGFHD (04 क्रेडिट) में से एक तथा सभी शिक्षार्थियों को तृतीय वर्श DM अथवा AOCHE अथवा AOCNC अथवा SWM (04 क्रेडिट) में से किसी एक प्रश्न–पत्र को पूर्ण करना अनिवार्य है।

कौशल विकास से सम्बन्धित वैकल्पिक पाठ्यक्रमों में से अपने स्नातक कार्यक्रम की अवधि के द्वितीय एवं तृतीय वर्श में 8–8 क्रेडिट के दो प्रश्न–पत्र अपने सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में से चयन कर अध्ययन करना अनिवार्य है।

इस प्रकार शिक्षार्थी को प्रथम वर्श में 36 क्रेडिट, द्वितीय वर्श में 44 क्रेडिट तथा तृतीय वर्श में 44 क्रेडिट को पूर्ण करने के लिए प्रश्न–पत्रों का चयन करते हुए कुल 124 क्रेडिट को पूर्ण करना अनिवार्य है। तीनों वर्शों में 124 क्रेडिट को पूर्ण न करने की दशा में उनका कार्यक्रम पूर्ण नहीं माना जायेगा। शिक्षार्थी को अपने कार्यक्रम अवधि के दौरान ही नॉन–क्रेडिट प्रश्नपत्रों को भी उत्तीर्ण करना भी अनिवार्य है। नॉन–क्रेडिट प्रश्नपत्रों को पूर्ण न करने की दशा में शिक्षार्थी का पाठ्यक्रम पूरा नहीं माना जायेगा तथा उसे उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

(ख) स्नातक वाणिज्य कार्यक्रम (बी.कॉम)

स्नातक वाणिज्य वर्ग के शिक्षार्थी को 8–8 क्रेडिट के तीन अनिवार्य प्रश्नपत्र प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्श में पढ़ना अनिवार्य है। विशय केन्द्रित वैकल्पिक पाठ्क्रम के अन्तर्गत शिक्षार्थी को 8–8 क्रेडिट के एक–एक प्रश्नपत्र का चयनकर तीनों वर्शों में अध्ययन करना होगा। इस प्रकार विशय केन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम, (8 क्रेडिट) द्वितीय (8 क्रेडिट) एवं तृतीय वर्शमें (8 क्रेडिट) को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक वर्श एक–एक नॉन क्रेडिट प्रश्नपत्र को उत्तीर्ण करना होगा तथा उसी प्रकार वैकल्पिक आधार पाठ्यक्रम के प्रथम वर्शमें UGFODL (4 क्रेडिट), द्वितीय वर्श CHEQ/EA (4 क्रेडिट) तथा तृतीय वर्श में UGFIT (4 क्रेडिट) का अध्ययन करना होगा।
वैकल्पिक कौशल विकास कार्यक्रमों के अन्तर्गत 08–08 क्रेडिट के प्रश्नपत्रों का चयन कर एक प्रश्न–पत्र द्वितीय एवं एक प्रश्न–पत्र तृतीय वर्शमें अध्ययन करना अनिवार्य है।

इस प्रकार शिक्षार्थी को प्रथम वर्श में 36 क्रेडिट, द्वितीय वर्श में 44 क्रेडिट तथा तृतीय वर्श में भी 44 क्रेडिट को पूर्ण करना अनिवार्य है। सम्पूर्ण कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए 124 क्रेडिट को पूर्ण करना अनिवार्य है। 124 क्रेडिट को पूर्ण न करने की दशा में उनका कार्यक्रम पूर्ण नहीं माना जाएगा। शिक्षार्थी को अपने कार्यक्रम अवधि के दौरान ही नॉन–क्रेडिट प्रश्न–पत्रों को भी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नॉन–क्रेडिट प्रश्न–पत्रों को पूर्ण न करने की दशा में शिक्षार्थी का पाठ्यक्रम पूरा नहीं माना जायेगा तथा उसे उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

(ग) स्नातक विज्ञान कार्यक्रम (बी0एस–सी0)

स्नातक उपाधि स्तर के स्नातक विज्ञान कार्यक्रम को पूरा करने के लिए न्यूनतम अवधि तीन वर्श है। स्नातक विज्ञान कार्यक्रम में प्रत्येक शिक्षार्थी को कुल 124 क्रेडिट के पाठ्यक्रम का अध्ययन तीन वर्शमें करना अनिवार्य है। इसके अन्तर्गत शिक्षार्थी को अपने चयनित तीनों विशयों से अलग–अलग 24 क्रेडिट का अध्ययन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्शमें करना अनिवार्य है। शिक्षार्थी को 8 क्रेडिट के प्रश्नपत्र को पूर्ण करने के लिए एक से अधिक प्रश्नपत्रों का चयन करना होगा। विशयकेन्द्रित अनिवार्य प्रश्नपत्रों के 08–08 क्रेडिट को पूर्ण करने के लिए प्रथम वर्शमें तीनों विशयों के समूह – एक में अंकित सभी प्रश्नपत्रों का अध्ययन करना होगा। द्वितीय वर्शमें तीनों विशयों के विशयकेन्द्रित अनिवार्य प्रश्नपत्रों के 08–08 क्रेडिट को पूर्ण करने के लिए समूह – दो में अंकित सभी प्रश्नपत्रों का तथा उसी प्रकार तृतीय वर्शमें समूह –तीन में अंकित सभी प्रश्नपत्रों का अध्ययन करना होगा। इसके साथ ही तीनों विशयों के एक–एक विशय केन्द्रित वैकल्पिक प्रश्नपत्र (08 क्रेडिट) को प्रथम वर्श में, द्वितीय वर्श में तथा तृतीय वर्शमें समूह–चार से लेना होगा। विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम का चयन तीनों विशयों के लिए समूह – चार में अंकित प्रश्न पत्रों से करना है। विशय केन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम विशयका वैकल्पिक प्रश्न–पत्र प्रथम वर्श में समूह–चार से, द्वितीय विशय का वैकल्पिक प्रश्न पत्र द्वितीय वर्श में समूह–चार से, तथा तृतीय विशय का वैकल्पिक प्रश्नपत्र समूह–चार से तृतीय वर्श में पढ़ना होगा। समूह–चार के अन्तर्गत 08 क्रेडिट को पूर्ण करने के लिए किन्हीं दो प्रश्नपत्रों का चयन करना होगा। आधार पाठ्यक्रम (Foundation Courses) के अन्तर्गत तीनों वर्शों में अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम के एक–एक प्रश्न पत्रों (नॉन क्रेडिट) को प्रथम वर्शमें UGFODL , द्वितीय वर्शमें CHEQ/EA तथा तृतीय वर्शमें UGFIT का अध्ययन करना अनिवार्य है। वैकल्पिक आधार पाठ्यक्रम के अन्तर्गत एक–एक वैकल्पिक प्रश्नपत्र को

प्रथम वर्शमें UGFHS (04 क्रेडिट), द्वितीय वर्श में UGFEG अथवा UGFHD (04 क्रेडिट) तथा तृतीय वर्श में DM अथवा AOCHE अथवा AOCNC अथवा SWM (04 क्रेडिट) में से किसी एक प्रश्न–पत्र को पूर्ण करना होगा।

कौशल विकास से सम्बन्धित वैकल्पिक पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने के लिए द्वितीय एवं तृतीय वर्शमें 8–8 क्रेडिट के दो प्रश्न–पत्रों का चयन अपने अध्ययन हेतु शिक्षार्थी को करना आवश्यक है।

इस प्रकार शिक्षार्थी को प्रथम वर्श में 36 क्रेडिट, द्वितीय वर्श में 44 क्रेडिट तथा तृतीय वर्श में 44 क्रेडिट के प्रश्न–पत्रों का चयन करते हुए अपने क्रेडिट को पूर्ण करना अनिवार्य है। इस प्रकार स्नातक विज्ञान कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए कुल 124 क्रेडिट के प्रश्नपत्रों को पूर्ण करना अनिवार्य है। तीनों वर्शों में 124 क्रेडिट को पूर्ण न करने की दशा में उनका कार्यक्रम पूर्ण नहीं माना जायेगा। शिक्षार्थी को अपने कार्यक्रम अवधि में ही नॉन–क्रेडिट प्रश्नपत्रों को भी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नॉन–क्रेडिट प्रश्नपत्रों को पूर्ण न करने की दशा में शिक्षार्थी का पाठ्यक्रम पूरा नहीं माना जायेगा तथा उसे स्नातक विज्ञान (BSc.) उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

स्नातक विज्ञान कार्यक्रम की संयुक्तियाँ

शिक्षार्थी जो स्नातक विज्ञान का अध्ययन करना चाहते हैं, उन्हें निम्न संयुक्तियों में से किसी एक को चयन करने की सुविधा होगीः–

(i) Physics, Chemistry, Mathematics.
(ii) Physics, Mathematics, Computer Science.
(iii) Botany, Zoology, Chemistry.
(iv) Physics, Mathematics, Statistics.
(v) Botany, Zoology, Biochemistry.
(vi) Physics, Chemistry, Statistics.
(vii) Physics, Statistics, Computer Science.
(viii) Mathematics, Statistics, Computer Science.

प्रत्येक विशयमें निर्धारित प्रयोगात्मक कार्य अनिवार्य रूप से करना होगा (गणित के अतिरिक्त)। निर्धारित प्रयोगात्मक कार्य किए बिना परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सामान्यतः प्रत्येक पाठ्यक्रम में कम से कम 25% प्रयोगात्मक कार्य अनिवार्य रूप से करना होगा।

(घ) कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक (बी.सी.ए.)

कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक (BCA) कार्यक्रम के शिक्षार्थियों को अपने प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम तथा 'ाश्ठ सेमेस्टरों में विशयकेन्द्रित अनिवार्य प्रश्नपत्रों के अन्तर्गत 04–04 क्रेडिट के चार–चार प्रश्नपत्रों का अध्ययन करना होगा। विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत 04–04 क्रेडिट के एक–एक प्रश्नपत्र का चयन प्रत्येक छहों सेमेस्टरों में करना होगा। अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम (नॉन–क्रेडिट) के अन्तर्गत प्रथम सेमेस्टर में UGFODL, तृतीय सेमेस्टर में CHEQ/EA तथा पंचम सेमेस्टर में DM का अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार दूसरे, चौथे तथा छठे सेमेस्टर में वैकल्पिक आधार पाठ्यक्रमों UGFST (04 क्रेडिट) अथवा AOCHE (04 क्रेडिट) अथवा AOCOM (04 क्रेडिट) अथवा AOCNC (04 क्रेडिट) अलग–अलग किसी एक प्रश्नपत्र का चयन द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययन के लिए करना होगा। विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम/(Elective Foundation Course) के अन्तर्गत द्वितीय, चतुर्थ तथा 'ाश्ठ सेमेस्टर में भिन्न–भिन्न प्रश्न–पत्रों का चयन करना अनिवार्य है। किसी भी प्रश्न–पत्र की पुनरावृत्ति नहीं की जानी है। कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए प्रथम सेमेस्टर में 20 क्रेडिट, द्वितीय सेमेस्टर में 24 क्रेडिट, तृतीय सेमेस्टर में 20 क्रेडिट, चतुर्थ सेमेस्टर में 24 क्रेडिट, पंचम सेमेस्टर में 20 क्रेडिट तथा शश्ठ सेमेस्टर में 24 क्रेडिट के पाठ्यक्रम को पूर्ण करना अनिवार्य है। कार्यक्रम की अवधि में ही नॉन क्रेडिट कार्यक्रम को भी पूर्ण करना होगा। इस प्रकार शिक्षार्थी को कुल 132 क्रेडिट के प्रश्न–पत्र को अपने अध्ययन अवधि को पूर्ण करना अनिवार्य है। शिक्षार्थी को अपने कार्यक्रम अवधि के दौरान ही नॉन–क्रेडिट प्रश्न–पत्रों को भी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नॉन–क्रेडिट प्रश्न–पत्रों को पूर्ण न करने की दशा में शिक्षार्थी का पाठ्यक्रम पूरा नहीं माना जायेगा तथा उसे उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

(ड़) व्यवसाय प्रशासन में स्नातक (बी.बी.ए.)

व्यवसाय प्रशासन में स्नातक (BBA) कार्यक्रम के शिक्षार्थियों को अपने कार्यक्रम के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में 12–12 क्रेडिट के विशयकेन्द्रित अनिवार्य पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के लिए सभी चार सेमेस्टरों में 04–04 क्रेडिट के तीन–तीन प्रश्न–पत्रों का अध्ययन करना होगा। जबकि विशयकेन्द्रित अनिवार्य पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने के लिए पंचम सेमेस्टर में 4+4+4+4=16 क्रेडिट के प्रश्न पत्र एवं छठे सेमेस्टर में 4+4+8=16 क्रेडिट के प्रश्नपत्रों का भी अध्ययन करना अनिवार्य है। विषयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 04–04 क्रेडिट के एक–एक प्रश्न–पत्र का चयन कर तीनों वर्षों के प्रत्येक सेमेस्टर में अध्ययन करना होगा। अनिवार्य आधार पाठ्यक्रमों (नॉन क्रेडिट) के अन्तर्गत एक–एक प्रश्न–पत्र का प्रथम सेमेस्टर में, तृतीय सेमेस्टर में तथा पंचम सेमेस्टर में अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सेमेस्टर में वैकल्पिक आधार पाठ्यक्रमों के अलग–अलग एक–एक प्रश्नपत्रों (AOCHE अथवा AOCNC अथवा UGFIT अथवा AOCNC में से किसी एक) का अध्ययन करना होगा। कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर में 16–16 क्रेडिट, द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में 20–20 क्रेडिट तथा पंचम एवं षष्ठ सेमेस्टर में 24–24 क्रेडिट कुल 120 क्रेडिट को पूर्ण करना अनिवार्य है। शिक्षार्थी को अपने कार्यक्रम अवधि के दौरान ही नॉन–क्रेडिट प्रश्न–पत्रों को भी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नॉन–क्रेडिट प्रश्न–पत्रों को पूर्ण न करने की दशा में शिक्षार्थी का पाठ्यक्रम पूरा नहीं माना जायेगा तथा उसे उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

(च) पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (बी.एल.आई.एस.)

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (BLIS) कार्यक्रम के शिक्षार्थी को प्रथम तथा द्वितीय दोनों सेमेस्टरों में 04–04 क्रेडिट के तीन–तीन अनिवार्य प्रश्न–पत्रों का अध्ययन करना है। विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत प्रथम सेमेस्टर में 08 क्रेडिट के एक प्रश्न–पत्र का चयन करना होगा तथा द्वितीय सेमेस्टर में 04 क्रेडिट के एक वैकल्पिक प्रश्नपत्र का चयन कर अध्ययन करना होगा। नॉन क्रेडिट अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम के अन्तर्गत दोनों सेमेस्टरों में एक–एक प्रश्नपत्र का चयन कर अध्ययन करना होगा। उसी प्रकार कौशल विकास कार्यक्रमों में से प्रथम सेमेस्टर में 04 क्रेडिट के एक प्रश्न पत्र का तथा द्वितीय वर्शमें 08 क्रेडिट के एक प्रश्न पत्र का अध्ययन करना होगा। इस प्रकार प्रथम सेमेस्टर में 24 क्रेडिट तथा द्वितीय सेमेस्टर में 24 क्रेडिट अर्थात् कुल 48 क्रेडिट को पूर्ण करने पर ही कार्यक्रम पूर्ण माना जाएगा। कार्यक्रम की अवधि में ही नॉन क्रेडिट आधार पाठ्यक्रम को भी पूर्ण करना अनिवार्य है। नॉन क्रेडिट कार्यक्रम को पूर्ण न करने की दशा में कार्यक्रम को पूर्ण नहीं माना जाएगा एवं शिक्षार्थी को उपाधि प्रदान नही की जाएगी।

(vi) स्नातकोत्तर कार्यक्रम (PostGraduate Programmes)

(क) स्नातकोत्तर कला कार्यक्रम (एम0ए0)

विश्वविद्यालय के अन्तर्गत निम्नलिखित विशयों में स्नातकोत्तर कला की उपाधि प्रदान की जाती हैः–

1. हिन्दी (Hindi)
2. अंग्रेजी (English)
3. इतिहास (History)
4. समाजशास्त्र (Sociology)
5. राजनीतिशास्त्र (Political Science)
6. अर्थशास्त्र (Economics)
7. शिक्षाशास्त्र (Education)
8. सांख्यिकी (Statistics)
9. दर्शनशास्त्र (Philosophy)
10. संस्कृत (Sanskrit)
11. समाज कार्य (Social Work)

स्नातकोत्तर कला कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम चयन की विधि एवं रूपरेखाः–

त्रिवर्शीय स्नातक उपाधि प्राप्त अभ्यर्थी स्नातकोत्तर कला कार्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। स्नातकोत्तर कार्यक्रम की संरचना को दो वर्शों में विभाजित किया गया है। इसकी परीक्षा वार्शिक आधार पर आयोजित कराई जाती है तथा तदनुसार परीक्षा परिणाम घोशित किए जाते हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में सत्रीय एवं सत्रांत परीक्षा होती है।

स्नातकोत्तर कला कार्यक्रम (M.A.) के शिक्षार्थी को अपने चयनित विशय के तीन–तीन अनिवार्य प्रश्न–पत्रों का प्रथम एवं द्वितीय वर्शों में अध्ययन करना होता है। इसके अतिरिक्त विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के रूप में 8–8 क्रेडिट के एक–एक प्रश्नपत्रों को दोनों वर्शों में पढ़ना होगा। इसके साथ ही शिक्षार्थी को विस्तृत ज्ञानार्जन हेतु प्रथम तथा द्वितीय दोनों वर्शमें अपने चयनित विशय के अतिरिक्त किसी अन्य विशयसे सम्बन्धित एक–एक प्रश्न–पत्र का अध्ययन करना होता है। इस प्रकार से कुल मिला कर शिक्षार्थी को प्रथम तथा द्वितीय दोनों वर्शों में से प्रत्येक वर्शअपने चयनित विशय के तीन–तीन अनिवार्य प्रश्न पत्रों, एक–एक वैकल्पिक प्रश्नपत्रों का तथा किसी अन्य विशय से सम्बन्धित एक–एक प्रश्न पत्रों का अध्ययन

करना अपेक्षित है। इसके अलावा आधार पाठ्यक्रम के अन्तर्गत स्नातकोत्तर द्वितीय वर्शमें नॉन क्रेडिट गाँधी विचार एवं शान्ति अध्ययन (PGFGS) अथवा मानवाधिकार एवं कर्त्तव्य (PGFHR) में से किसी एक प्रश्न पत्र को उत्तीर्ण करना भी अनिवार्य है। इस प्रकार से स्नातकोत्तर कार्यक्रम में शिक्षार्थी द्वारा प्रथम वर्शमें 40 क्रेडिट के कार्यक्रम तथा द्वितीय वर्श में भी 40 क्रेडिट के कार्यक्रम के साथ–साथ नान–क्रेडिट आधार पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करना होता है। सम्पूर्ण कार्यक्रम को उत्तीर्ण करने के लिए शिक्षार्थी को कुल 80 क्रेडिट का पाठ्यक्रम पूर्ण करना अनिवार्य है। 80 क्रेडिट पूर्ण न करने एवं इंगित नॉन क्रेडिट पाठ्यक्रम को पूर्ण न करने पर कार्यक्रम पूर्ण नहीं माना जाता है।

शिक्षार्थी को कार्यक्रम की अवधि के दौरान ही नॉन–क्रेडिट आधार पाठ्यक्रम को भी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नॉन–क्रेडिट आधार पाठ्यक्रम को पूर्ण न करने की दशा में शिक्षार्थी का पाठ्यक्रम पूरा नहीं माना जायेगा तथा उसे उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

(ख) स्नातकोत्तर वाणिज्य कार्यक्रम (एम.काम.)

स्नातकोत्तर वाणिज्य कार्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी संकाय में तीन वर्षीय स्नातक उपाधि है। स्नातकोत्तर वाणिज्य कार्यक्रम दो वर्ष का है और शिक्षार्थी को प्रति वर्ष प्रत्येक पाठ्यक्रम में सत्रीय एवं सत्रांत परीक्षा देनी होगी। स्नातकोत्तर कार्यक्रम के शिक्षार्थी को प्रथम तथा द्वितीय दोनों वर्शों में 8–8 क्रेडिट के तीन–तीन अनिवार्य प्रश्न–पत्र, 08 क्रेडिट का एक वैकल्पिक प्रश्न–पत्र दोनों वर्शों में तथा किसी अन्य विषय से सम्बन्धित 08 क्रेडिट के एक प्रश्न–पत्र का चयन करते हुए दोनों वर्षों में अध्ययन करना अनिवार्य है। इसके साथ ही द्वितीय वर्ष में नॉन–क्रेडिट आधार पाठ्यक्रमों में से एक प्रश्न–पत्र का अध्ययन करना होगा।

शिक्षार्थी को कार्यक्रम की अवधि के दौरान ही नॉन–क्रेडिट आधार पाठ्यक्रम को भी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नॉन–क्रेडिट आधार पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की दशा में शिक्षार्थी का पाठ्यक्रम पूरा नहीं माना जायेगा तथा उसे उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

(ग) स्नातकोत्तर विज्ञान कार्यक्रम (एम.एस.–सी.)

मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा तीन विशयों में स्नातकोत्तर विज्ञान कार्यक्रम संचालित कर रहा हैं। जैव रसायन एवं सांख्यिकी वार्शिक प्रणाली पर आधारित है जबकि M.Sc. Computer Science सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित है

1. जैव रसायन **(Biochemistry) Eligibility :**

Three year Bachelor degree with concerned subject (B.Sc. (Bio)/B.Sc.(Honours) with Chemistry as one of the subject Biochemistry/Microbiology/Biotechnology at B.Sc. Level).

2. सांख्यिकी **(Statistics)** Eligibility : Graduate in Mathematics/Statistics

स्नातकोत्तर विज्ञान कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम चयन की विधि एवं रूपरेखाः–

स्नातक विज्ञान (तीन वर्षीय) उपाधि प्राप्त शिक्षार्थी स्नातकोत्तर विज्ञान कार्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। स्नातकोत्तर विज्ञान कार्यक्रम दो वर्शका है। प्रत्येक पाठ्यक्रम में सत्रीय एवं सत्रांत परीक्षा वर्शके अन्त में कराई जायेगी। समयानुसार प्रायोगिक कार्य (Laboratory Work) आयोजित किया जायेगा। वर्शके अन्त में इसमें भी प्रयोगात्मक परीक्षा कराई जायेगी। पाठ्यक्रम की रूपरेखा निम्नवत है :

स्नातकोत्तर विज्ञान कार्यक्रम (MSc.) के शिक्षार्थी को अपने चयनित विशय के 24–24 क्रेडिट का प्रथम एवं द्वितीय दोनों वर्शों में अध्ययन करना होता है। इसके अतिरिक्त विशय केन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम से 8–8 क्रेडिट को दोनों वर्शों में पढ़ना होगा। इसके साथ ही शिक्षार्थी को प्रथम तथा द्वितीय दोनों वर्शों में किसी अन्य विशयसे सम्बन्धित वैकल्पिक पाठ्यक्रमों मे से 08–08 क्रेडिट के एक–एक प्रश्न–पत्र का अध्ययन करना होगा है। इसके अलावा शिक्षार्थी को आधार पाठ्यक्रम के अन्तर्गत स्नातकोत्तर द्वितीय वर्शमें नॉन क्रेडिट गाँधियन थाट्स एण्ड पीस स्टडीज अथवा ह्यूमन राइट्स एण्ड ड्यूटीज में से किसी एक प्रश्न पत्र को उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। इस प्रकार से स्नातकोत्तर विज्ञान कार्यक्रम में शिक्षार्थी द्वारा प्रथम वर्शमें 40 क्रेडिट के कार्यक्रम को तथा द्वितीय वर्श में भी 40 क्रेडिट के कार्यक्रम को उत्तीर्ण करना होता है। सम्पूर्ण कार्यक्रम को उत्तीर्ण करने के लिए शिक्षार्थी को कुल 80 क्रेडिट के पाठ्यक्रम को पूर्ण करना अनिवार्य है। 80 क्रेडिट पूर्ण न करने एवं इंगित नॉन क्रेडिट पाठ्यक्रम को पूर्ण न करने पर कार्यक्रम पूर्ण नहीं माना जाता है।

शिक्षार्थी को कार्यक्रम की अवधि में ही नॉन क्रेडिट आधार पाठ्यक्रम को भी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नॉन क्रेडिट पूर्ण न करने की दशा में कार्यक्रम को पूर्ण नहीं माना जाएगा तथा शिक्षार्थी को उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

(घ) कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर (एम.एस.–सी. कम्प्यूटर साइंस)

कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर (M.Sc.) के शिक्षार्थियों को अपने चारों सेमेस्टर में 12–12 क्रेडिट के अनिवार्य पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए 03–03 क्रेडिट के चार–चार प्रश्नपत्रों का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में अध्ययन करना होगा। जबकि चतुर्थ सेमेस्टर में शिक्षार्थी को 12 क्रेडिट का प्रोजेक्ट कार्य करना अनिवार्य होगा। विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत चारो सेमेस्टर में 04–04 क्रेडिट के एक–एक प्रश्नपत्र का चयन कर अध्ययन करना होगा। अन्य विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में 04–04 क्रेडिट के दो–दो प्रश्नपत्रों का चयन कर दोनों सेमेस्टरों में अध्ययन करना होगा। नॉन क्रेडिट अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम के अन्तर्गत तृतीय सेमेस्टर में किसी एक प्रश्नपत्र का चयन कर अध्ययन करना होगा। इस प्रकार प्रथम सेमेस्टर में 16 क्रेडिट, द्वितीय सेमेस्टर में 24 क्रेडिट, तृतीय सेमेस्टर में 16 क्रेडिट तथा चतुर्थ सेमेस्टर में 24 क्रेडिट अर्थात कुल 80 क्रेडिट का अध्ययन कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए करना होगा। नॉन क्रेडिट कार्यक्रम को भी कार्यक्रम की अवधि में पूर्ण करना अनिवार्य है। शिक्षार्थी को अपने कार्यक्रम अवधि के दौरान ही नॉन–क्रेडिट प्रश्न–पत्रों को भी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। नॉन–क्रेडिट प्रश्न–पत्रों को पूर्ण न करने की दशा में शिक्षार्थी का पाठ्यक्रम पूरा नहीं माना जायेगा तथा उसे उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

(ड़) पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर (एम.एल.आई.एस.)

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर (MLIS) कार्यक्रम के शिक्षार्थियों को प्रथम तथा द्वितीय दोनों सेमेस्टरों में 06–06 क्रेडिट के तीन–तीन अनिवार्य प्रश्नपत्रों का अध्ययन करना होगा। विशयकेन्द्रित वैकल्पिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 06–06 क्रेडिट के एक–एक प्रश्नपत्र का चयन कर दोनों सेमेस्टरों में अध्ययन करना होगा। इसके साथ ही नॉन क्रेडिट अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम के एक–एक प्रश्न पत्र का अध्ययन दोनों सेमेस्टरों में अनिवार्य है। इसके साथ ही किसी अन्य विशयसे सम्बन्धित 08 क्रेडिट के प्रश्पनत्र का प्रथम सेमेस्टर में तथा 06 क्रेडिट के प्रश्नपत्र द्वितीय सेमेस्टर में, का चयन कर अध्ययन करना होगा। इस प्रकार प्रथम वर्शमें 32 क्रेडिट तथा द्वितीय वर्शमें 30 क्रेडिट अर्थात् कुल 62 क्रेडिट को पूर्ण करने पर कार्यक्रम पूर्ण माना जाएगा। कार्यक्रम की अवधि में ही नॉन क्रेडिट अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम को भी पूर्ण करना अनिवार्य है। 62 क्रेडिट के पाठ्यक्रम तथा नॉन क्रेडिट आधार पाठ्यक्रम को पूर्ण न कर पाने की दशा में कार्यक्रम को पूर्ण नहीं माना जाएगा एवं शिक्षार्थी को उपाधि प्रदान नहीं की जाएगी।

(च) पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (एम.जे.) पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (MJ) कार्यक्रम के शिक्षार्थी को अपने कार्यक्रम के दोनो वर्शो के प्रत्येक सेमेस्टर में 08–08 क्रेडिट के दो विशयकेन्द्रित अनिवार्य प्रश्न–पत्र तथा 08–08 क्रेडिट के एक–एक विशयकेन्द्रित वैकल्पिक प्रश्न–पत्र का चारों सेमेस्टर में चयन कर अध्ययन करना होगा। इसके साथ ही चतुर्थ सेमेस्टर में नॉन क्रेडिट अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम का अध्ययन करना आवश्यक होगा। प्रत्येक सेमेस्टर में 24–24 क्रेडिट को पूर्ण करते हुए कुल 96 क्रेडिट के पाठ्यक्रम को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। नॉन क्रेडिट अनिवार्य आधार पाठ्यक्रम को भी कार्यक्रम की अवधि में पूर्ण करना अनिवार्य है। 96 क्रेडिट के पाठ्यक्रम को तथा नॉन क्रेडिट आधार पाठ्यक्रम को पूर्ण किए बिना कार्यक्रम को पूर्ण नहीं माना जाएगा तथा शिक्षार्थी को किसी भी दशा में उपाधि प्रदान नही की जायेगी।

(vii) प्रवेश परीक्षा पर आधारित कार्यक्रम (Programmes Based on Entrance Test)

विश्वविद्यालय में संचालित व्यवसाय प्रशासन में स्नातकोत्तर (MBA), कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक (MCA), बी0एड0 तथा बी0एड0 (विशिश्ट शिक्षा) कार्यक्रम प्रवेश परीक्षा पर आधारित हैं।

(viii) सामुदायिक कालेज के अन्तर्गत प्रस्तावित कौशल विकासयुक्त कार्यक्रम

विश्वविद्यालय द्वारा एडवांस डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं प्रमाण–पत्र स्तर के प्रस्तावित कौशल विकास युक्त कार्यक्रमों का विवरण निम्नवत् है–एडवांस डिप्लोमा कार्यक्रम – ई कामर्स , टूरिज्म एण्ड हास्पिटैलिटी मैनेजमेन्ट, फैशन टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इन्टीरियर डिजाइनिंग, नर्सिंग, सर्विस एण्ड हास्पिटैलिटी मैनेजमेन्ट, रिटेलिंग, एस पी एस एस, होटल मैनेजमेन्ट, एक्यूप्रेशर, एडवरटाइजिंग एण्ड पब्लिक रिलेशन, न्यूट्रीशनल बायोकेमिस्ट्री, इण्टरप्रेन्योरशिप, इन्डस्ट्रीयल बायोकेमिस्ट्री, न्यूज (कलेक्शन, राइटिंग एण्ड एडिटिंग), डायटीशियन एण्ड न्यूट्रीशन, हैन्डवर्क एण्ड नेटवर्किंग, फूड टेक्नोलॉजी एण्ड हास्पिटैलिटी, इन्श्योरेन्स एण्ड रिस्क मैनेजमेन्ट।डिप्लोमा कार्यक्रम – ई कामर्स , टूरिज्म एण्ड हास्पिटैलिटी मैनेजमेन्ट, फैशन टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इन्टीरियर डिजाइनिंग, नर्सिंग, डेरी डेवलपमेन्ट, सर्विस एण्ड हास्पिटैलिटी मैनेजमेन्ट, रिटेलिंग, एस पी एस एस, होटल मैनेजमेन्ट, एक्यूप्रेशर, एडवरटाइजिंग एण्ड पब्लिक रिलेशन, इनफारमेशन टेक्नोलॉजी, ई आफिस मैनेजमेन्ट, उर्दू ग्रामर एण्ड एस्से, कास्टूयम डिजाइनिंग एण्ड गारमेन्ट फैब्रिकेशन, बिजनेस लॉ, कम्पनी लॉ, कास्टिंग, न्यूट्रीशनल बायोकेमिस्ट्री, मार्केटिंग मैनेजमेन्ट, इण्टरप्रेन्योरशिप, इन्डस्ट्रीयल बायोकेमिस्ट्री, एजुकेशनल एडमिनिस्ट्रेशन, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, काउन्सिलिंग एण्ड गाइडेन्स, न्यूज (कलेक्शन, राइटिंग एण्ड एडिटिंग), डायटीशियन एण्ड न्यूट्रीशन, बिजनेस कम्यूनिकेशन, सेल्स मैनेजमेन्ट, ई लाइब्रेरी, क्रियेटिव क्राफ्ट्स, हैन्डवर्क एण्ड नेटवर्किंग, मेडिसिनिल एण्ड एरोमेटिक प्लान्ट्स, साइंटिफिक मेथड फार लैक कल्टिवेशन एण्ड इट्स वैल्यू एडिशन, फिश विथ पोल्ट्री एण्ड पर्ल कल्चर, योगा इन मार्डन लाइफ, कारपेट प्रोडक्शन एण्ड डिजाइन, फूड टेक्नोलॉजी एण्ड हास्पिटैलिटी, एकाउन्टेन्सी विथ टैली, फूड प्रोसेसिंग एण्ड प्रिजरवेशन,

फूट प्रिजरवेशन, इन्श्योरेन्स एण्ड रिस्क मैनेजमेन्ट, फुटवेयर प्रोडक्शन डिजाइन एण्ड मैनेजमेन्ट, ग्लास वेयर, ब्रास वेयर। प्रमाण पत्र कार्यक्रम – ई कार्मस , टूरिज्म एण्ड हास्पिटैलिटी मैनेजमेन्ट, कमर्शियल आर्ट्स, ज्वैलरी डिजाइनिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इन्टीरियर डिजाइनिंग, नर्सिंग, डेरी डेवलपमेन्ट, सर्विस एण्ड हास्पिटैलिटी मैनेजमेन्ट, रिटेलिंग, एस पी एस एस, होटल मैनेजमेन्ट, एक्यूप्रेशर, एडवरटाइजिंग एण्ड पब्लिक रिलेशन, इनफारमेशन टेक्नोलॉजी, ई–आफिस मैनेजमेन्ट, उर्दू ग्रामर एण्ड एस्से, कास्टूयम डिजाइनिंग एण्ड गारमेन्ट फैब्रिकेशन, ग्राफिक डिजाइनिंग बिजनेस लॉ, कम्पनी लॉ, कॉस्टिंग, न्यूट्रीशनल बायोकेमिस्ट्री, मार्केटिंग मैनेजमेन्ट, इण्टरप्रेन्योरशिप, इन्डस्ट्रीयल बायोकेमिस्ट्री, एजुकेशनल एडमिनिशट्रेशन, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिन्टमीडिया, काउन्सिलिंग एण्ड गाइडेन्स, न्यूज (कलेक्शन, राइटिंग एण्ड एडिटिंग), डायटीशियन एण्ड न्यूट्रीशन, डिजिटल फोटोग्राफी, हैन्ड निटिंग, एम्ब्रायडरी, स्टिचिंग, बिजनेस कम्यूनिकेशन, सेल्स मैनेजमेन्ट, ई लाइब्रेरी, क्रियेटिव क्राफ्ट्स, हैन्डवर्क एण्ड नेटवर्किंग, मेडिसिनिल एण्ड एरोमेटिक प्लान्ट्स, मशरुम प्रोडक्शन, साइंटिफिक मेथड फार लैक कल्टिवेशन एण्ड इट्स वैल्यू एडिशन, स्वायल टेस्टिंग, फिश विथ पोल्ट्री एण्ड पर्ल कल्चर, योगा इन मार्डन लाइफ, कारपेट प्रोडक्शन एण्ड डिजाइन, सी सी सी, फूड टेक्नोलॉजी एण्ड हास्पिटैलिटी, एकाउन्टेन्सी विथ टैली, फूड प्रोसेसिंग एण्ड प्रिजरवेशन, फ्रूट प्रिजरवेशन, बी कीपिंग, इन्श्योरेन्स एण्ड रिस्क मैनेजमेन्ट, फुटवेयर प्रोडक्शन डिजाइन एण्ड मैनेजमेन्ट, फर्स्ट एड, डेस्कटॉप पब्लिशिंग, मोटर साइकिल सर्विस एण्ड रिपेयरिंग, ग्लास वेयर, ब्रास वेयर।

(ix) अधिगम संसाधन (Leaning Resources)

दूरस्थ शिक्षा एक ऐसी विधा है जो संसाधनों पर आधारभूत है। शिक्षा की इस विधा में कक्षा में आमने–सामने बैठकर अध्ययन–अध्यापन कार्य नहीं किया जाता है वरन् इसके स्थान पर अधिगम संसाधनों द्वारा शिक्षार्थी सीखता है। 'स्वाध्याय, स्वावलम्बन तथा स्वमंथन' दूरस्थ शिक्षा के तीन आधार स्तम्ब हैं। इस विधा में शिक्षार्थी स्वयं अध्ययन–मनन करके सीखता है और उसके मन में उठने वाली जिज्ञासाओं एवं शैक्षिक समस्याओं का परामर्श सत्रों द्वारा निवारण किया जाता है। इस विधा में शिक्षक तथा शिक्षार्थी के मध्य भौगोलिक दूरी होती है। पाठ्य सामग्री एवं अधिगम संसाधनों द्वारा भी शिक्षार्थी को अध्ययन में सहायता मिलती है।

(x) स्व–अध्ययन सामग्री (Self Learning Materials)

दूरस्थ शिक्षा की रीढ़ कही जाने वाली स्व अध्ययन सामग्री दूरस्थ शिक्षार्थियों के लिए शिक्षक का विकल्प होती है। स्व–अध्ययन सामग्री शिक्षक के स्थान पर शिक्षार्थी को अध्ययन के लिए प्रेरित करती है तथा उसका मार्गदर्शन करती है। स्व अध्ययन सामग्री के निर्माण में विशेष ध्यान रखा जाता है कि अध्ययन सामग्री की विषयवस्तु तथा भाषा आदि शिक्षार्थियों की क्षमता एवं स्तर के अनुरूप हो, जिससे वह शिक्षार्थी में शिक्षा के प्रति रूचि एवं जिज्ञासा उत्पन्न कर सके। सामग्री लेखन से पूर्व पाठ्यक्रम का निर्धारण कार्यक्रम के स्तर एवं शिक्षार्थी की अहर्ता–क्षमता का आकलन कर किया जाता है। इस कार्य के लिए विद्वानों एवं दक्ष विषय विशषज्ञों की समिति गठित की जाती है, जिससे स्व अध्ययन सामग्री का निर्माण उच्च कोटि का हो। समय समय पर पाठ्य सामग्री की उपयोगिता एवं गुणवत्ता बनाये रखने के लिए पाठ्य –सामग्री का पुनर्निरीक्षण तथा संशोधन कर उसे अद्यतन किया जाता है।

छात्र केन्द्रित व्यवस्था के अन्तर्गत शिक्षार्थी अपनी इच्छानुसार कही भी बैठकर स्व अध्ययन कर सकता है। इसके लिए भी विश्वविद्यालय तीव्र गति से प्रयासरत हैं कि पाठ्य सामग्री को सी0डी0 (साफ्ट कापी) के रूप में भी उपलब्ध कराया जा सके तथा उसे ऑन लाइन उपलब्ध कराया जा सके।

(xi) विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित स्व–अध्ययन सामग्री (SLM developed by the University)

विश्वविद्यालय स्वतः रूप से स्वअध्ययन पाठ्य–सामग्री के निर्माण की दिशा में तीव्रता से कार्य कर रहा है। स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर के अनेक कार्यक्रमों की पाठ्य–सामग्रियों का निर्माण विश्वविद्यालय द्वारा तीव्रता से कराया जा रहा है। कई कार्यक्रमों की पाठ्य–सामग्रियों का लेखन पूर्ण हो चुका है तथा उनका परिमापन किया जा रहा है। पाठ्य–सामग्री निर्माण के लिए अलग–अलग विषयों के अध्ययन बोर्डों का गठन किया गया है जिससे समिति के सदस्यों द्वारा पाठ्यक्रमों का अवलोकन एवं आधुनिकीरण किया जा सके। विश्वविद्यालय में कई कार्यक्रमों की पाठ्य–सामग्रियॉ हिन्दी–अंग्रेजी दोनों माध्यमों में उपलब्ध हैं तथा ऐसे विषय है, जिनकी पाठ्य सामग्री किसी एक माध्यम में ही उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा अद्यतन निर्मित स्व–अध्ययन सामग्री

क्र.सं.	स्नातक	पाठ्यक्रम कोड	माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी)
	संस्कृत	UGST-01 To UGST-09	हिन्दी
	सांख्यिकी	UGSTAT -01 To 08	अंग्रेजी
	पर्यटन	BTS-07 & BTS-08	हिन्दी/अँग्रेजी
04	फैशन डिजाइनिंग	UGFD -03, 04, 05, 06	हिन्दी/अँग्रेजी
05	टेक्सटाइल डिजाइनिंग	UGTD -03, 04, 05, 06	हिन्दी/अँग्रेजी
06	शिक्षाशास्त्र	UGED -01 To 06	हिन्दी
07	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान	BLIS -01 To 09	हिन्दी
स्नातकोत्तर			
08	समाजशास्त्र	MASY-01 To MASY-10	हिन्दी
09	राजनीतिशास्त्र	MAPS-01 To MAPS-09	हिन्दी
10	शिक्षाशास्त्र	MAED-01 To 09	हिन्दी
11	वाणिज्य	MCOM-01 To 10	हिन्दी
12	पत्रकारिता	MJMC-06 To 11	हिन्दी
13	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान	MLIS-01To 07	हिन्दी
14	संस्कृत	MAST-01 To 04, MAST (07,08)	हिन्दी
स्नातकोत्तर डिप्लोमा			
15	पत्रकारिता	PGDJMC-01 To 04	हिन्दी
16	ग्रामीण पत्रकारिता	PGDRJMC -03 & 04	हिन्दी
17	वोकेशनल गाइडेंस एवं कैरियर काउन्सलिंग इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रबन्धन एवं फिल्म	PGDVGCC-01 To 06	हिन्दी
18	[redacted]	PGDEM & FP-01 To 04	हिन्दी
डिप्लोमा			
19	फैशन डिजाइनिंग	DFD-01 To 10	हिन्दी + अंग्रेजी
20	टेक्सटाइल्स डिजाइनिंग	DTD-01 To 10	हिन्दी + अंग्रेजी
21	होम आर्टस	DHA – 01 To 08	
प्रमाण पत्र			
22	कारपेट एण्ड टेक्सटाइल टेक्नालॉजी	CCTT- 01 To 05	हिन्दी
23	औशधीय एवं सुगन्धीय पौधों की खेती	CCMAP -01 To 03	हिन्दी
24	पशुधन उत्पादन प्रणाली	CLPS -01 To 03	हिन्दी
25	हार्डवेयर टेक्नोलाजी	DIHT- 01 To 09	अंग्रेजी
पर्यावरण अध्ययन			
26	पर्यावरण अध्ययनसूचना	CHEQ	हिन्दी
27	प्रौद्योगिकी आधार पाठ्यक्रम	UGFIT	हिन्दी + अंग्रेजी
एम. फिल.			
28	एम. फिल्.	M Phil Ed-01	अंग्रेजी

मुद्रण प्रकिया में

क्र.सं.	स्नातक	पाठ्यक्रम कोड	माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी)
29	एम0बी0ए0	MBA-1.2, 1.4, 2.1	अंग्रेजी
30	बी0एड0(सामान्य)	BED-01, 02, 03	हिन्दी
31	बी0एड0(विशिष्ट शिक्षा)	BED-(SE)- B8, A-1	हिन्दी
32	संस्कृत	MAST-07,08	हिन्दी
33	समाज कार्य	MASW-01,02	हिन्दी

संपादित

क्र.सं.	स्नातक	पाठ्यक्रम कोड	माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी)
33	एम0बी0ए0	MBA-1.1, 1.5, 1.6	अंग्रेजी
34	बी0एड0(विशिष्ट शिक्षा)	BED-(SE)- B7, B9	हिन्दी
35	समाज कार्य	MASW-03, 04, 06, 07, 08	हिन्दी
36	वाणिज्य	B.Com. 01, 02, 03	हिन्दी
37	राजनीति विज्ञान	UGPS-01,02,04,05,07 and MAPS-10	हिन्दी
38	अर्थशास्त्र	UGEC-01,03 and MAEC-01,02,03,04,07,08	हिन्दी
39	समाजशास्त्र	UGSY-01,02,03,06	हिन्दी
40	उर्दु	UGUR-02,05	हिन्दी
41	मास्टर इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन	MCA-103, 105	अंग्रेजी
42	बैचलर इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन	BCA-101, 205	अंग्रेजी
43	फोरेसिंक सांइस	CFS-01,02,03	अंग्रेजी

(xii) अन्य अधिगम संसाधन (Other Learning Resources)

दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली मुख्यतया अधिगम संसाधनों पर निर्भर करती है। इनमें स्व–अध्ययन सामग्री का स्थान मुख्य होता है। किन्तु इसके साथ–साथ अन्य अधिगम संसाधनों द्वारा भी प्रदान की जाती है। अध्ययन सामग्री द्वारा अध्ययन करने से पूर्व शिक्षार्थी में अध्ययन की कौशल क्षमा किसित होनी चाहिए जिससे वह स्वयं अध्ययन के द्वारा सीख सके। अधिगम प्रक्रिया को त्वरित एवं सरल बनाने के लिए अन्य संसाधनों का प्रयोग दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षण विधा में अनिवार्य है। इसके लिए विश्वविद्यालय विभिन्न स्तरों पर प्रयास कर रहा है।

शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय समय–समय पर कार्यशाला ओं एवं संगोष्ठियों का आयोजन करता है। जिसमें प्रतिभाग कर शिक्षार्थी अपने ज्ञान में अभिवृद्धि करते हैं। विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यानमालाएँ भी शिक्षार्थियों में शिक्षा के प्रति अभिरुचि जाग्रत करती हैं तथा ज्ञान में वृद्धि करती है। इसी क्रम में सत्र 2016–17 में विश्वविद्यालय द्वारा कई कार्यशालाएँ तथा व्याख्यानमालाएँ आयोजित की गई।

4. शिक्षार्थी सहायता सेवाएँ
(Learner Support Services)

पाठ्य सामग्री/ स्व–अध्ययन सामग्रीअनवरत मन्थन के बाद भी उच्च शिक्षा हेतु परम्परागत शिक्षण पद्धति की नियमावली सभी शिक्षार्थियों के अनुकूल नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति में समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा लगातार या तो अशिक्षित बना रहा या अल्प शिक्षा ग्रहण कर पढ़ाई बीच में ही छोड़ दिया। विकल्प स्वरुप दूरस्थ शिक्षा पद्धति का प्रादुर्भाव हुआ। दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था में शिक्षार्थी को शिक्षक के सामने कक्षा में बैठकर अध्ययन नहीं करना होता है, बल्कि उसे स्वअध्ययन सामग्री की सहायता से घर बैठे ही स्वयं अध्ययन करना होता है। आवश्यकता पड़ने पर अपने अध्ययन केन्द्र पर आयोजित परामर्श सत्रों में प्रतिभाग कर समस्याओं का समाधान सुयोग्य परामर्शदाताओं (शिक्षकों) के माध्यम से प्राप्त किया जाता है। परम्परागत शिक्षण व्यवस्था में अध्यापक केन्द्र में होता है जबकि दूरस्थ शिक्षा प्रणाली की संरचना शिक्षार्थी केन्द्रित होती है। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में शिक्षार्थी सहायता सेवाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षार्थी सहायता सेवाओं के महत्वपूर्ण घटक निम्नवत् हैं :–



शिक्षार्थी सहायता सेवा के प्रभावी घटक (Effective Components of Learner Support Services)

विश्वविद्यालय ने शिक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिक्षार्थी सहायता सेवाओं के सभी घटकों को पूर्णतया आनलाईन कर दिया है, जिससे शिक्षार्थी घर बैठे पठन–पाठन से सम्बन्धित सुविधा का लाभ उठा सके। शिक्षार्थी सहायता सेवाओं के महत्वपूर्ण घटकों का विवेचन निम्नवत् वर्णित हैं :

(क) प्रवेश (Admission)

1. प्रवेश प्रक्रिया (Admission Process)

विश्वविद्यालय में वर्ष पर्यन्त प्रवेश की व्यवस्था है जिसके अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया को पूर्णतया ऑनलाइन पूरा करना होता है। सभी कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु कभी भी आवेदन किया जा सकता है किन्तु पठन–पाठन एवं परीक्षा की सुचारु व्यवस्था हेतु पूरे वर्ष में हुए प्रवेश को दो सत्रों में विभाजित किया गया है।



प्रवेश, परामर्श एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों को सर्वसुलभ बनाने एवं सुचारु रुप से संचालित करने हेतु प्रदेश भर में कुल 1018 शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (अध्ययन केन्द्र) स्थापित किये गये हैं। यह अध्ययन केन्द्र प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में संचालित होते हैं जहां कम्प्यूटर, इण्टरनेट, शिक्षक, शिक्षण कक्ष, पुस्तकालय आदि सुविधायें उपलब्ध होती हैं। प्रदेश के सभी क्षेत्रीय केन्द्रों को अध्ययन केन्द्र के रुप में भी विस्तारित करते हुए उनके दायित्वों को और बढ़ा दिया गया है।

(i) प्रवेश सम्बन्धी सूचना के स्रोत (Sources of Admission Information)

विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2018–19 से 107 कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमन्त्रित किए गए। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में अवस्थित 1018 केन्द्रों के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गयी। शिक्षार्थी अपनी सुविधानुसार स्वतः या अपने द्वारा चयनित अध्ययन केन्द्र के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। सत्र 2018–19 के सभी सामान्य कार्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना विवरणिका का मुद्रण कराया गया। प्रवेश सूचना विवरणिका का उद्देश्य केवल शिक्षार्थियों को प्रवेश एवं कार्यक्रम चयन सम्बन्धी नियम/सूचना प्रदान करना है। शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश सूचना विवरणिका की हार्डकापी के साथ ही सॉफ्ट कापी भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड है। शिक्षार्थी प्रवेश सम्बन्धी नियमों/प्रावधानों के अनुरुप ही आनलाइन प्रवेश हेतु आवेदन करते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा एम0बी0ए0, एम0सी0ए0, बी0एड0 तथा बी0एड0 विशिष्ट शिक्षा कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु अलग से प्रवेश सूचना विवरणिका मुद्रित कराई गयी। शिक्षार्थी को इन कार्यक्रमों में भी प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करना होता है।

(ii) प्रवेश सूचना विवरणिका का वितरण (Distribution of Admission Information Brochure)

प्रवेश सूचना विवरणिका का वितरण विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी 1018 अध्ययन केन्द्रों, सभी क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्रों एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिसर के माध्यम से किया जाता है। शिक्षार्थी अपने अध्ययन हेतु चयनित केन्द्र से सूचना विवरणिका क्रय कर तदनुसार प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

iii) प्रवेश पद्धति (Admission Procedure)

(1) विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रवेश आवेदन फार्म पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। प्रवेश फार्म के साथ सभी श्रेणी/वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए को उनके द्वारा चयनित कार्यक्रम हेतु निर्धारित प्रवेश शुल्क की धनराशि जमा करने संबंधी ई–चालान जनरेट होता है। इस चालान के माध्यम से ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन (निर्धारित बैकों में) शुल्क जमा कर प्रवेश की शेष प्रक्रिया पूर्ण करनी होती है। प्रवेश शुल्क ''वित्त अधिकारी, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद'' के पक्ष में देय होगा।

(2) प्रवेशार्थी को ऑन लाइन प्रवेश फार्म के प्रिण्टआउट के साथ अपेक्षित शैक्षिक योग्यता के स्वहस्ताक्षरित एवं प्रमाणित अंकपत्र एवं प्रमाण–पत्र के साथ ही ई चालान की विश्वविद्यालय प्रति तथा एण्टी रैगिंग शपथ–पत्र को पूरित करते हुए मूल रूप में संलग्न करना होता है। इसके अलावा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति/वर्ग प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। प्रवेश फार्म समस्त संलग्नकों सहित अपने चयनित अध्ययन केन्द्र से सत्यापित कराकर विश्वविद्यालय में जमा करना होता है।

(3) प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को अलग–अलग प्रवेश आवेदन फार्म उसी प्रकार ऑनलाइन भरने होते हैं तथा शेष प्रक्रियायें भी उसी समय अलग से की जानी होती हैं।

(4) प्रवेश के लिए प्राप्त ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्रों के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश–सूची घोषित की जाती है। जिसकी सूचना अभ्यर्थी को अध्ययन केन्द्र द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। विश्वविद्यालय द्वारा घोषित सूची ही वैध एवं मान्य होती है। शिक्षार्थी को उसके द्वारा माँगे गए अध्ययन केन्द्र का आवंटन न होने की स्थिति में निकटस्थ अन्य अध्ययन केन्द्र आवंटित कर अभ्यर्थी को उसके आवेदन पत्र में दिये गये पत्राचार के पते पर सूचना दी जाती है, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा आबंटित अध्ययन केन्द्र का उल्लेख होता है। संदर्भित सत्र में SMS के माध्यम से भी प्रवेश सूचनायें प्रेषित की गयी थी।

(5) शिक्षार्थी के प्रवेश प्राप्त करने के उपरान्त यदि विश्वविद्यालय को ज्ञात होता है कि सम्बन्धित शिक्षार्थी ने ऑनलाइन आवेदन फार्म में गलत सूचना प्रविष्ट की है या गलत शैक्षिक प्रमाण–पत्र लगाया है तो उसकी पुष्टि होने पर उसका प्रवेश बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिया जाता है और उसके द्वारा जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होता। गलत सूचना के आधार पर प्रवेश प्राप्त करने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का भी विधान है। इसलिए ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरते समय शिक्षार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे विशेष सावधानी एवं सतर्कता के साथ सही सूचना का ही उल्लेख करें।

ऑन लाइन प्रवेश आवेदन फार्म भरने हेतु मुख्य बिन्दु

- शिक्षार्थी ऑनलाइन प्रवेश आवेदन से सम्बन्धित सभी जानकारियाँ सूचना विवरणिका से प्राप्त कर सकते हैं।
- सर्वप्रथम ऑनलाइन प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर दिए गए लिंक के जरिए बैंक चालान को जनरेट किया जाता है।
- प्रवेश आवेदन लिंक में निम्न जानकारियाँ उपलब्ध हैं:
  - (a) ई–सूचना विवरणिका;
  - (b) कार्यक्रम का विवरण;
  - (c) ऑनलाइन प्रवेश आवेदन प्रक्रिया के लिए दिशा–निर्देश; तथा
  - (d) ऑनलाइन प्रवेश के लिए चालान जनरेशन लिंक

- ऑनलाइन ई–चालान (फार्म) में शिक्षार्थी द्वारा भरी जाने वाली प्रमुख सूचनाएँ–
  - (a) शिक्षार्थी का नाम;
  - (b) पिता/माता/पति का नाम;
  - (c) जन्म तिथि;
  - (d) जिला/पता;
  - (e) कार्यक्रम कोड;
  - (f) अध्ययन केन्द्र कोड; तथा
  - (g) मोबाइल नम्बर

- ई–चालान फार्म पूरित करने के उपरान्त कार्यक्रम शुल्क का भुगतान ई–पेमेण्ट के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है।
- अन्यथा की स्थिति में ई–चालान के माध्यम से शुल्क ऑफलाइन भी निर्धारित बैंकों में जमा किया जा सकता है।
- ई–चालान को जनरेट करके सर्वप्रथम उसके प्रिन्ट आउट निकालना होता है। यह ई–चालान तीन प्रतियों में उपलब्ध होता है। 1) बैंक कापी 2) शिक्षार्थी कॉपी तथा 3) विश्वविद्यालय कॉपी
- ई–चालान फार्म जनरेट करने के 24 घण्टे के अंदर इलाहाबाद बैंक, विजया बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी शाखा में जाकर कार्यक्रम शुल्क को जमा करना होता है।
- शुल्क जमा करने के 24 घण्टे बाद शिक्षार्थी को ऑनलाइन प्रवेश आवेदन लिंक पर पुनः जाकर निम्न जानकारियों की प्रविष्टि कर अपना प्रवेश आवेदन फार्म जनरेट करना होता है।
  - (I) ई–चालान नम्बर
  - (II) बैंक जनरल नम्बर
  - (III) मोबाइल नम्बर
- शिक्षार्थी को अपने ऑनलाइन भरे गये फार्म का प्रिन्टआउट निकालकर निम्न कार्य करना होता हैः
  - (I) फार्म में पूछी गई शेष जानकारियों को फार्म में भरेंगे।
  - (II) सम्बन्धित स्थान पर पासपोर्ट आकार के फोटो को चस्पा करेंगे।
  - (III) हस्ताक्षर वाले स्थान पर स्पष्ट हस्ताक्षर करेंगे।
  - (IV) द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के शिक्षार्थी अपना ऑन लाइन प्रवेश आवेदन फार्म भरते समय निर्धारित स्थान पर अपनी नामांकन संख्या अनिवार्य रूप से भरेंगे।
- शिक्षार्थी अपने अध्ययन के लिए चयनित अध्ययन केन्द्र पर अपना आवेदन फार्म निम्न संलग्नकों के साथ जमा करेंगे–
  - (I) चालान की विश्वविद्यालय प्रति।
  - (II) सम्बन्धित योग्यता प्रदायी शैक्षिक अभिलेख की प्रमाणित छाया प्रति एवं मूल एण्टी रैगिंग शपथ–पत्र।
- अध्ययन केन्द्र समन्वयक द्वारा शिक्षार्थी के प्रवेश फार्म के सत्यापन एवं कन्फर्मेशन की प्रक्रिया पूर्ण करते ही प्रथम वर्ष के शिक्षार्थी को उसके दिये गये मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस. से उसके नामांकन संख्या सहित प्रवेश सुनिश्चित होने की जानकारी उपलब्ध हो जाएगी।
- शिक्षार्थी अपनी नामांकन संख्या को विश्वविद्यालय की वेबसाइट के लिंक पर प्रविष्टि करके अपने भरे हुए फार्म का प्रिन्टआउट निकाल सकेंगे।
- फार्म में त्रुटि होने पर शिक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर दिए गए संशोधन लिंक में जाकर सही सूचना की प्रविष्टि कर सकते हैं, परन्तु उसमें संशोधन विश्वविद्यालय के प्रवेश अनुभाग द्वारा ही शिक्षार्थी के मूल अभिलेखों के जाँचोपरान्त किया जाएगा।
- शिक्षार्थी को ऑन लाइन प्रवेश फार्म के साथ ही एण्टी रैगिंग शपथ पत्र फार्म को भी भरना अनिवार्य है। इस फार्म को न भरने पर शिक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
- बैक परीक्षा हेतु भी ऑन लाइन परीक्षा फार्म भरकर उसे अपने अध्ययन केन्द्र के माध्यम से प्रेषित करना होता है।

(2) प्रवेश से सम्बन्धित उपलब्ध सुविधाएँ (Available Facilities Related to Admission)

(i) एक से अधिक कार्यक्रम में प्रवेश लेने की सुविधा (Facility to get Admission more than One Programmes)

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के किसी कार्यक्रम के प्रवेशार्थी/शिक्षार्थी अन्य विश्वविद्यालय में भी छात्र रह सकते हैं, परन्तु उसी प्रकृति अर्थात् उसी स्तर के उपाधि, डिप्लोमा एवं प्रमाण–पत्र के कार्यक्रम में प्रवेश नहीं ले सकते हैं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति अथवा दूरस्थ एवं परम्परागत शिक्षा पद्धति से उसी विश्वविद्यालय अथवा विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थाओं में कोई भी अध्ययनरत शिक्षार्थी निम्न संयोजन के अनुसार कार्यक्रमों में प्रवेश लेने का विकल्प चुन सकता हैः–

1. एक डिग्री एवं एक डिप्लोमा / परास्नातकडिप्लोमा / प्रमाण–पत्र कार्यक्रम
2. एक परास्नातक डिप्लोमा एवं डिप्लोमा / प्रमाण–पत्र कार्यक्रम
3. एक डिप्लोमा एवं एक प्रमाण–पत्र कार्यक्रम
4. दो परास्नातकडिप्लोमा कार्यक्रम
5. दो डिप्लोमा कार्यक्रम
6. दो प्रमाण–पत्र कार्यक्रम

(ii) कार्यक्रम अवधि में शिथिलता (Flexibility in Programme's Duration)

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों में न्यूनतम एवं अधिकतम अवधि का प्रावधान किया गया है। शिक्षार्थी अपनी सुविधानुसार न्यूनतम एवं अधिकतम अवधि के बीच अपने कार्यक्रम हेतु अनुमन्य प्रश्न पत्रों की परीक्षा देकर अपना कार्यक्रम पूर्ण कर सकता है।

(iii) पुनः पंजीकरण (Re-Registration)

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों के लिए न्यूनतम तथा अधिकतम अवधि दूरस्थ शिक्षा पद्धति के मानकानुसार निर्धारित की गयी है। अधिकतम अवधि में यदि शिक्षार्थी कार्यक्रम को पूर्ण नहीं कर पाता है परन्तु वह उस कार्यक्रम को पूर्ण करना चाहता है तो उसे नियमानुसार पुनः पंजीकरण कराना होता है। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए शिक्षार्थी को कार्यक्रम शुल्क का 20 प्रतिशत राशि जमा करना होता है। कार्यक्रम की अधिकतम अवधि समाप्त हो जाने के उपरान्त शिक्षार्थी द्वारा पूर्ण किए गए क्रेडिट को संरक्षित रखा जाता है तथा शेष क्रेडिट को पूर्ण करने के लिए निर्धारित पाठ्यक्रमों के अनुसार उसे बैक शिक्षार्थी के रूप में अवशेष प्रश्न पत्रों की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होता है। पुनः पंजीकरण की अवधि 1 वर्ष निर्धारित है।

(iv) लेटरल इन्ट्री द्वारा सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश (Direct Admission in Second Year through Lateral Entry)

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय से PGDCA तथा PGDJMC डिग्री धारकों को क्रमशः MCA तथा MJ के द्वितीय वर्श में सीधे प्रवेश देने की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। लेटरल इन्ट्री के द्वारा प्रवेश प्राप्त करने के लिए शिक्षार्थी को प्रथम वर्श की प्रवेश सूचना विवरणिका के अनुसार ही द्वितीय वर्श में प्रश्न पत्र चयन करने की बाध्यता होती है।

(v) अध्ययन केन्द्र परिवर्तन की सुविधा (Facility to Change the Study Centre)

शिक्षार्थी को केन्द्र चयन में सुविधा दी गयी है इसलिए शिक्षार्थी द्वारा चयनित केन्द्र में परिवर्तन की माँग सामान्यतया स्वीकार नहीं की जायेगी। अध्ययन केन्द्र में परिवर्तन विशेश परिस्थितियों यथा–स्थानान्तरण, चिकित्सीय कारण एवं छात्राओं के विवाह होने अथवा किसी तर्क संगत कारण होने पर ही विचारणीय होगा। जुलाई सत्र के शिक्षार्थियों के लिए अध्ययन केन्द्र परिवर्तन 30 अक्टूबर एवं जनवरी सत्र के शिक्षार्थियों के लिए अध्ययन केन्द्र परिवर्तन 30 मार्च तक ही अनुमन्य होंगे। अध्ययन केन्द्र परिवर्तन के लिए निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अध्ययन केन्द्र में परिवर्तन के लिए निर्धारित शुल्क रू. 1000 / – मात्र का ई–चालान (विश्वविद्यालय की प्रति) आवेदन पत्र के साथ सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र के समन्वयक द्वारा अग्रसारित होने पर ही स्वीकार होगा। विशेष परिस्थिति में अध्ययन केन्द्र के परिवर्तन के सम्बन्ध में माननीय कुलपति जी समन्वयक द्वारा बिना अग्रसारित आवेदन पत्र पर भी आदेश दे सकते हैं।

विशेष : नये स्थापित अध्ययन केन्द्रों पर द्वितीय / तृतीय वर्ष में स्थानान्तरण की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

(vi) कार्यक्रम एवं विषय परिवर्तन की सुविधा (Facility to Change the Programme and Subject)

सामान्यतया, जुलाई सत्र के शिक्षार्थियों के लिए 30 अक्टूबर एवं जनवरी सत्र के शिक्षार्थियों के लिए 30 मार्च तक ही कार्यक्रम एवं विषय परिवर्तन हेतु आवेदन पत्रों पर विचार किया जायेगा। निर्धारित तिथि के बाद इन आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्यक्रम परिवर्तन के लिए रू. 1000 / – मात्र तथा विषय परिवर्तन (वैकल्पिक) के लिए रू0 500 / – मात्र का ई–चालान जो 'वित्त अधिकारी उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद' के नाम पर देय हो, वही स्वीकार किया जायेगा। इसके साथ ही पूर्व में प्राप्त पाठ्य सामग्री को अध्ययन केन्द्र पर जमा करना होगा। पूर्व में प्राप्त पाठ्य–सामग्री को जमा करने का प्रमाण–पत्र केन्द्र समन्वयक द्वारा अग्रसारित होना चाहिए। अग्रसारित प्रमाण–पत्र प्राप्त न होने की दशा में आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

(viii) शुल्क जमा करने का माध्यम (Method of Fee Deposit)

विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन तथा ई–चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने की सुविधा प्रदान की है। ई–चालान के माध्यम से शुल्क जमा करने के लिए शिक्षार्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in से ई–चालान जेनरेट करना होगा। ई–चालान में सभी सूचनाओं को पूर्ण रूप से भरकर उसका प्रिन्ट आउट लेना होगा। ई–चालान जेनरेट के पश्चात् शिक्षार्थी को उसका प्रिन्ट आउट लेकर 24 घण्टे

बाद बैंक में जाकर कार्यक्रम शुल्क नकद जमा करना होगा। शिक्षार्थी का कार्यक्रम शुल्क ई–चालान, क्रेडिट कार्ड, डेविड कार्ड एवं इण्टरनेट बैंकिग के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित इलाहाबाद बैंक, विजया बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी शाखा में जमा किया जा सकता है। बैंक द्वारा ई–चालान फार्म पर एक जरनल नं0 दिया जायेगा, जिसे आनलाइन प्रवेश फार्म पर निर्धारित स्थान पर भरना अनिवार्य होगा। ई–चालान की तीन प्रतियों में से विश्वविद्यालय की प्रति (UPRTOU Copy) को ऑनलाइन आवेदन फार्म के प्रिण्ट आउट के साथ संलग्न कर जमा करना अनिवार्य है, छात्र प्रति को शिक्षार्थी अपने पास सुरक्षित रखेगा। ई–चालान पर एक बार भरी गई सूचनाओं में किसी भी दशा में संशोधन नहीं किया जाएगा।

(viii) प्रवेश सूचना विवरणिका एवं प्रवेश फार्म की ऑन–लाइन उपलब्धता (Online Availability of Admission Information Brochure and Admission Form)

सत्र 2015–2016 से ही सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया को पूर्णतया ऑनलाइन कर दिया गया है। शिक्षार्थी ऑनलाइन आवेदन करते हुए अपने चयनित अध्ययन केन्द्र के माध्यम से प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षार्थी की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्षपर्यन्त प्रवेश सूचना विवरणिका को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uprtou.ac.in पर अपलोड किया गया है। शिक्षार्थी अपनी सुविधानुसार विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश सम्बन्धी सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

(ख) स्व–अध्ययन सामग्री (Self Learning Material)

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा शिक्षण की एक नई पद्धति है। इस पद्धति में शिक्षक एवं शिक्षार्थी के मध्य सम्पर्क परामर्श कक्षाओं, शैक्षणिक संवाद, द्विमार्गी सम्प्रेषण एवं कुछ अन्य सहायक माध्यमों जैसे दृश्य–श्रव्य तकनीक, कम्प्यूटर, टेली कान्फ्रेन्सिंग आदि द्वारा स्थापित होता है। चूंकि सम्प्रेषण की प्रभावशीलता दूरस्थ शिक्षा की सफलता का प्रमुख आधार है, अतः शिक्षक एवं इस शिक्षा प्रणाली से जुड़े हुए अन्य सभी लोगों के लिए विभिन्न सम्प्रेषण प्रक्रियाओं एवं सिद्धान्तों की जानकारी अत्यन्त आवश्यक है। शिक्षा एवं शिक्षण के विविध पक्ष जैसे पाठ्यक्रम, पाठ्यसामग्री, शिक्षण एवं मूल्यांकन विधियां आदि कुछ निश्चित अधिगम सिद्धान्तों पर अवलम्बित होते हैं। ये सिद्धान्त पूर्व अनुभवों के परिणाम होते हैं जो हमारी वर्तमान एवं भावी जरूरतों को पूर्ण करने में सहायता प्रदान करते हैं। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में शिक्षक एवं शिक्षार्थी के मध्य भौगोलिक दूरी के कारण शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में व्यक्तिगत सम्पर्क की सम्भावना बहुत कम होती है। अतः दूरवर्ती शिक्षा में अधिगम शिक्षक एवं शिक्षार्थी के मध्य अन्तः क्रिया का परिणाम नहीं होता अपितु यह मुद्रित पाठ्यसामग्री एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से सम्पन्न होता है। चूंकि शिक्षार्थी को स्व–अधिगम सामग्री से स्वयं अन्तःक्रिया करके सीखना होता है, अतः दूरस्थ शिक्षण प्रक्रिया में स्व अधिगम सामग्री के निर्माण को विशेश महत्व प्रदान किया जाता है।

स्व–अधिगम सामग्री दूरस्थ शिक्षा का मूल आधार है। इसका प्रमुख उद्देश्य उन शिक्षार्थियों की सहायता करना होता है, जो अपनी परिस्थितियों में स्वतंत्र रूप से सीखते एवं अध्ययन करते हैं। प्रभावशाली अधिगम सामग्री शिक्षार्थियों में अधिगम के प्रति रुचि जागृत करती है। दूरस्थ शिक्षा में शिक्षार्थी दूर से ही सीखते हैं। वे अपने घर अथवा कार्यस्थल पर रहते हुए अध्यापक तथा अपने सहपाठियों से सम्पर्क एवं विमर्श नहीं कर पाते हैं। अतः दूरस्थ शिक्षा में अध्यापक के विकल्प के रूप में शिक्षार्थी को स्व–अधिगम सामग्री उपलब्ध करायी जाती है।

दूरस्थ शिक्षा में शिक्षार्थी मुख्यतः शिक्षा संस्थान एवं परामर्शी (शिक्षक) से अधिकांश समय दूर रहने के कारण पाठ्यक्रम के स्वरूप से लेकर शिक्षण तक प्रायः निराश्रित रहता है। उसको न तो परामर्शदाता का निर्देशन प्राप्त होता है और न ही सहपाठियों का सहयोग। अतएव इस कमी को पूरा करने हेतु स्व अधिगम सामग्री को ऐसे संकल्पित किया जाता है कि वह स्वयं में पूर्ण, पर्याप्त तथा स्पश्ट होती है और सहपाठी की तरह यह पाठ्यसामग्री दूरस्थ शिक्षार्थी को सहारा देने के साथ–साथ अधिगम हेतु मार्गदर्शन प्रदान करती है। यह स्व–अध्ययन सामग्री दूरस्थ शिक्षार्थी के अधिगम को सरल बनाकर बाह्य सहायता पर निर्भरता को कम कर देती है।

स्व–अधिगम सामग्री मुख्यतः शिक्षार्थी केन्द्रित होती है, जो दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का मुख्य आधार होती है। इस पद्धति में प्रयोग की जाने वाली पाठ्यसामग्री को निर्धारित प्रारूप में तैयार किया जाता है। इसका अध्ययन करके शिक्षार्थी स्वयं सीखता है इसीलिए इसे स्व अधिगम सामग्री कहा जाता है। स्व अध्ययन सामग्री अपने आप में स्व स्पश्ट, स्व अभिप्रेरित तथा अनौपचारिक रूप से लिखी होती है। अतः दूरस्थ शिक्षार्थी के अध्ययन में स्व अधिगम सामग्री की अहम भूमिका होती है। शिक्षार्थी स्वेच्छानुसार इस पाठ्यसामग्री को किसी भी समय और स्थान पर स्वयं पढ़ एवं सीख सकता है। इसकी प्रमुख विशेशताएँ निम्नलिखित हैं–

स्व व्याख्यात्मक (Self- Explanatory)

स्व अधिगम सामग्री (SLMs) की रचना इस प्रकार होती है कि दूरस्थ शिक्षार्थी बिना किसी बाह्य सहायता के आसानी से पढ़, समझ व सीख सकें। उसकी विषयवस्तु, प्रस्तुतीकरण तथा भाषा सरल सुबोध स्पष्ट और प्रभावशाली होती है,

स्व–अधिगम सामग्री की रचना करते समय इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाता है कि शिक्षार्थियों के पास अध्ययन हेतु पर्याप्त समय होगा और उसे विशेष अध्ययन के लिए अन्य पुस्तकों और अध्यापकों के सहयोग की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

स्व–पूर्ण (Self- Contained)

स्व अधिगम सामग्री स्वयं में पूर्ण तथा पर्याप्त होती है। इसमें शिक्षार्थी के लिए पाठयक्रम के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु अपेक्षित समस्त आवश्यक विषयवस्तु का समावेश होता है। स्व अधिगम सामग्री में शिक्षार्थियों को अध्ययन के प्रत्येक सोपान पर ज्ञान वृद्धि के लिए अतिरिक्त संदर्भित विशयसामग्री के अध्ययन हेतु जरूरी निर्देशन एवं सुझाव दिया होता है।

स्व–निर्देशित (Self- Directed)

स्व अधिगम सामग्री में शिक्षार्थियों हेतु आवश्यक ज्ञान, कौशल तथा अभिवृत्तियों के स्वयं अर्जन के लिये निर्देशन के साथ–साथ प्रत्येक अवस्था पर आवश्यक मार्गदर्शन, संकेत व सुझाव होते हैं।

स्व–अभिप्रेरित (Self- Motivated)

स्व अधिगम सामग्री में दूरस्थ शिक्षार्थियों में अध्ययन हेतु रुचि तथा अभिप्रेरणा उत्पन्न करने की और उसे बनाये रखने की क्षमता होती है। इस प्रकार अधिगम के प्रत्येक सोपान पर शिक्षार्थी को अभिप्रेरणा और प्रबलीकरण/पुर्नवलन मिलने की अनुभूति होती है।

स्व–मूल्यांकित (Self- Evaluated)

दूरस्थ शिक्षा में शिक्षार्थी अकेला एवं परामर्शदाता से दूर रहता है। अतः स्व अधिगम सामग्री में शिक्षार्थी के लिए स्व–मूल्यांकन हेतु स्व जांच अभ्यास, मूल पाठ में प्रश्न अभ्यास प्रश्नावली आदि का समावेश रहता है, जिससे शिक्षार्थी को स्व जांच द्वारा समय–समय पर अपनी कमियों की जानकारी द्वारा अधिकाधिक प्रतिपुश्टि प्राप्त हो सके।

दूरस्थ शिक्षा में अधिन्यास (Assignment work in Distance Education)

अधिन्यास मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति में शिक्षक एवं शिक्षार्थी के मध्य द्विमार्गी सम्प्रेशण स्थापित करने का सबसे अधिक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी माध्यम तथा सीखने की विधा है। शिक्षण सत्र के दौरान किसी निश्चित समयावधि में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के द्वारा शिक्षार्थी के ज्ञानार्जन में हुई वृद्धि का मापन एवं मूल्यांकन करने वाले उपकरण को अधिन्यास कहते हैं। परम्परागत शिक्षा प्रणाली में शिक्षक एवं शिक्षार्थी के बीच आमने–सामने बैठकर पठन–पाठन की क्रिया सम्पन्न होती है जबकि इस शिक्षा प्रणाली में शिक्षार्थी एवं परामर्शी के मध्य भौगोलिक दूरी होने के कारण शैक्षिक प्रक्रिया विभिन्न प्रकार के संचार माध्यमों से ही सम्भव हो पाती है। छात्रों द्वारा अधिन्यास कार्य को पूरा करना एवं अध्यापक द्वारा उस पर की गयी टिप्पणियां इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान करती हैं। अधिन्यास के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है कि शिक्षार्थी को वह विषयबोध अपेक्षानुसार हो रहा है जो उन्हें पाठ्यसामग्री द्वारा सीखने और समझने के लिए दिया गया था। वास्तव में अधिन्यास मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में शिक्षण अधिगम का वह साधन है, जो अनुभवों को दृढ़ता प्रदान करने, प्रोत्साहन देने व निर्देशित करने का आधार प्रस्तुत करता है।

अधिन्यास कार्य की उपयोगिता

1. दूरस्थ शिक्षा में शिक्षक–शिक्षार्थी के मध्य दोहरे सम्प्रेशण को स्थापित करने के लिये।
2. शिक्षार्थी के अधिगम स्तर की जानकारी प्राप्त करने के लिए।
3. शिक्षार्थी द्वारा अधिन्यास उत्तर पुस्तिका पर दिये गये प्रश्नों के उत्तर पर परामर्शदाता द्वारा प्रदत्त टिप्पणियों के आधार पर शिक्षार्थी के अपने ज्ञानार्जन की वास्तविक स्थिति से अवगत होने के लिए।
4. सत्रान्त परीक्षा से पूर्व तैयारी की स्थिति जानने का अवसर प्रदान करने के लिए।
5. पाठ्यसामग्री हेतु निर्धारित क्रेडिट (श्रेयांक) की पूर्ति हेतु।
6. अध्ययन– अध्यापन की प्रक्रिया में अवरोधक तत्वों की जानकारी प्राप्त करने हेतु।

अतः अधिन्यास मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है, जिसके द्वारा शिक्षार्थी सत्र के दौरान स्वयं घर पर रहकर विभिन्न प्रश्न–पत्रों में स्वमूल्यांकन एवं परीक्षण करता है। परामर्श सत्रों द्वारा विभिन्न विषयों के प्रश्न–पत्रों में छात्र ने क्या सीखा, इसका मापन करने के लिये अधिन्यासों का उपयोग किया जाता है। शिक्षार्थी द्वारा अर्जित ज्ञान का मापन, उसकी

कमियों का पता लगाने, ज्ञान प्राप्ति में आने वाली बाधाओं की जानकारी प्राप्त करने, उसकी कठिनाइयों एवं समस्याओं का समाधान करने आदि में अधिन्यास की प्रमुख भूमिका होती है। परामर्शदाता इनका उपयोग करके शिक्षार्थियों की समस्याओं और कमियों को जान सकता है तथा आवश्यकतानुसार उनका समाधान कर सकता है। इसी कारण से मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में अधिन्यास निर्माण तथा मूल्यांकन सम्बन्धी कार्य को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जाता है।

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा पद्धति अधिन्यास सतत् मूल्यांकन का प्रमुख स्तम्भ होता है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिग्री एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों में इसे अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। सत्रांत परीक्षा से पूर्व हर शिक्षार्थी के लिए अधिन्यास कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होता है। सामान्य स्थितियों में इसके बिना उन्हें सत्रान्त परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान नहीं की जाती है। शिक्षार्थी को अधिन्यास कार्य शैक्षिक कैलेण्डर में निर्धारित तिथि तक अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा करना होता है। अधिन्यास कार्य को पूर्ण करने से आशय है कि शिक्षार्थी ने स्वयं के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रमों का भली–भाँति अध्ययन कर लिया और वह सत्रान्त परीक्षा में बैठने के योग्य है। अधिन्यास आधारित प्रश्न–पत्र का मूल्यांकन 30 अंकों में किया जाता है। अधिन्यास प्रश्न पत्र को सत्र 2015–2016 से पूर्णतया ऑनलाइन कर दिया गया है। शिक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने अधिन्यास प्रश्न पत्र को डाउनलोड कर अपने सत्रीय कार्य को पूर्ण कर सकते हैं।

(ग) दूरस्थ शिक्षा में परामर्श (Counselling in Distance Education)

दूरस्थ विधा में परम्परागत विधाओं के समान शिक्षक एवं शिक्षार्थी के मध्य आमने–सामने पठन–पाठन का शिक्षण कार्य नहीं करना होता बल्कि निर्धारित पाठ्यक्रम पर आधारित समस्याएं छात्रों द्वारा परामर्शदाताओं के सामने रखी जाती हैं जिनका समाधान परामर्श सत्रों में किया जाता है। सभी अध्ययन केन्द्रों एवं विश्वविद्यालय मुख्य परिसर पर विश्वविद्यालय के मानकानुसार परामर्श सत्रों के संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस सत्र में भी सभी केन्द्रों पर शिक्षार्थियों ने परामर्श सत्रों में प्रतिभाग कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय द्वारा क्रेडिट के अनुसार निर्धारित परामर्श सत्रों का विवरण निम्नानुसार वर्णित है।

1. सामान्य पाठ्यक्रमों / प्रश्नपत्रों के आठ क्रेडिट के कोर्स में 09 से 12, छह क्रेडिट के कोर्स में 06 से 09, चार क्रेडिट के कोर्स में 04 से 05 सम्पर्क कक्षाएं (परामर्श सत्र) आयोजित की जाती है।
2. ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें शिक्षार्थियों की संख्या 05 अथवा 05 से अधिक किन्तु 10 से कम हो, उनमें केवल 50 प्रतिशत काउन्सिलिंग कराने की व्यवस्था है। और यदि शिक्षार्थियों की संख्या 1 से 4 है तो 25 प्रतिशत परामर्श कक्षाएँ चलाई जाती है।
3. प्रमाण–पत्र कार्यक्रम जिनमें प्रयोगात्मक कार्य अनिवार्य है को छोड़कर शेष प्रमाण–पत्र कार्यक्रमों में कोई काउन्सिलिंग नहीं करायी जाती है।
4. पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान से सम्बन्धित BLIS-04 एवं BLIS-05 तथा MLIS-07 एवं MLIS-08 के प्रयोगात्मक कार्यों के परामर्श सत्रों की संख्या निम्नानुसार विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य की गई है।

क्र0सं0	क्रेडिट	विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य परामर्श सत्रों की संख्या
1	4	5 के स्थान पर 7 सैद्धान्तिक परामर्श सत्रों सहित
2	6	9 के स्थान पर 12 सैद्धान्तिक परामर्श सत्रों सहित
3	8	12 के स्थान पर 15 सैद्धान्तिक परामर्श सत्रों सहित

शिक्षार्थियों को परामर्श सत्रों का लाभ शत–प्रतिशत मिले इसके लिए सभी अध्ययन केन्द्रों को सख्त निर्देश प्रदान किए गये हैं कि शिक्षार्थियों के लिए परामर्श सत्र शैक्षिक कैलेण्डर में वर्णित माह में सम्पन्न कराए जायें तथा परामर्श सत्रों की समय–सारणी विश्वविद्यालय के परामर्श प्रकोष्ठ को परामर्श सत्रों के संचालन से पूर्व ही प्रेषित कर दी जाय। परामर्श सत्रों की समय–सारणी अध्ययन केन्द्र अपने महाविद्यालय के सूचना–पट्ट पर भी चस्पा कराएं, जिससे शिक्षार्थियों को परामर्श सत्रों के संचालन की सूचना समय से प्राप्त हो सके।

(घ) परीक्षा एवं परिणाम (Examination and Result)

(1) परीक्षा व्यवस्था (Examination System)

(i) परीक्षा सम्बन्धी सूचनाओं के माध्यम (Medium of Information Related to Examination)

दूरस्थ शिक्षा पद्धति में शिक्षार्थी का अपने अध्ययन केन्द्र से सम्पर्क कम होने के कारण उन्हें सूचनाएँ आसानी से प्राप्त नहीं हो पातीं। दूरस्थ शिक्षा पद्धति की गतिविधियाँ तभी सशक्त एवं प्रभावी हो सकती हैं जब इसका सूचना सम्प्रेषण तन्त्र अत्यधिक सशक्त हो। यद्यपि दूरस्थ शिक्षार्थी के लिए परीक्षा सम्बन्धी सभी सूचनाएँ जैसे– अधिन्यास जमा करने की तिथि, परीक्षा–तिथि, बैक परीक्षा फार्म एवं शुल्क इत्यादि की विस्तृत सूचनाएँ प्रवेश सूचना विवरणिका में मुद्रित कराई जाती हैं किन्तु इसके अतिरिक्त शिक्षार्थी परीक्षा सम्बन्धी सूचनाएँ अपने अध्ययन केन्द्र, क्षेत्रीय केन्द्र एवं विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग से दूरभाष के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत सम्पर्क कर भी प्राप्त कर सकता है। परीक्षा सम्बन्धी सूचनाओं को अध्ययन केन्द्रों के सूचना पट्ट तथा विश्वविद्यालय मुख्यालय के सूचना पट्ट पर भी चस्पा किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाओं कों विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी शिक्षार्थी की सुविधा के लिए अपलोड किया जाता है।

(ii) सत्रान्त परीक्षाएँ (Terminal Examination)

विश्वविद्यालय द्वारा एक सत्र में दो बार सेमेस्टर पद्धति एवं वार्शिक पद्धति पर आधारित परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है। परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता एवं गुणवत्ता की दृष्टि से विश्वविद्यालय द्वारा अधिन्यास एवं सत्रान्त परीक्षा के प्रश्न–पत्रों के निर्माण का कार्य योग्य एवं अनुभवी विषय–विशेषज्ञों के माध्यम से कराया जाता है। परियोजना कार्य एवं प्रयोगात्मक कार्य की परीक्षा व्यवस्था के लिए उत्कृष्ट अध्ययन केन्द्रों को ही परीक्षा केन्द्र के रूप में चयनित किया जाता है। प्रयोगात्मक कार्यों की परीक्षा बाह्य एवं आन्तरिक विषय–विशेषज्ञों की देख–रेख में सम्पन्न कराई जाती है। सत्र को नियमित रखने की दृष्टि से परीक्षाओं का आयोजन समय पर किया जाता है और परीक्षा के उपरान्त शीघ्र ही मूल्यांकन कराकर परीक्षाफल घोषित किया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों को पूर्ण करने के लिए सभी प्रश्न–पत्रों के निर्धारित क्रेडिट को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लेने के पश्चात् ही उत्तीर्ण अंकतालिका निर्गत की जाती है तथा उपाधि प्राप्त करने हेतु अर्ह माना जाता है। शिक्षार्थियों की सुविधा की दृष्टि से परीक्षा हेतु सम्बन्धित सभी जिलों में कम से कम एक परीक्षा केन्द्र अनिवार्य रूप से बनाया जाता है। परीक्षा की सत्रांत उत्तर पुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन अलग–अलग केन्द्रों एवं मुख्यालय पर कराए जाने की व्यवस्था है।

सत्र 2018–2019 की परीक्षा का विवरण निम्न तालिका में वर्णित किया जा रहा है–

सत्र 2018–2019 की परीक्षाओं का विवरण

परीक्षा अवधि	परीक्षा प्रारम्भ होने की तिथि	परीक्षा समाप्त होने की तिथि	परीक्षा केन्द्रों की संख्या	परीक्षा में सम्मिलित कुल शिक्षार्थियों की संख्या
दिसम्बर–परीक्षा	20 / 12 / 2018	16 / 02 / 2019	119	42815
जून–परीक्षा	29 / 05 / 2018	07 / 07 / 2018	89	48503

परीक्षा अवधि में विश्वविद्यालय द्वारा कतिपय परीक्षा केन्द्रों हेतु पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की जाती है। ये पर्यवेक्षक अपनी देख–रेख में परीक्षा सम्बन्धी समस्त कार्य सम्पादित कराते हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता तथा विसंगति की सूचना पर्यवेक्षक के माध्यम से परीक्षा नियंत्रक को उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय स्तर से उड़ाका दल का भी गठन किया जाता है जो विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर जाकर परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने हेतु अनुचित साधन का प्रयोग करने वाले शिक्षार्थियों की एवं अनियमितता करने वाले परीक्षा केन्द्रों की रिपोर्ट करते हैं। पर्यवेक्षकों एवं उड़ाका दल के सदस्यों के नाम मा0 कुलपति द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं।

(iii) मूल्यांकन–पद्धति (Evaluation Process)

उत्तर प्रदेश राजर्शि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद द्वारा शिक्षार्थियों के शैक्षिक उपलब्धियों के स्तर के मूल्यांकन हेतु सामान्यतः त्रिस्तरीय मूल्यांकन पद्धति अपनायी गयी है। जिसका विवरण इस प्रकार है–



(अ) स्व–मूल्यांकन (**Self Evaluation**)

दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली के शिक्षार्थियों को परम्परागत शिक्षार्थियों के समान कक्षा में नियमित बैठकर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त नहीं होता है, जिसके कारण शिक्षार्थी अपनी समस्याओं का समाधान अध्यापक से कक्षा में प्राप्त नही कर पाते। दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में अध्यापक की कमी को पूर्ण करने के लिए शिक्षार्थी को स्व–अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। स्वअध्ययन सामग्री का शिक्षार्थी स्वतः अध्ययन करता है और स्वयं सीखता है। शिक्षार्थी ने स्वअध्ययन के माध्यम से विशयवस्तु को कितना सीखा उसका आकलन वह हर इकाई के अन्त में दिए गये प्रश्नों एव उनके उत्तरों से मिलान कर स्वयं करता है। शिक्षार्थी द्वारा किए गये स्वमूल्यांकन का कोई अधिभार परीक्षा परिणाम में नही जोड़ा जाता है।

(ब) सत्रीय मूल्यांकन (**Sessional Evaluation**)

इस विश्वविद्यालय में नामांकित शिक्षार्थियों को सत्रीय कार्य हेतु अधिन्यास कार्य को पूर्ण करना होता है। शिक्षार्थी को अपने कार्यक्रम से सम्बन्धित अधिन्यास कार्य की हस्तलिखित उत्तर पुस्तिका अपने अध्ययन केन्द्र पर यथासमय जमा करना अनिवार्य है। यदि किसी शिक्षार्थी द्वारा अपनी सत्रान्त परीक्षा से पूर्व अधिन्यास कार्य पूर्ण नहीं किया जाता तो उसे उस सत्र की परीक्षा में बैठने से रोक दिया जाता है। अधिन्यास उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन 30 अंकों में उसी अध्ययन केन्द्र के शिक्षकों द्वारा किया जाता है।

(स) सत्रान्त परीक्षा (**Terminal Examination**)

विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रम के स्वभाव के अनुसार वर्ष में दो बार परीक्षाओं का आयोजन कराया जाता है। सेमेस्टर प्रणाली एवं वार्षिक प्रणाली की परीक्षाएँ उनकी निर्धारित अवधिक पूर्ण होने पर दिसम्बर व जून माह में आयोजित की जाती हैं। सत्रान्त परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 70 अंकों में कराया जाता है। अधिन्यास कार्य के अंक एवं सत्रान्त परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए परीक्षा परिणाम घोषित किए जाते हैं।

(2) परीक्षा से सम्बन्धित उपलब्ध सुविधाएँ **(Available Facilities Related to Examination)**

1- परीक्षा फार्म से सम्बन्धित सुविधाएँ (Facilities Related to Examination)

इस विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करते ही परीक्षा से सम्बन्धित सूचनाओं को भी ऑनलाइन ही भरवा लिया जाता है। शिक्षार्थी को परीक्षा हेतु अलग से फार्म भरने की आवश्यकता नही होती है। प्रवेश फार्म में पूरित आकड़े ही परीक्षा अनुभाग को ऑनलाइन उपलब्ध हो जाते हैं। ऐसा करने से न केवल शिक्षार्थी वरन विश्वविद्यालय के भी श्रम, समय एवं धन की बचत होती है।

2- इच्छानुसार परीक्षा में सम्मिलित होने की सुविधा (To Appear in Examination as Per Candidate Wish)

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित लगभग सभी कार्यक्रमों में यू.जी.सी. के दिशा–निर्देश के अनुपालन में सी.बी.सी.एस. पाठ्यक्रम संरचना को लागू कर दिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों में मानकानुसार क्रेडिट पद्धति को लागू किया गया है। शिक्षार्थी को कार्यक्रम पूर्ण करने के लिए न्यूनतम अवधि से लेकर अधिकतम अवधि का प्रावधान किया गया है। शिक्षार्थी को न्यूनतम अवधि से लेकर अधिकतम अवधि तक कार्यक्रम को अपनी इच्छानुसार पूर्ण करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। निर्धारित अवधि तक कार्यक्रम के लिये अनुमन्य क्रेडिट को पूर्ण कर लेने की दशा में शिक्षार्थी को उत्तीर्ण की अंकतालिका प्रदान कर दी जाती है। यदि शिक्षार्थी द्वारा नियत समय में सभी प्रश्नपत्रों की परीक्षा नहीं पूर्ण की जाती तो उसे बैक शिक्षार्थी के रूप में अपने क्रेडिट को पूर्ण करने की स्वतंत्रता प्रदान की गई है। जिसके लिए उसे ऑनलाइन बैक परीक्षा फार्म भरना पड़ता है।

1- बैक परीक्षा की सुविधा (Facility of Back Paper Examination)

शिक्षार्थी द्वारा प्रवेश के पश्चात् यदि नियत सत्र में अपने अनुमन्य प्रश्न–पत्रों की परीक्षा नहीं दी जाती या वह अनुत्तीर्ण हो जाता है तो उसे उन प्रश्नपत्रों को पूरा करने हेतु आगामी परीक्षा में बैक शिक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होना होता है। इसके लिए शिक्षार्थी को प्रति प्रश्नपत्र निर्धारित शुल्क ऑनलाइन चालान के माध्यम से या डेबिटकार्ड एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा करने होते हैं। बैक परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है। उसे ऑनलाइन ही भरना होता है। शिक्षार्थी को बैक परीक्षा में भी बैठने के लिए नियमानुसार अधिन्यास कार्य/सत्रीय कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होता है। यदि एक बार अधिन्यास कार्य जमा कर दिया गया है और शिक्षार्थी उसमें उत्तीर्ण हो चुका है तो उसे पुनः अधिन्यास कार्य जमा करने की आवश्यकता नहीं होती।

2- परीक्षा समय–सारणी की ऑनलाइन उपलब्धता (Availability of On-Line Examination Time-Table)

परीक्षा समय–सारणी को भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाता है। शिक्षार्थी घर बैठे परीक्षा समय–सारणी को डाउनलोड कर परीक्षा सम्बन्धी वांछित सूचनाओं को आसानी से प्राप्त कर लेते हैं।

3- परीक्षा प्रवेश पत्र एवं अंकपत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता (On-Line Availability of Examination Admit Card and Marksheets)

विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा प्रवेश पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाता है। शिक्षार्थी अपनी सुविधानुसार उसे डाउनलोड कर अपने परीक्षा केन्द्र पर जाकर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। ऐसे शिक्षार्थी जिन्होंने परीक्षा से पूर्व अपने अधिन्यास कार्य को पूर्ण नहीं किया है उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान नहीं की जाती है।

विश्वविद्यालय द्वारा मूल्यांकन कार्य की समाप्ति के पश्चात् तथा परीक्षा परिणाम घोशित हो जाने के उपरान्त शिक्षार्थियों के अंकपत्र को भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाता है। शिक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपने अंकपत्र को डाउनलोड कर अपने परिणाम के सम्बन्ध में जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

1- परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की सुविधा (Facility to Change the Examination Centre)

शिक्षार्थी की सुविधा को दृश्टिगत रखते हुये परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की सुविधा भी विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों को प्रदान की जाती है। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन की शर्तों को ध्यान में रखते हुए एवं नियमानुसार निर्धारित शुल्क का भुगतान करने की दशा में शिक्षार्थी के परीक्षा केन्द्र को भी परिवर्तित करने की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।

2- संवीक्षा का प्रावधान (Provision of Scrutiny)

संवीक्षा हेतु शिक्षार्थी को परीक्षा परिणाम घोशित हो जाने की तिथि से 1 माह के अन्दर निर्धारित शुल्क का भुगतान ऑनलाइन चालान/क्रेडिट कार्ड/डेविट कार्ड के माध्यम से जमा करना होता है। इसके साथ ही शुल्क जमा के प्रिन्ट आउट के साथ संवीक्षा हेतु प्रार्थना पत्र परीक्षा नियंत्रक महोदय को प्रेशित करना होता है। तत्पश्चात् परीक्षा नियंत्रक द्वारा शिक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका की संवीक्षा कराई जाती है।

3- ग्रेड/श्रेणी विभाजन (Grade/Division of Classes)

सी.बी.सी.एस. पद्धति पर आधारित कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले शिक्षार्थियों को निम्नानुसार ग्रेड आबंटित किए जायेंगे–

Letter Grade	Grade Point	% Range
O (Outstanding)	10	90+
A+ (Excellent)	9	80+
A (Very Good)	8	70+
B+ (Good)	7	60+
B (Above Average)	6	50+
C (Average)	5	40+
P (Pass)	4	36+
F (Fail)	0	<36
Ab (Absent)	0	

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में नामांकित पुराने शिक्षार्थियों को पुरानी व्यवस्था के अनुसार ही निम्नानुसार श्रेणी प्रदान की जाती है–

शिक्षार्थी को श्रेणी का आबंटन	
प्रथम श्रेणी	60 प्रतिशत और अधिक
द्वितीय श्रेणी	48 प्रतिशत और उससे अधिक परन्तु 60 प्रतिशत से कम
तृतीय श्रेणी	36 प्रतिशत और उससे अधिक परन्तु 48 प्रतिशत से कम
अनुत्तीर्ण	36 प्रतिशत से कम

सत्र 2016–17 की परीक्षाओं में उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को 13वें दीक्षान्त समारोह में उपाधि, डिप्लोमा व प्रमाण–पत्र प्रदान किए गये। उनकी कार्यक्रमवार संख्या तथा सम्बन्धित अन्य विवरण परिशिष्ट–6 पर उपलब्ध है।

(छ) दीक्षान्त समारोह (Convocation)

दिनांक 18 सितम्बर 2018 को सरस्वती परिसर स्थित मदन मोहन मालवीय दीक्षान्त समारोह प्रांगण में उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षान्त समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस शैक्षिक समावर्तन समारोह में विविध कार्यक्रमों की परीक्षा पूर्ण करने वाले शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी तथा भावी कल्याणमय जीवन हेतु मार्गदर्शन व आशीर्वाद देने की गरिमामयी परम्परा का निर्वाह किया गया।

दीक्षान्त समारोह के अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय राज्यपाल उ0प्र0 एवं कुलाधिपति श्री राम नाईक जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में व्याप्त अपने अध्ययन केन्द्रों एवं क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से उच्च शिक्षा की सार्वभौमिकता को एक नवीन सार्थक दिशा प्रदान कर रहा है। गुणवत्तायुक्त, कौशलपरक एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान करने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए यह विश्वविद्यालय निरन्तर प्रयत्नशील है। अंत में माननीय कुलाधिपति महोदय ने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

मा0 कुलाधिपति जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के इस द्वादश दीक्षान्त समारोह में दीक्षान्त वेश–भूशा के रूप में भारतीय परिधान धारण करने की अनिवार्य व्यवस्था थी। उपाधि धारक पुरुष शिक्षार्थियों ने सफेद कुर्ता और पायजामा तथा महिला शिक्षार्थियों ने हल्के पीले रंग की मैरून बार्डरदार साड़ी के ऊपर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त पीले रंग का उत्तरीय धारण कर उपाधियाँ ग्रहण की। साथ ही विश्वविद्यालय के अधिकारियों व प्राध्यापकों में भी पुरुशों हेतु सफेद धोती–कुर्ता और महिलाओं हेतु हल्की पीली साड़ी दीक्षान्त वेशभूषा के रूप में अनुमन्य थी, जिसके अनुपालन द्वारा सम्पूर्ण दीक्षान्त सभामण्डप एक शैक्षिक महापर्व की अनुपम गरिमा से आलोकित हो उठा था।

दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के माननीय कुलपति प्रो0 नागेश्वर राव ने अपने गरिमामय दीक्षान्त अभिभाशण से उपाधिधारक छात्र–छात्राओं में एक नवीन ऊर्जा का संचार किया और उन्हें प्रेरणा प्रदान की। कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। त्रयोदश दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्याशाखाओं के विभिन्न कार्यक्रमों में नामांकित 20 मेधावी शिक्षार्थियों को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिये स्वर्ण पदक प्रदान किये गए।

(घ) पुस्तकालय (Library)

शिक्षार्थियों की शैक्षिक उन्नति एवं संवर्धन में पुस्तकालयों का महत्वपूर्ण स्थान है। पुस्तकालय के बिना किसी भी शिक्षा संस्था का विकास संभव नहीं है। पुस्तकालय का आदर्श वातावरण शिक्षार्थियों को अध्ययन हेतु प्रेरित करता है। शिक्षार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के समस्त क्षेत्रीय केन्द्रों पर पुस्तकालयों की व्यवस्था सुनिश्चित
करने की योजना को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थापित विश्वविद्यालय के अनेकानेक अध्ययन केन्द्रों पर भी छात्रों को पुस्तकालय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विश्वविद्यालय निरन्तर प्रयासरत है।

विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में स्थित भव्य नवीन केन्द्रीय याज्ञवल्क्य ग्रन्थालय का उद्घाटन माननीय कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार के कर–कमलों से सम्पन्न हुआ। याज्ञवल्क्य ग्रन्थालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

विश्वविद्यालय पुस्तकालय की स्थापना सन् 2000 ई0 में मात्र 279 पुस्तकों के साथ हुई थी। वर्तमान सत्र में पुस्तकालय में लगभग 45,220 पुस्तकें, तथा 08 समाचार पत्र–पत्रिकाएँ उपलब्ध हैं।

पुस्तकालय में इंटरनेट सर्चिंग, इलेक्ट्रानिक डाक्यूमेन्ट्स एक्सेस, रिप्रोग्राफिक सेवा तथा सन्दर्भ सेवा इत्यादि शिक्षार्थी को प्रदान की जाती है। पुस्तकालय में इलेक्ट्रानिक लाईब्रेरी (e-Library) की भी सुविधा शिक्षार्थियों एवं प्राध्यापकों के लिए उपलब्ध है। जिसके अन्तर्गत डेलनेट एवं यू.जी.सी. इन्फोनेट के माध्यम से ऑन–लाइन जर्नल्स एवं डाटाबेस सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। पुस्तकालय की अन्य गतिविधियों को पूर्णतया स्वचालित करने हेतु पुस्तकालय एवं सूचना नेटवर्क, अहमदाबाद द्वारा विकसित सोल 2.0 का प्रयोग किया जा रहा है। कुल लगभग 35,000 पुस्तकों का कम्प्यूटराइज्ड डाटाबेस विश्वविद्यालय द्वारा तैयार कराया जा चुका है। पुस्तकालयी सेवाओं को दूरस्थ शिक्षा के शिक्षार्थियों तक पहुँचाने हेतु इसे विश्वविद्यालय वेबसाइट से भी जोड़े जाने की योजना अन्तिम चरण में है।

सेवा स्थापना (Placement)

विश्वविद्यालय का सेवा स्थापना प्रकोष्ठ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन (गंगा परिसर) में सुचारू रूप से कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा प्लेसमेंट सम्बन्धित सूचनाओं की जानकारी जनमानस तक आसानी से सर्वसुलभ हो इसके लिए अलग से वेबसाइट का निर्माण कराया गया है। प्लेसमेंट सेल के निरन्तर प्रयास के द्वारा कैम्पस साक्षात्कार आयोजित कराकर विश्वविद्यालय अपने शिक्षार्थियों के लिए रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। प्लेसमेंट सेल की सक्रियता के कारण कई शिक्षार्थी इस अवसर से लाभान्वित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर व्यवसाय कर रहे हैं।

5 शोध, परामर्श एवं प्रसार
(Research, Consultancy and Extension)

अनुसंधान मानव जीवन का एक अनिवार्य अंग है। मनुष्य एक बुद्धिजीवी प्राणी है। चिन्तन मानव मस्तिष्क की विशेष प्रक्रिया है और सभी क्षेत्रों में मानव की उन्नति का आधार है। अगर हमारे सामने कोई समस्या उपस्थित हो जाए तो उसे सुलझाने के लिए चिन्तन करना पड़ता है। आज तक जीवन के विविध क्षेत्रों में जो प्रगति हुई है और जिन सुख–सुविधाओं का हम अनुभव करते हैं, उन सबका आधार अनुसंधान है। शोध या अनुसंधान का हर क्षेत्र में बहुत महत्व है। ज्ञान के क्षेत्र में तो इसकी सर्वाधिक आवश्यकता है, क्योंकि शिक्षा का मुख्य कार्य केवल ज्ञान का प्रसार करना ही नहीं है, बल्कि ज्ञान को शुद्धता की कसौटी पर कसना भी है। शोध अथवा अनसंधान के द्वारा ही नवीन ज्ञान को प्रकाश में लाया जा सकता है तथा पुरान त्रुटियों एवं भ्रान्त धारणाओं का परिमार्जन किया जा सकता है। इसके द्वारा पुराने ज्ञान को युगानुरूप नवीनता प्रदान की जाती है।

शिक्षा वास्तव में समाज के लिए होती है। इसीलिए व्यक्ति जीवन को सुखी, सम्पन्न और समाज के अनुकूल कल्याणकारी बनाने में शिक्षा की भूमिका अपरिहार्य है। ज्ञान के सभी अनुशासनों का दायित्व है कि वे शिक्षा की इस सामाजिक भूमिका के निर्वहन में सहयोग दे सकें। किसी विषय का चिन्तन समाज के लिए उपयोगी कैसे हो सकता है, यह शोध के माध्यम से ही ज्ञात होता है और फिर उस ज्ञात भूमिका का समाज में प्रसार किया जाना भी शोध विद्वानों की जिम्मेदारी और समाज का अधिकार बन जाता है। शोध के माध्यम से ही किसी विशय के सम्बन्ध में समाज के लिये उचित मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया जा सकता है। सुयोग्य परामर्श प्रदान करने वाले व्यक्तियों की पहचान यही है कि उन्होंने उस विशय में उत्कृश्ट शोध कार्य किया हो और जो वर्तमान में भी अनुसंधानात्मक गतिविधियों में निरन्तर संलग्न हों।

कोई भी शिक्षा संस्था मूल रूप से अपने समाज के प्रति उत्तरदायी होती है। वह अप्रत्यक्ष रुप से समाज के दर्शन को ही व्यवहार में लाने का एक अभिकरण है। इसलिए विविध सामाजिक गतिविधियों के आयोजन द्वारा अधिसंख्य जन–समुदाय को शिक्षा की इस सामाजिक भूमिका से प्रभावित करते हुए संस्था की चाहरदीवारी के बाहर व्यापक क्षेत्र में ज्ञान का प्रसार शिक्षा और शोध का आवश्यक अंग है। इस प्रकार हम देखते हैं कि उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं शोध की उपादेयता स्वंयसिद्ध है। शोधोन्मुखी शिक्षा ही समाज की प्रगति में बहुमुखी सहयोग प्रदान करते हुए अपनी सार्थकता सिद्ध करने में समर्थ हो सकती है।

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ उच्च शिक्षा के प्रसार एवं शोध के क्षेत्र में भी निरन्तर प्रयत्नशील है। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर समसामयिक एवं गुणवत्तायुक्त शोध के लिए व्यापक सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। विश्वविद्यालय के याज्ञवल्क्य ग्रन्थालय में संदर्भ व मान्य पुस्तकों की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए डिजिटल लाईब्रेरी की भी व्यवस्था शोधार्थियों के लिए की गई है। विश्वविद्यालय ने यूनिवर्सिटी मैनेजमेण्ट सिस्टम (ईआरपी–यू0एम0एस0) को अपनाकर तेजी से विकसित हो रही आधुनिक संचार प्रणाली और ऑनलाइन सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण कार्य करते हुए भारत सरकार की डिजिटल इंडिया मुहिम को साकार रुप देने का प्रयास किया है। ऑन लाइन सुविधाओं से अनुसंधान कार्य की गुणवत्ता तथा शिक्षक–शिक्षार्थी संवाद में आशातीत वृद्धि के सुपरिणाम सामने आए हैं।

शोध प्रकोष्ठ (Research Cell)

शोध कार्यों के व्यवस्थापन तथा सुचारु संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2003–04 में शोध प्रकोश्ठ की स्थापना की गई थी। इसका कुशल मार्गदर्शन शिक्षा विद्याशाखा के तत्कालीन निदेशक प्रो. एस.पी. गुप्ता द्वारा 10 से अधिक वर्शो तक प्रभावशाली ढंग से किया गया। वर्तमान में यह प्रकोष्ठ शिक्षा विद्याशाखा के ही प्रभारी निदेशक एवं आचार्य प्रो. पी.के. पाण्डेय के मार्गदर्शन में सक्षमता के साथ क्रियाशील है। राष्ट्रीय उत्थान एवं समाज के विकास के लिए शोध अति आवश्यक है। इसीलिए विश्वविद्यालय का शोध प्रकोश्ठ शोध में गुणात्मक वृद्धि के लिए निरन्तर सक्रिय है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (U.G.C.) द्वारा जारी रेग्यूलेशन 2009 के पूर्व विश्वविद्यालय में प्रवेशित शोधार्थियों को पूर्व की भांति सत्र 2018–19 में भी विभिन्न विषयों में शोध उपाधि प्रदान की गई। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (U.G.C.) ने पत्र संख्या F-2-1/2017(DEB-III) दिनांक 15 फरवरी 2017 द्वारा पुनः विश्वविद्यालय को एम.फिल. व पी–एच.डी. कार्यक्रम संस्थागत माध्यम से प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान कर दी है। इस क्रम में यू.जी.सी.(Minimum Standards and Procedure for Award of M.Phil/Ph.D Degree) Regulations -2016 का अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा शोध अध्यादेश में वांछित संशोधन कार्य प्रक्रियाधीन है। शोध सम्बन्धी नीति–निर्माण एवं नियमन के क्षेत्र में शोध उपाधि समिति एवं विभागीय शोध उपाधि समिति के सहयोग से विभिन्न विषयों में पी–एच.डी. कार्यक्रम के कोर्स वर्क को तैयार करने का कार्य शीघ्रता से चल रहा है। शोधार्थी का नाम, शोध का विषय एवं अन्य समस्त शोध कार्यों का एक स्पष्ट डाटाबेस शोध प्रकोष्ठ द्वारा तैयार किया गया है।

शोध उपाधि समिति का संगठन–

- कुलपति — अध्यक्ष
- कुलपति जी द्वारा नामित दो विशय विशेषज्ञ — सदस्य
- सम्बन्धित विद्याशाखा के निदेशक — सदस्य
- कुलपति द्वारा नामित योजना बोर्ड तथा विद्या परिषद का एक–एक सदस्य — सदस्य
- शोध विकास तथा समन्वय का प्रभारी — सदस्य

शोध उपाधि समिति के कार्य–

- विभिन्न विद्याशाखाओं के प्रासंगिक विषयों पर शोध कार्य हेतु मानकों का निर्माण करना।
- शोध कार्यक्रमों में शिक्षार्थियों के पंजीकरण, निर्देशन एवं अनुश्रवण आदि के लिए शोध नीतियों का निर्माण करना।
- शोध प्राथमिकताओं पर सुझाव देना।
- शोध के मूल्यांकन हेतु संसूचकों का निर्माण करना।
- विश्वविवद्यालय के शोध सम्बन्धी प्रयासों का आलेख तैयार करवाना।
- शोध विकास एवं समन्वय सम्बन्धी कार्य करना।

त्रयोदश दीक्षान्त समारोह–

विगत वर्शों की भांति उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद का त्रयोदश दीक्षान्त समारोह मंगलवार, दिनांक 18 सितम्बर 2018 को पं0 मदन मोहन मालवीय दीक्षान्त समारोह स्थल में आयोजित किया गया। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि इन्दिरा गॉधी राश्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के माननीय कुलपति प्रो0 नागेश्वर राव जी रहे एवं अध्यक्षता माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री रामनाईक जी ने की। दीक्षान्त समारोह में दिसम्बर 2017 व जून 2018 की परीक्षा में उत्तीर्ण लगभग 21 हजार परीक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। जिनमें छात्रों की संख्या 11173 तथा छाआओं की संख्या 9655 रही। विगत वर्ष की भाँति इस दीक्षान्त समारोह को भी भारतीय पारम्परिक परिधान में ही आयोजित किया गया। इस दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थियों को ऑन लाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गयी।

इस त्रयोदश दीक्षान्त समारोह में पी–एच.डी. उपाधि हेतु अर्ह कुल 26 शोध छात्र/छात्राओं को उपाधि प्रदान की गयी जिनका विशयवार विवरण निम्नानुसार है–

क्र.सं.	शोध कार्यक्रम का विषय	शोधार्थी संख्या
1.	प्राचीन इतिहास	03
2.	इतिहास	01
3.	राजनीति विज्ञान	01
4.	समाजशास्त्र	03
5.	वाणिज्य	01
6.	प्रबन्धन	02
7.	अंग्रेजी	01
8.	हिन्दी	04
9.	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान	01
10.	पत्रकारिता एवं जनसंचार	02
11.	संस्कृत	03
12.	कम्प्यूटर विज्ञान	01
13.	शिक्षाशास्त्र	03
	कुल योग	26

प्राध्यापकों का संव्यावसायिक विकास–

विश्वविद्यालय कार्यरत प्राध्यापकों के संव्यावसायिक विकास एवं उनके अकादमिक उत्थान हेतु निम्न सुविधायें एवं अवसरों को उपलब्ध कराता है–

- शोध कार्य
- लघु एवं दीर्घ अवधि शोध परियोजनाओं का संचालन
- शोध निर्देशन
- शोध प्रकाशन
- स्व–अध्ययन सामग्री का निर्माण
- राश्ट्रीय एवं अंतर्राश्ट्रीय सेमिनार, संगोश्ठियों एवं कार्यशालाओं में प्रतिभाग
- ओरियन्टेशन एवं रिफ्रेशर कार्यक्रमों में प्रतिभाग
- अन्य संस्थाओं में व्याख्यान एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग
- सेमिनार, संगोश्ठियों, व्याख्यान एवं कार्यशालाओं का आयोजन आदि।

विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशन एवं विमोचन–

कोई भी अनुसंधान कार्य अथवा सामुदायिक स्तर पर किया जाने वाला प्रसार कार्य बिना प्रकाशन के अपनी सम्पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकता। शोध कार्यो का लाभ समाज को तभी मिल सकता है जब विविध प्रकाशनों के माध्यम से शोध के लाभकारी निश्कर्श जन–सामान्य के सम्मुख प्रस्तुत किये जाते हैं। वस्तुतः किसी शिक्षण संस्थान में वर्श भर होने वाले शैक्षिक क्रिया–कलापों के विवरण को प्रकाशित करने वाली समस्त सामग्री कहीं न कहीं उस संस्था के शिक्षा दर्शन और उद्देश्यों से जुड़ी हुई होती हैं, जिन्हें समाज में प्रसारित करके वह शिक्षा संस्था अपने शैक्षिक व सामाजिक लक्ष्यों का प्रकाशन करती है।

उपर्युक्त ढंग से देखा जाय तो उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में सत्र 2018–19 में हुए प्रकाशनों एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रमों को निम्नानुसार लिपिबद्ध किया जा सकता है–

1. **प्रवेश सूचना विवरिणका–** विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षिक कार्यक्रमों के सम्बन्ध में प्रवेश –पात्रता, कार्यक्रम अवधि, शुल्क आदि समस्त विवरणों को समाहित करते हुए विश्वविद्यालय में वर्श पर्यन्त किये जाने वाले कार्यो की रूपरेखा प्रस्तुत करने वाली सत्र 2018–19 की प्रवेश सूचना विवरणिका का पुस्तिका रूप में प्रकाशन होने के साथ–साथ इसे वेबसाइट पर अपलोड भी कराया गया ताकि ''कोई भी, कहीं भी, कभी भी'' के आधार पर ''शिक्षा शिक्षार्थी के द्वार तक'' पहुँचाने की संकल्पना को मूर्त दिया जा सके।
2. **एम0बी0ए0 एवं एम0सी0ए0 प्रवेश परीक्षा विवरणिका विमोचन**



1. अध्ययन केन्द्र संचालन निर्देशिका का विमोचन– दिनांक 16 मई 2018 को राजभवन, लखनऊ में अध्ययन केन्द्र संचालन निर्देशिका का विमोचन करते हुए माननीय श्री राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीयुत रामनाईक जी एवं कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह

2. दूरस्थ शिक्षा अनुसंधान केन्द्र द्वारा किये गये महत्वपूर्ण प्रकाशन– शिक्षार्थी सहायता सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये विश्वविद्यालय में स्थापित दूरस्थ शिक्षा अनुसंधान केन्द्र के शोध कार्य बहुत उपयोगी सिद्ध हुए हैं। विगत वर्षो में 'दीक्षान्तिका' और 'वैचारिकी' जैसे विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण प्रकाशनों के क्षेत्र में इस केन्द्र का प्रभावी योगदान रहा है। वर्तमान में विश्वविद्यालय की अर्द्धवार्षिक सूचना पत्रिका का प्रकाशन दूरस्थ शिक्षा अनुसंधान केन्द्र द्वारा किया जा रहा है साथ ही विभिन्न अवसरों पर विश्वविद्यालय में आयोजित विचार गोष्ठियों में अतिथि वक्ताओं एवं कुलपति महोदय के अध्यक्षीय उद्बोधनों का एक संकलन प्रकाशित करने की योजना पर कार्य चल रहा है।

3. 'भूमण्डलीकरण का सांस्कृतिक दर्शन' पुस्तक का विमोचन–

दिनांक 27 मार्च 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में 'हिन्दी सिनेमा' में मूल्यों के बदलते प्रतिरुप विषय पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं फिल्म महोत्सव का आयोजन हुआ साथ ही डॉ0 अतुल कुमार मिश्र, शैक्षणिक परामर्शदाता दर्शनशास्त्र की पुस्तक 'भुमण्डलीकरण का सांस्कृतिक दर्शन' पुस्तक का विमोचन माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह, डॉ0 डी0एन0 द्विवेदी एवं श्री हरि बोरीकर जी के कर कमलों से हुआ।

4. 'योग विज्ञान एवं मानव स्वास्थ्य : पुस्तक विमोचन

दिनांक 21 जून 2018 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वरिष्ठ सहायक आचार्य डॉ0 जी0 के0 द्विवेदी एवं डॉ0 श्रुति तथा स्वास्थ्य विज्ञान के निदेशक प्रो0 (डॉ0) जी0 एस0 शुक्ला के द्वारा संपादित पुस्तक 'योग विज्ञान एवं मानव स्वास्थ्य' का विमोचन माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह एवं डॉ0 सुनीता सिंह जी के द्वारा किया गया।

5. दिनांक 15 नवम्बर 2018 को अपना 'स्पंदन' नामक कविता संग्रह माननीय कुलपति जी को भेंट करती हुई डॉ0 रुचि बाजपेई, सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, हिन्दी एवं साथ में विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशकगण डॉ0 पी0 पी0 दुबे, डॉ0 आर0पी0एस0 यादव, प्रो (डॉ0) जी0 एस0 शुक्ला, डॉ0 आशुतोष गुप्ता, प्रो0 सुधांशु त्रिपाठी एवं डॉ0 विनोद कुमार गुप्त उपनिदेशक मानविकी विद्याशाखा रहें।

संगोष्ठियों, कार्यशालाओं तथा व्याख्यान कार्यक्रमों का आयोजन

सूचना एवं तकनीकी के इस युग में विश्वविद्यालय शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ उनका सर्वांगीण विकास करने हेतु भी कटिबद्ध है। विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने के लिए, गवेशणात्मक व अनुसंधात्मक सवंर्द्धन के लिये महत्वपूर्ण एवं समसामयिक विषयों पर अनेक संगोष्ठियों तथा कार्यशालाओं का आयोजन इस वर्ष किया गया जिनका विवरण अग्रांकित है–

- दिनांक 17 मार्च, 2018 को मानविकी विद्याशाखा के तत्वाधान में 'संस्कृत वाड्मय में वैज्ञानिक संचेतना विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि डॉ0 ओम प्रकाश, अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विशिट अतिथि/विशिष्ट वक्ता प्रो0 हरिदत्त शर्मा पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद रहे। अध्यक्षता मा0 कुलपति प्रो0 के0 एन0 सिंह ने की।
- दिनांक 27–28 मार्च 2018 को मानविकी विद्याशाखा के तत्वावधान में दर्शनशास्त्र विषय में 'हिन्दी सिनेमा में मूल्यों के बदलते प्रतिरुप विषय पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि श्री हरि बोरीकर तथा विशिष्ट अतिथि प्रो0 डी0एन0 द्विवेदी रहे तथा अध्यक्षता प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की। समापन सत्र के मुख्य अतिथि श्री धनंजय चोपड़ा रहे। संगोष्ठी निदेशक डॉ0 आर0पी0एस0 यादव तथा आयोजन सचिव डॉ0 अतुल कुमार मिश्र रहे।
- उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त वि0वि0 में शिक्षा विद्याशाखा द्वारा 27 अप्रैल 2018 को लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में 'मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षक–शिक्षा कार्यक्रम का पुनर्निर्माण' पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह गौर एवं मुख्य वक्ता उ0 प्र0 राजर्शि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के पूर्व निदेशक, शिक्षा विद्यशाखा के प्रो0 एस0पी0 गुप्ता रहे तथा प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने की।

प्रशिक्षण कार्यशाला में बी0एड0 के 10 अध्ययन केन्द्रों तथा बी0एड0 (विशिश्ट शिक्षा) के 08 अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों एवं परामर्शदाताओं ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि दूरस्थ शिक्षा की संकल्पना अन्त्योदय की संकल्पना पर आधारित है। उन्होंने 'सबको शिक्षा सबको ज्ञान, राजर्शि टण्डन की यही पहचान' के सूत्र वाक्य को जन–जन तक पहुँचाने की अपील की। प्रो0 सिंह ने कहा कि वर्तमान में परिस्थिति कोई भी हो शिक्षकों को समर्पण भाव से कार्य करते हए अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए क्योंकि शिक्षक ही मानव निर्माण की कुंजी हैं।

- दिनांक 01 सितम्बर 2018 को उ0प्र0 राजर्शि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की विज्ञान विद्याशाखा द्वारा एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सिम्पोजियम 'स्टेटिटिकल टेक्निक्स, बिग डाटा एनालिसिस एण्ड रिसर्च' विशय पर आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।
  अन्तर्राष्ट्रीय सिम्पोजियम का संचालन आयोजन सचिव डॉ0 श्रुति ने किया । संयोजक डॉ0 आशुतोष गुप्ता रहे। सिम्पोजियम में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किये।
- दिनांक 28 नवम्बर 2018 को उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद द्वारा विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में ई–गवर्नेन्स विषय पर वर्कशाप एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी रहे।
  विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0–यू0एम0एस0 साफ्टवेयर के अन्तर्गत क्रमशः परीक्षा, प्रशासन, पाठ्यसामग्री एवं लेखा हेतु निर्मित माड्यूल्स पर प्रशिक्षण के लिये विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को ओम्नीनेट के विशेषज्ञों अरविन्द यादव, टाइट् वर्गीज तथा सुनील द्विवेदी ने मार्गदर्शन प्रदान किया।
- 6–7 दिसम्बर 2018 को उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद की समाज विज्ञान विद्याशाखा 'भारतीय संस्कृति में वैष्विक दृश्टि' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित हुआ। सेमिनार के उद्‌घाटन सत्र के मुख्य अतिथि उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज के अध्यक्ष, प्रो0 ईश्वर शरण विश्वकर्मा जी रहे तथा समापन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी एवं विजिटिंग प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आई0आई0टी0, बी0एच0यू0 वाराणसी के डॉ0 पृथ्वीष नाग जी रहे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।
- 13–14 दिसम्बर 2018 को मानविकी विद्याशाखा के तत्वावधान में 'स्वअध्यन सामग्री लेखन विषय पर द्विदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो0 के0 एन0 एस0 यादव, कुलसचिव, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवॉ, मध्यप्रदेश, प्रो0 पी0के0 विश्वास, नई दिल्ली तथा प्रो0 पी0के0 साहू,प्रयागराज विषय विशेषज्ञ के रुप में रहे। अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 के0एन0 सिंह ने की।
- उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शिक्षा विद्याशाखा के तत्वाधान में दिनांक 19 जनवरी 2019 को ''दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम–क्रियान्वयन के मुद्‌दे एवं चुनौतियाँ'' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि डॉ0 कमलेश कुमार पाण्डेय, आयुक्त दिव्यांग जन तथा अध्यक्ष, भारतीय पुर्नवास परिशद्, नई दिल्ली रहे तथा राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 के0एन0 सिंह जी ने की।
- दिव्य प्रेम मिशन हरिद्वार, गंगा समग्र ग्रामीण संविकास संस्थान गोरखपुर एवं उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में 26वें पृथ्वी पर्व भूगोल कुम्भ के अवसर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'गंगा मैदान का प्रादेशिक संविकास' का आयोजन दिनांक 16–17 फरवरी 2019 को दिव्य प्रेम सेवा मिशन के पण्डाल में किया गया। भूगोल कुम्भ की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर नारायण जी ने की। कार्यक्रम संयोजक उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह एवं कार्यक्रम सचिव प्रो0 एन0के0 राणा रहे।
- 29 एवं 30 अप्रैल, 2019 को सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थसभागार में 'International Conference on Biological Science and Bio-Statistics' विषयक दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।
- 24 से 26 मई 2019 तक शिक्षा विद्याशाखा के तत्वाधान में 'Addressing Barriers in the Environment and Universal Design' विषयक त्रिदिवसीय सतत् पुनर्वास शिक्षा (सी0आर0ई0) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्‌घाट्न सत्र के मुख्य अतिथि जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति प्रो0 योगेन्द्र चन्द्र दुबे समापन सत्र के मुख्य अतिथि शिक्षा विद्याशाखा के पूर्व निदेशक प्रो0 एस0पी0 गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक कुलपति प्रो0 ओम जी0 गुप्ता ने की।
- दिनांक 01 जून 2019 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शिक्षा विद्याशाखा के तत्वावधान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी मुक्त एवं दूरस्थ अधिगमः मुद्‌दे, चुनौतियॉ एवं उत्पादकता विषय पर सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में आयोजित की गयी। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति सखाराम सिंह यादव जी रहे। मुख्य वक्ता श्री शिव कुमार, अखिल भारतीय मंत्री, विद्याभारती, नई दिल्ली रहे। सारस्वत अतिथि प्रो0 कौशल किशोर शर्मा, आचार्य, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, रहे एवं अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।



ई–सोविनियर का उद्घाटन करते सम्मानित अतिथिगण एवं विश्वविद्यालय के सदस्यगण

- विश्वविद्यालय की मानविकी विद्याशाखा एवं याज्ञवल्क्य ग्रन्थालय के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 29 जून 2019 को सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में 'एकेडमिक लाइब्रेरीजः स्ट्रेटजीस फॉर सस्टेनेबुल डेवलमेंट इन आईसीटी इरा' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार एवं पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 टी0एन0 दुबे की विदाई समारोह का अयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रींवा के कुलपति प्रसिद्ध सांख्यकीविद प्रो0 केदार नाथ सिंह यादव जी तथा विशिष्ट अतिथि राजभवन, लखनऊ के विशेष कार्याधिकारी (ओ0एस0डी0) श्री राजवीर सिंह राठौर जी एवं मुख्य वक्ता आगरा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो0 यू0सी0 शर्मा रहे। राष्ट्रीय सेमिनार की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।



सोविनियर का उद्घाटन करते सम्मानित अतिथिगण एवं विश्वविद्यालय के सदस्यगण

समन्वयक कार्यशालाओं प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं योगाभ्यास सत्रों का आयोजन

दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली की शैक्षिक और प्रशासनिक व्यवस्था का संचालन क्षेत्रीय केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों के सक्रिय सहयोग के बिना संभव नही है। इसके लिए विश्वविद्यालय मुख्य परिसर एवं क्षेत्रीय केन्द्रों पर समन्वयक कार्यशालाओं का आयोजन करके अपनी कार्य प्रणाली तथा नवीन सूचनाओं से अवगत कराते हुए क्षेत्रीय एवं अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ–साथ दूरस्थ व मुक्त शिक्षा संबंधी जागरूकता और प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है।

इस वर्ष भी 'मुक्त शिक्षाः चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों/प्राचार्यो की कार्यशालाओं का प्रदेश के विभिन्न नगरों में आयोजन किया गया।

- दिनांक 15 जुलाई 2018 को विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के वाराणसी क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित की गई।
- दिनांक 25 जुलाई 2018 को पं0 दीन दयाल उपाध्याय स्मृति शोध संस्थान, फरह, मथुरा में आगरा, नोएडा, मेरठ एवं बरेली क्षेत्रीय केन्द्रों के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/ समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित की गयी।
- दिनांक 30 जुलाई 2018 को दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित की गयी।
- दिनांक 02 अगस्त 2018 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में इलाहाबाद क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य एवं समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित की गयी।
- दिनांक 04 अगस्त 2018 को विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/ समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित की गयी।
- दिनांक 06 अगस्त 2018 को बी0एन0एस0 गर्ल्स डिग्री कालेज बाईपास रोड परिक्रमा मार्ग जनौरा, फैजाबाद के कैम्पस में स्थित फैजाबाद क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/ समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित की गयी।
- दिनांक 09 अगस्त 2018 को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में विश्वविद्यालय के झाँसी क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के प्राचार्य/ समन्वयकों की कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के मानविकी विद्याशाखा के निदेशक एवं प्रवेश प्रभारी प्रो0 आर0पी0एस0 यादव जी ने की।
- दिनांक 09 सितम्बर 2018 को विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र टी0डी0 कालेज, जौनपुर द्वारा दूरस्थ शिक्षक–शिक्षा अभिविन्यास एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पाठ्यक्रम परिचय उपयोगिता एवं संभावनाएं विषय पर भी कार्यशालाओं की श्रृखंला का आयोजन प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रों पर किया गया जिनमें विश्वविद्यालय की विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशकगण मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

- दिनांक 04 अक्टूबर 2018 को झाँसी क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्र बुन्देलखण्ड महाविद्यालय झाँसी के परिसर में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में पाठ्यक्रम–परिचय उपयोगिता व संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 06 अक्टूबर 2018 को इलाहाबाद क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्र पंडित सुखराज रघुनाथी इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन एण्ड टेक्नालॉजी, रंजीतपुर चिलबिला प्रतापगढ़ के परिसर में उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के तत्वाधान में पाठ्यक्रम परिचय उपयोगितता व संभावनाए विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- विश्वविद्यालय की मानविकी विद्याशाखा के निदेशक तथा प्रवेश प्रभारी प्रो0 आर0पी0एस0 यादव ने दिनांक 05 अक्टूबर 2018 को जे0एस0 पी0जी0 कालेज, कसयॉ कला, सोनभद्र एवं मुसाफिर बालगोपाल महाविद्यालय रामगढ़ सोनभद्र में पाठ्यक्रम परिचय एवं छात्र संवाद कार्यक्रम सम्पन्न कराए।
- डॉ0 विनोद कुमार गुप्त, उपनिदेशक मानविकी विद्याशाखा एवं सहप्रभारी इलाहाबाद क्षेत्रीय केन्द्र ने दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 को राजा कमलाकर डिग्री कालेज शंकरगढ़ में पाठ्यक्रम परिचय एवं छात्र संवाद कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

मुख्यालय, क्षेत्रीय केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों पर योग संबंधी गतिविधियों का आयोजन–

शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आत्मिक विकास के माध्यम से ही आदर्श व्यक्ति का निर्माण संभव है। योग वास्तव में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्तित्व निर्माण का एक सार्थक एवं सोद्देश्यपूर्ण आन्दोलन है। आज पूरा विश्व योग का अनुपालन अपनी दिनचर्या में कर रहा है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित योग संबंधी कार्यक्रम इस संदर्भ में काफी लोकप्रिय हो रहा है। 75 जिलों में स्थापित अध्ययन केन्द्रों में 20 हजार से अधिक शिक्षार्थी इस वर्ष योग कार्यक्रम में पंजीकृत हुए हैं। योग को व्यावहारिक आयाम देने के लिये विश्वविद्यालय ने प्रदेश स्तर पर योग अभ्यास वर्ग एवं उसके साथ एक बौद्धिक सत्र चलाने का अभियान अपनाया है।

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2018 को विश्वविद्यालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह और उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग क्रिया करते माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह और उनकी धर्मपत्नी डॉ सुनीता सिंह एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण

इसी कड़ी में फैजाबाद, कानपुर, झाँसी आदि स्थानों पर अध्ययन केन्द्रों एवं क्षेत्रीय केन्द्रों पर भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास शिविरों का आयोजन किया गया।

- 30 अक्टूबर 2018 को क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी में मानविकी विद्याशाखा के निदेशक डॉ0 आर0पी0एस0 यादव के संयोजकत्व में योगाभ्यास एवं मूल्यांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 20 फरवरी 2019 को विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र दयाशंकर महिला महाविद्यालय बसनेहटा, हंडिया में योग कक्ष का लोकार्पण किया गया।
- 21 जून 2019 को भी विश्वविद्यालय कें गंगा परिसर में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की।

समसामयिक विषयों पर व्याख्यान कार्यक्रम

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय छात्रों में शैक्षिक जागरुकता और सामाजिक सरोकार का एक साथ विकास करने के लिए सम–सामायिक राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विषयों पर विशेषज्ञों के व्याख्यानों का आयोजन भी करता है। इस वर्ष विश्वविद्यालय के त्रयोदश दीक्षान्त समारोह के अवसर पर पहली बार 'दीक्षान्त समारोह विशेष व्याख्यानमाला' के आयोजन से शैक्षिक वातावरण के सृजन के साथ–साथ गुणवत्ता संवर्धन भी संभव हो सका।

- दीक्षान्त समारोह व्याख्यानमाला का प्रथम व्याख्यान दिनांक 29 अगस्त 2018 को भारतीय शैक्षिक परम्परा एवं महत्व विषय पर आयोजित किया गया। द्वितीय व्याख्यान दिनांक 06 सितम्बर 2018 को 'सर्वशिक्षा समावेशी शिक्षा' विषय पर, तृतीय व्याख्यान 08 सितम्बर 2018 को 'विकास का स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित हुआ। इस श्रृखंला के चतुर्थ व्याख्यान का आयोजन विकास की भारतीय अवधारणा विषय पर हुआ।
- समाज के सांस्कृतिक एवं मूल्यपरक चिन्तन का प्रतिनिधित्व करने की दिशा में विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो कामेश्वर नाथ सिंह के संयोजकत्व में 17 जनवरी 2019 को कुम्भ मेला क्षेत्र में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार द्वारा 'कुम्भः राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन का पर्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह माननीय भैया जी जोशी रहे तथा अध्यक्षता मानव सेवा उत्थान समिति के अध्यक्ष पूज्य सतपाल जी महाराज ने की। कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में प्रतिभागी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित हुये। कुम्भ में आया हुआ व्यक्ति परिष्कृत होकर लौटता है, उसे सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। जो उसे राष्ट्र हित में कार्य करने की प्रेरणा देती है। इस महान संदेश का प्रसार इस कार्यक्रम के माध्यम से हुआ।

समन्वयक कार्यशालाओं प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं योगाभ्यास सत्रों का आयोजन

दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली की शैक्षिक और प्रशासनिक व्यवस्था का संचालन क्षेत्रीय केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों के सक्रिय सहयोग के बिना संभव नही है। इसके लिए विश्वविद्यालय मुख्य परिसर एवं क्षेत्रीय केन्द्रों पर समन्वयक कार्यशालाओं का आयोजन करके अपनी कार्य प्रणाली तथा नवीन सूचनाओं से अवगत कराते हुए क्षेत्रीय एवं अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ–साथ दूरस्थ व मुक्त शिक्षा संबंधी जागरूकता और प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है।

- भारत में उच्च शिक्षा में ई–लर्निंग और मूक्सः चुनौतियाँ एवं अवसर विशय पर 12 फरवरी 2019 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित तिलक शास्त्रार्थ सभागार में मुख्य वक्ता प्रो0 ए0के0 बख्शी, कुलपति पी0डी0 एम0 विश्वविद्यालय, बहादुरगढ़, हरियाणा एवं पूर्व कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं विशिष्ट अतिथि डॉ विमल रार, संयुक्त निदेशक, गुरू अंगद देव टीचिंग लर्निंग सेन्टर मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।

महापुरूषों की जयन्तियों एवं राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय महत्व के दिवसों पर कार्यक्रम का आयोजन

भारत रत्न राजर्षि टण्डन के नाम पर स्थापित इस विश्वविद्यालय में मूल्यपरक शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए महापुरुषों के नाम पर शोधपीठ स्थापित करना, उनकी जयन्ती मनाना एवं व्याख्यान श्रृखंला चलाना हमारी प्रतिबद्धता है। इस दृष्टि से इस विश्वविद्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी गुड गर्वनेंस चेयर एवं दीन दयाल उपाधयाय शोध पीठ कार्यरत हैं। युगपुरुष स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय योगदान को देखते हुये विश्वविद्यालय के गंगा परिसर के मुख्य द्वार का नाम 'अटल स्मृति द्वार' घोषित कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ, द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के आह्वान पर इस वर्ष विश्वविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम संपादित किया गया।

- दिनांक 14 अप्रैल 2018 को भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में धूमधाम से मनायी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विनय कुमार रहे। अध्यक्षता प्रो0 (डॉ0) जी0एस0 शुक्ल, प्रभारी कुलसचिव एवं निदेशक स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा ने की। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ0 अम्बेडकर के सामाजिक योगदान की चर्चा की गई।
- 05 जून 2018 उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद में क्लीन कैम्पस, ग्रीन कैम्पस अभियान के अन्तर्गत यमुना परिसर स्थित कार्यालय में कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह के निर्देशन में वृक्षारोपण किया गया। माननीय कुलपति जी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरुकता उत्पन्न करने, अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ एक अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया।
- दिनांक 01 अगस्त 2018 को विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में राजर्षि टण्डन जयन्ती पर समारोह का आयोजन किया गया।
- दिनांक 24 सितम्बर 2018 को पं0 दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती की पूर्व संध्या पर पं0 दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ एवं मानविकी विद्याशाखा के संयुक्त तत्वाधान में 'पं0 दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृत्तिव' विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय न्यायमूर्ति श्री सुधीर नारायण जी ने की।
- महात्मा गॉधी जी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महात्मा गॉधी को श्रद्धापूर्वक स्मरण कर उन्हें भावभिनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। माननीय कुलपति जी ने विश्वविद्यालय परिवार को सामाजिक कुरीतियों को दूर रहने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह की पहल पर विश्वविद्यालय में पहली बार समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य पंक्तिबद्ध आसन ग्रहण कर सम्मिलित हुए। इससे पूर्व परिसर में माननीय कुलपति जी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारियों ने सक्रिय प्रतिभागिता की।
- 25 दिसम्बर 2018 को विश्वविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 95वीं जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह गौर जी रहे तथा अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी ने की।
- उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में 15 अगस्त 2018 को स्वत्रन्त्रता दिवस का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर यमुना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।
- 25 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के गंगा परिसर स्थित ध्वजारोहण स्थल पर मा0 कुलपति जी के मार्गदर्शन में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।

- दिनांक 26 जनवरी 2019 को विश्वविद्यालय में गणतन्त्र दिवस समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ध्वजारोहण कर मा0 कुलपति जी ने अपने संदेश में लोकतन्त्र को आजादी के बाद देश की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया।
- दिनांक 05 जून 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के यमुना परिसर स्थित क्षेत्रीय केन्द्र एवं आवासीय परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिहं एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ0 सुनीता सिंह ने विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण किया।

परामर्श कार्य एवं महत्वपूर्ण संस्थाओं के सहयोग से शिक्षा प्रसार

विश्वविद्यालय अन्य शैक्षिक संगठनों और संस्थाओं के साथ परामर्श एवं वैचारिक आदान–प्रदान को महत्व देते हुए राष्ट्र–निर्माण में गुणवत्तापूर्ण भूमिका निर्वहन हेतु सदैव तत्पर रहता है।

- 04 अक्टूबर 2018 को जवाहरलाल नेहरू राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, कानपुर में एक संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता प्रो0 (डॉ0) जी0एस0 शुक्ल, निदेशक, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा, उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय, की गतिविधियों से अवगत कराते हुए यहाँ स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, जिसके संबंध में मेडिकल कालेज के चिकित्सकों एवं छात्रों की प्रतिक्रिया काफी उत्साहजनक रही। प्राचार्य डा0 अरविन्द कुमार वर्मा जी ने समस्त पाठ्यक्रमों को रोजगार की दृष्टि से उपयोगी बताते हुए अपने कालेज को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केन्द्र बनाने की इच्छा व्यक्त की।
- विश्वविद्यालय का कार्य राष्ट्र एवं अपनी संस्कृति के प्रति निष्ठा रखने वाले युवकों का निर्माण करना है। 08 अक्टूबर 2018 को उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने अपने इस सामाजिक दायित्व के निर्वहन हेतु दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार के साथ कार्यक्रम आधारित परस्पर सहमति पत्र (एम0ओ0यू0) पर हस्ताक्षर किये। इस अनुबन्ध के माध्यम से स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा द्वारा संचालित योग एवं अन्य संबंधित कार्यक्रम व्यापक रूप से उभय संस्थानों के संयुक्त प्रयास से चलाने की शुरुआत हुई। इसके अन्तर्गत 20 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2018 तक वृहद स्तर पर पूरे प्रदेश भर में योगाभ्यास कार्यक्रमों एवं अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। जिनमें दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार के प्रशिक्षकों ने भी सत्र संचालन में बहुमूल्य सहयोग दिया।

क्षेत्रीय तथा अध्ययन केन्द्रों पर उद्घाटन समारोह–

दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा के सिद्धान्तों के अनुरुप उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रदेश के हर वर्ग तक और हर क्षेत्र तक उच्च शिक्षा को अभिगम्य बनाने की दिशा में कार्यरत है। इस हेतु विश्वविद्यालय सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों में स्थापित अपने 1000 से अधिक अध्ययन केन्द्रों तथा 11 क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शैक्षिक कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है।

इस वर्ष माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह के नेतृत्व में फैजाबाद और उसके आस–पास के अंचलों के लोगों में उच्च शिक्षा को और बेहतर ढंग से पहुँचाने हेतु विश्वविद्यालय के 11 क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना फैजाबाद में की है। जिसका उद्घाटन समारोह दिनांक 14 मई 2018 को बी0एन0एस0 गर्ल्स डिग्री कालेज बाईपास रोड, परिक्रमा मार्ग जनौरा, फैजाबाद के कैम्पस में आयोजित हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद के माननीय कुलपति प्रो मनोज दीक्षित रहे एवं अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने की। फैजाबाद क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत 06 जिले क्रमशः फैजाबाद, अमेठी, सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, बस्ती एवं गोण्डा हैं।



उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के 11वें क्षेत्रीय केन्द्र फैजाबाद का उद्घाटन करते हुए मा0 कुलपति प्रो0 मनोज दीक्षित एवं विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह जी।

प्रदेश के दूर–दराज के क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा देते हुए अनेक नवीन अध्ययन केन्द्रों की स्थापना इस वर्ष की गई। इस क्रम में दिनांक 14मई 2018 को जनता वैदिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेंहदावल, जनपद संतकबीर नगर में विश्वविद्यालय के नए अध्ययन केन्द्र के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।

इसी प्रकार 18 जुलाई 2018 को मदन मोहन मालवीय पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, कालाकॉकर प्रतापगढ़ में विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ।

दिनांक 22 सितम्बर 2018 को सरस्वती विद्यामंदिर महिला पी0जी0 कालेज, गोरखपुर स्थित विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र पर प्रथम सत्र का शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित हुआ।

पहली बार छात्रहित में टोल–फ्री नम्बर– उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने अपनी छात्र सहायता सेवाओं और प्रसार सेवाओं के अन्तर्गत पहली बार छात्र हित में टोल फ्री नम्बर की शुरुआत इस वर्ष की है। विश्वविद्यालय की शीर्ष प्राथमिकता विद्यार्थी हित है। 22 करोड़ की जनसंख्या वाले इस विशाल प्रदेश के कोने–कोने में विद्यार्थियों तक अभिगम्यता एक चुनौती है। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 26 मार्च 2018 से जारी किये गये टोल फ्री नम्बर 1800–120–111–333 पर डायल कर छात्रगण, विश्वविद्यालय से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।



विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह विश्वविद्यालय में टोल–फ्री नम्बर का शुभारम्भ करते हुए

प्राध्यापकों के व्याख्यानों को यू–ट्यूब पर अपलोड करने की नई शुरूआत–

प्रदेश के सुदूर ग्रामीण अंचलों में रह रहे शिक्षार्थियों, समाज के पिछड़े वर्गों, महिलाओं तथा सेवारत व्यक्तियों को उच्च शिक्षा के स्वर्णिम अवसर प्रदान करने के लिये विश्वविद्यालय द्वारा अपने प्राध्यापकों के व्याख्यानों को यू–ट्यूब पर अपलोड करने की योजना आरंभ की गई है। सत्र 2018–19 में सभी विद्याशाखाओं से विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों के व्याख्यानों को अपलोड किया गया। इससे छात्रों को अपने पाठ्यक्रम से संबंधित इकाईयों पर लेक्चर्स एक क्लिक पर ऑन लाइन देखने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। यह विश्वविद्यालय की प्रसार सुविधाओं का एक अनोखा कीर्तिमान है, जिसे माननीय कुलपति प्रो0 के0एन0 सिंह जी के नेतृत्व में सत्र 2018–19 से लागू किया गया है। इसमें निरन्तरता नवीन प्रगति और विकास हेतु विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित याज्ञवल्क्य ग्रंथालय के ऑडियोविजुवल लैब को और अधिक बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित किये जाने की योजना है जिससे लैक्चर्स की रिकॉडिंग व अपलोडिंग का कार्य और अधिक उत्कृष्ट ढंग से किया जा सकेगा।

विश्वविद्यालय के सामुदायिक एवं प्रसार कार्यक्रम–

शिक्षा को समुदाय से प्रभावी ढंग से जोड़ने, मूल्य चिंतन को प्राथमिकता देने, सम–सामायिक विषयों पर जन–जागरूकता उत्पन्न करने एवं दूरस्थ शिक्षा के दर्शन व कार्य–प्रणाली का प्रचार करने के लिये विश्वविद्यालय द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

- 30 जनवरी 2019 को दिव्य कुम्भ एवं भव्य कुम्भ में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, उत्तर प्रदेश शासन और मेला प्राधिकरण प्रयागराज की ओर से उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में कुम्भ मेला क्षेत्र के गंगा पंडाल में 'सर्वसमावेशी संस्कृति कुम्भ' का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न सम्प्रदायों के संतों ने अपने विचारों के माध्यम से जनता को प्रबोधित किया। इस कार्यक्रम के मूल में निहित महान संदेश 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' ने भारत की समावेशी संस्कृति का अनूठा संगम उपस्थित किया। कार्यक्रम अत्यन्त मूल्यपरक और प्रेरणादायक रहा।
- भारतीय संस्कृति के तीज त्योहारों की गरिमा को अपनी विरासत के रूप में ग्रहण करते हुए उनमें निहित मानवीय संदेश का प्रसार करने की दिशा में इस वर्ष 26 मार्च 2019 को होलिकोत्सव के अवसर पर विश्वविद्यालय के गंगा परिसर में एक कवि सम्मेलन के माध्यम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भारत के अमर शहीदों को भी याद किया गया।
- केरल में 08 अगस्त 2019 को हुए भूस्खलन एवं बाढ़ से पीड़ित लोगों ने की सहायतार्थ विश्वविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री राहत कोष में अंशदान प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिहं जी ने 01 लाख 43 हजार रुपये की इस एकत्र धनराशि का चेक माननीय कुलाधिपति राज्यपाल श्रीयुत राम नाईक जी को सौंपा। माननीय राज्यपाल महोदय ने विश्वविद्यालय के इस मानवतावादी प्रयास की सराहना की।
- देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में दिनांक 17 अगस्त 2018 को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कुलपति एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारियों ने अटल जी के चित्र पर पुष्पार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मा0 कुलपति प्रो0 कामेश्वर नाथ सिंह ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी देश के एक महान चिन्तक थे। उनके निधन से देश को अपूरणीय क्षति हुई है।
- आज भूमण्डलीकरण और मूल्यों के संक्रमण के इस युग में देश की संस्कृति और परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए शिक्षा का मूल्यपरक होना अतिआवश्यक है। इसे ध्यान में रखते हुए उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रमों की पाठ्यचर्या में मूल्यपकरता का अभिनिवेश किया गया है। शिक्षार्थियों में नैतिक आचरण का विकास करने के लिए गांधी विचार एवं शान्ति अध्ययन को सभी विद्याशाखाओं के परास्नातक कार्यक्रमों में आधार पाठ्यक्रम के रूप में अनिवार्यतः लागू किया गया है।
- विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष माघ मेला क्षेत्र में शिविर लगाकर साधारण जनता को यहाँ संचालित विविध कार्यक्रमों की जानकारी दी जाती है। इस प्रकार समाज में दूरस्थ शिक्षा व मुक्त शिक्षा प्रणाली के प्रति जागरूकता लाने का सक्रिय प्रयास किया जाता है। विश्वविद्यालय में समय–समय पर आयोजित होने वाले प्रसार कार्यो जैसे राष्ट्रीय एकता रैली, वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्वच्छता प्रतिबद्धता को मूर्त रूप देने वाले श्रमदान कार्यक्रम आदि के द्वारा शिक्षा को समाज से जोड़ने का सतत् प्रयास किया जाता है।
- विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा को स्थानीय आवश्यकताओं से जोड़ते हुये सामुदायिक कालेज की स्थापना की दिशा में भी प्रयत्नशील है। इसके अन्तर्गत 60 से अधिक रोजगार एवं कौशलपरक शैक्षणिक कार्यक्रमों को प्रारंभ करने की योजना है। जिनमें विभिन्न विद्याशाखाओं के अन्तर्गत अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे।
- उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनोखी पहल करते हुए प्लास्टिक से बनी वस्तुओं के उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगा दिया है। लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिये अब प्रत्येक आयोजन में अतिथियों को जूट निर्मित बैग प्रदान किया जा रहा है।
- निकट भविष्य में विश्वविद्यालय के समीप स्थित एक गॉव को गोद लेकर उसके समन्वित विकास का कार्यक्रम संचालित करने की योजना है। यह एक अभिनव प्रयोग होगा जिसे भविष्य में और विस्तृत स्वरुप प्रदान किया जायेगा।

उ0 प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के प्रसार कार्य का सबसे महत्वपूर्ण आयाम तकनीकी नवाचारों के क्षेत्र में प्रतिफलित हुआ है। क्षेत्रीय एवं अध्ययन केन्द्रों पर अत्याधुनिक संचार तकनीकी के प्रयोग द्वारा विश्वविद्यालयी सुविधाओं के विस्तार में विश्वविद्यालय अनुदिन संलग्न है। विश्वविद्यालय के ग्यारह क्षेत्रीय केन्द्रों के जरिये प्रदेश व्यापी अध्ययन केन्द्रों को 'युनिवर्सिटी मैनेजमेण्ट सिस्टम' नामक सॉफ्टवेयर से जोड़ा गया है। विश्वविद्यालय में होने वाले सेमिनार तथा विभागीय कार्यक्रमों को वेबसाइट के अलावा यू–ट्यूब व फेसबुक पर तत्काल अपलोड किया जाता है। इस प्रकार विश्वविद्यालय की समस्त गतिविधियों की जानकारी किसी भी समय और किसी भी स्थान पर उपलब्ध हो सकती है। सूचना तकनीकी के इस विस्तार के कारण विश्वविद्यालय का दायरा विदेशों तक विस्तृत हो गया है। विश्वविद्यालय का लक्ष्य है कि छात्र–छात्राओं की कुशलता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकसित कर सके, अपनी प्रचुर मानव संपदा को विभिन्न रचनात्मक कार्यो के लिये तैयार कर सके। इस हेतु विश्वविद्यालय अपने शैक्षिक, सामाजिक दायित्वों का तत्परता से निर्वाह करते हुए शोध परामर्श एवं प्रसार सेवाओं के विकास में निरन्तर संलग्न है।

6. प्रशासन संचालन
(Governance)

किसी भी संस्था के विकास में वहाँ का प्रशासन तन्त्र महत्त्वपूर्ण कारक होता है। सुशासन की अनिवार्य शर्त है– नियमानुसार एवं समयबद्ध कार्य–संस्कृति का सुदृढ़ होना और यह तभी सम्भव है जब वहाँ की प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त हो, अधिकारियों, कार्मिकों में उत्तरदायित्व के प्रति समर्पण हो। इस दृष्टि से गंगा के तट पर अवस्थित ज्ञानगंगा को सतत सर्वजनसुलभ बनाता हुआ उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज यशस्वी कुलपति प्रो. के. एन. सिंह के मार्गदर्शन में खरा उतरता है। मा0 ऊर्जस्वी कुलपति प्रो. के. एन. सिंह की प्रशासकीय क्षमता ने विश्वविद्यालय की कार्य–संस्कृति को सुदृढ़ किया है। समय–समय पर कुलपति जी सुशासन प्रतिस्थापित करने के लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशालायें भी आयोजित करवाते रहे हैं। साथ ही प्राध्यापकों को उनकी आकादमिक एवं शोध–क्षमता–सम्वर्धन हेतु संगोष्ठियों, सम्मेलनों आदि के आयोजनों के लिए उन्हें प्रोत्साहित करते रहते हैं। शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितसंवर्धन के संदर्भ में सतत चिन्तनशील रहते हैं। इन सबका प्रतिफल है आकादमिक रूप से विश्वविद्यालय की पहचान विश्वविद्यालय से जुड़े हुए प्रत्येक अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी आपके नेतृत्व में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं।

प्रशासन संचालन की दृष्टि से विश्वविद्यालय अपने परिनियमों का पूर्णतः पालन करता है। राज्य के मा0 राज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। कुलपति की नियुक्ति मा0 कुलाधिपति द्वारा परिनियम 2.02 या परिनियम 3.05 द्वारा यथा उपबन्धित के सिवाय, उन व्यक्तियों में से की जाती है, जिनके नाम परिनियम 3.02 के अनुसार गठित समिति द्वारा उन्हें प्रस्तुत किया जाता है। कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक होता है। वह विश्वविद्यालय के सभी प्राधिकरणों का पदेन सदस्य और अध्यक्ष होता है। कुलपति यदि चाहे तो विश्वविद्यालय की विद्याशाखाओं के आचार्यों या निदेशकों में से किसी एक को प्रतिकुलपति नियुक्त कर सकता है। विश्वविद्यालय में निदेशकों की नियुक्ति कार्यपरिषद् द्वारा विश्वविद्यालय परिनियमावली के उपबन्धों के अनुसार की जाती है।

विश्वविद्यालय की नीतियों को निर्धारित करने के लिए प्रशासनिक निकायों (Governing Bodies) का गठन किया जाता है, जिसके अन्तर्गत निम्न परिषद् / बोर्ड आते हैं–

1. **कार्यपरिषद्** (**Exceutive Council-EC**)– विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय पॉच के परिनियम 5.01 के अनुसार कार्यपरिषद् के सदस्यों का चयन किया जाता है। कार्यपरिषद् विश्वविद्यालय का मुख्य कार्यपालक निकाय है। परिनियमों एवं अध्यादेशों को बनाना, संशोधित करना एवं निरस्त करना कार्यपरिषद् के कार्य हैं। (परिशिष्ट–01)

2. **विद्यापरिषद्** (**Academic Council-AC**)– विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय पॉच के परिनियम 5.09 के अनुसार विद्यापरिषद् के सदस्यों का चयन किया जाता है। विश्वविद्यालय की शैक्षिक नीतियों का सामान्य पर्यवेक्षण करना, शैक्षणिक मानकों में सुधारात्मक निर्देश देना, सभी विद्या सम्बन्धी मामलों में कार्यपरिषद् को परामर्श देना विद्यापरिषद् के कार्य हैं। (परिशिष्ट–01)

3. **योजना बोर्ड** (**Planning Board**)–विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय पॉच के परिनियम 5.11 के अनुसार योजना बोर्ड के सदस्यों का चयन किया जाता है। योजना बोर्ड विश्वविद्यालय के संरचना गत कार्यक्रम एवं क्रियाकलापों को अभिकल्पित और तैयार करता है। साथ ही विश्वविद्यालय के उद्देश्य की पूर्ति में सहायक सभी विषयों पर कार्यपरिषद् को परामर्श देने का भी कार्य करता है। (परिशिष्ट–01)

4. **मान्यता बोर्ड** (**Board of Recognition**)–विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय पॉच के परिनियम 5.15 के अनुसार मान्यता बोर्ड के सदस्यों का चयन किया जाता है। विद्यापरिषद् एवं कार्यपरिषद् के अनुमोदन से संस्थाओं की मान्यता के लिए मानक निर्धारित करना तथा कुलपति द्वारा निर्दिष्ट किये गये संस्थाओं की मान्यता हेतु आवेदनों का परीक्षण करना और अपनी संस्तुति विद्यापरिषद् को प्रस्तुत करना आदि मान्यता बोर्ड के कार्य हैं। (परिशिष्ट–01)

5. **वित्त समिति** (**Finance Committee**)–विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय पॉच के परिनियम 5.32 के अनुसार वित्त समिति का गठन किया जाता है। इसके प्रमुख कार्यों में कार्यपरिषद् को विश्वविद्यालय की सम्पत्तियों तथा निधियों के प्रशासन से सम्बद्ध विषयों पर सुझाव देना है। यह विश्वविद्यालय की आय तथा साधनों को ध्यान में रखते हुए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कुल आवर्ती तथा अनावर्ती व्यय की सीमा नियत करती है एवं किसी विशेष कारण से वित्तीय वर्ष के दौरान इस प्रकार की नियत व्यय की सीमा को पुनरीक्षित करती है और इस प्रकार नियत सीमा कार्यपरिषद् पर आबद्धकारी होगी। (परिशिष्ट–01)

6. **परीक्षा समिति–** विश्वविद्यालय परिनियमावली के अध्याय पॉच के परिनियम 5.40 के अनुसार परीक्षा समिति का गठन किया जाता है, जो विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाओं का, जिसके अन्तर्गत अनुसीमन तथा सारणीकरण भी है, का पर्यवेक्षण करती है। (परिशिष्ट–01)

त्रिस्तरीय विकेन्द्रीकृत प्रशासनिक व्यवस्था

विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान समय में 1018 अध्ययन केन्द्र एवं 11 क्षेत्रीय केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त बी.एड. पाठ्यक्रम का संचालन 10 अध्ययन केन्द्रों तथा आर.सी.आई. द्वारा मान्यता प्राप्त बी.एड. (विशिष्ट शिक्षा) का संचालन 07 अध्ययन केन्द्रो पर किया जा रहा है। शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सुदूर क्षेत्रों में अध्ययन केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान समय में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किये जा रहे 1018 अध्ययन केन्द्रों का विवरण परिशिष्ट–09 में देखा जा सकता है। प्रारम्भ से विश्वविद्यालय में शिक्षार्थियों की संख्या उत्तरोत्तर बढ़ रही है, जिससे विश्वविद्यालय की बढ़ती लोकप्रियता एवं उपयोगिता का पता चलता है।

विश्वविद्यालय में शिक्षार्थियों के प्रवेश का विकास दर–

सत्र	कार्यक्रमों की संख्या	अध्ययन केन्द्रो की संख्या	नामांकित शिक्षार्थी	संचयी योग
1999–2000	20	15	3343	3343
2000–2001	30	28	3207	6550
2001–2002	41	27	3063	9615
2002–2003	38	47	4244	13857
2003–2004	39	63	8315	22172
2004–2005	42	81	8777	30949
2005–2006	50	102	10962	41911
2006–2007	61	198	16050	57961
2007–2008	76	279	14784	72745
2008–2009	81	252	17801	90546
2009–2010	82	430	22500	113046
2010–2011	90	449	25914	138960
2011–2012	96	399	30840	169800
2012–2013	73	531	24355	194155
2013–2014	73	578	71825	265980
2014–2015	83	564	31567	297547
2015–2016	73	670	21103	318650
2016–2017	96	707	46027	364677
2017–2018	96	800	50102	414779
2018–2019	107	1018	69903	464881

उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रेसर विश्वविद्यालय के प्रशासन को सुचारु एवं प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए इसकी प्रशासनिक व्यवस्था एवं प्रबन्धन को को तीन स्तरों में विभाजित कर देखा जा सकता है– मुख्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र तथा अध्ययन केन्द्र/सम्पर्क केन्द्र।

1. **विश्वविद्यालय मुख्यालय–**

विश्वविद्यालय का मुख्यालय शान्तिपुरम्, सेक्टर–F, गोहरी रोड, फाफामऊ, प्रयागराज में स्थित है। मुख्यालय में कुलपति, विद्याशाखा के निदेशकों, कुलसचिव, उपकुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय जो तीन परिसरों में बँटा हुआ है–गंगा परिसर, यमुना परिसर एवं सरस्वती परिसर। गंगा परिसर में कुलपति, कुलसचिव, उपकुलसचिव, वित्तअधिकारी के कार्यालयों के अतिरिक्त मीडिया सेन्टर, अतिथि गृह एवं कर्मचारियों के आवास भी

स्थित है। सरस्वती परिसर में शैक्षणिक भवन में विद्याशाखाओं के निदेशकों के कार्यालय स्थित है, जहॉ इन विद्याशाखाओं की परामर्श कक्षाओं सहित अन्य शैक्षणिक गतिविधियॉ संचालित की जाती है। विश्वविद्यालय का केन्द्रीय पुस्तकालय भवन भी इसी परिसर में स्थित है। इसी परिसर में प्रेक्षागृह का निर्माण भी किया जा रहा है जो शीघ्र ही तैयार हो जायेगा। यमुना परिसर विश्वविद्यालय का तीसरा परिसर है, जहॉ इलाहाबाद क्षेत्रीय कार्यालय एवं इसी के अंदर अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर भी है।

2. क्षेत्रीय केन्द्र–

सम्पूर्ण प्रदेश में फैले हुए 1018 अध्ययन केन्द्रों में प्रवेश, पाठ्य–सामग्री वितरण एवं शिक्षार्थियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, छात्र सहायता सेवा एवं परीक्षा की गुणवत्ता के सुनिश्चितीकरण हेतु प्रदेश के सभी अध्ययन केन्द्रों को 11 क्षेत्रीय केन्द्रों से सम्बद्ध कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के अभिलेखानुसार ग्यारह क्षेत्रीय केन्द्र निम्न रूप में है–

(I) क्षेत्रीय केन्द्र इलाहाबाद– यमुना परिसर, सेक्टर–बी, मातादीन का पुरा के बगल में, निकट काशीराम आवास योजना, शान्तिपुरम्, फाफामऊ, इलाहाबाद।
(ii) क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी– डी 59/32,ख, सिगरा, महमूरगंज रोड, वाराणसी 221010।
(iii) क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुर– नहर रोड़ मकान नं. 549, मोहद्दीपुर (पावर हाउस वाली गली) गोरखपुर 273001।
(iv) क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ– 10ए/आई एन एस–04, वृन्दावन योजना, लखनऊ।
(v) क्षेत्रीय केन्द्र बरेली– 147–ए, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बैंक के सामने, सरकिट हाउस चौरहा, बरेली–243001।
(vi) क्षेत्रीय केन्द्र गाजियाबाद–प्रेरणा जनसंचार एवं शोध संस्थान, सी–56/20 सेक्टर 62, नोएडा (उ0प्र0)।
(vii) क्षेत्रीय केन्द्र मेरठ– स्माइल नेशनल महिला पी0जी0 कालेज, बुढ़ाना गेट, मेरठ (उ0प्र0)।
(viii) क्षेत्रीय केन्द्र आगरा– वार्डन आवास, आर0 बी0 एस0 कॉलेज, खंदारी, (डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यालय के प्रबन्धन संस्थान के सामने) आगरा–282002।
(ix) क्षेत्रीय केन्द्र झॉसी– डी0–17, एम0–2, बीरांगना नगर, पिछौर, झॉसी–248128।
(x) क्षेत्रीय केन्द्र कानपुर नगर– 1318F,W–2, जूही कला, दामोदर नगर, कानपुर नगर–208027।
(xi) क्षेत्रीय केन्द्र अयोध्या– बी.एन.एस. गर्ल्स डिग्री कालेज, बाई पास परिक्रमा मार्ग, जनोरा, अयोध्या।

उक्त समस्त क्षेत्रीय केन्द्रों के कार्य निम्नवत हैं–

1. अध्ययन केन्द्रों की व्यवस्था एवं नियंत्रण।
2. अध्ययन केन्द्रों का निरीक्षण।
3. अध्ययन केन्द्रों से शैक्षिक गतिविधियों का आदान–प्रदान।
4. अध्ययन केन्द्रों को समय–सारणी, परिचय पत्र उपलब्ध कराना।
5. अध्ययन केन्द्रों से परामर्श कक्षाओं का विवरण प्राप्त करना एवं निरीक्षण करना।
6. नये अध्ययन केन्द्र स्थापित करने हेतु जानकारी एवं सुविधा प्रदान करना।
7. समय–समय पर सम्बन्धित अध्ययन केन्द्रों हेतु कार्यशाला का आयोजन कराना।
8. अध्ययन केन्द्रों के समन्वयकों और शिक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान एवं उन्हें सहायता उपलब्ध कराना।
9. अधिन्यास प्रश्न–पत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना एवं अधिन्यास उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन।
10. अध्ययन केन्द्रों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु विश्वविद्यालय मुख्यालय को अवगत कराना।

3. अध्ययन केन्द्र– विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था का तीसरा अंग अध्ययन केन्द्र है। विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम, पाठ्य–सामग्री, प्रवेश आदि के सन्दर्भ में शिक्षार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करने के लिए प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर समन्वयक, सह समन्वयक एवं सहायक शिक्षणेतर आदि की नियुक्ति करता है। इन अध्ययन केन्द्रों पर छात्र अपनी शैक्षिक समस्याओं एवं जिज्ञासाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते है। प्रायः प्रदेश के शासकीय एवं अर्द्धशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययन केन्द्र खोले गये है। अपनी सेवायें लेने के लिए विश्वविद्यालय महाविद्यालय के प्राचार्य, अध्ययन केन्द्र के समन्वयकों एवं कर्मचारियों को एक निश्चित मानदेय का भुगतान मासिक आधार पर करता है।

शिक्षार्थियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु क्षेत्रीय केन्द्रों को उत्तरोत्तर सशक्त बनाया जा रहा है। जिसके अनुश्रवण एवं समस्याओं के समाधान के लिये क्षेत्रीय केन्द्रों के प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त किये गये हैं–

1. क्षेत्रीय केन्द्र प्रयागराज– (i) प्रभारी डॉ. जी.एस. शुक्ल निदेशक स्वास्थय विज्ञान विद्याशाखा
(ii) डॉ. विनोद कुमार गुप्त, उपनिदेशक/ एसो0 प्रो0 मानविकी विद्याशाखा

2. क्षेत्रीय केन्द्र वाराणसी तथा नोएडा / गाजियाबादः– प्रभारी प्रो. आर.पी.एस. यादव, निदेशक मानविकी विद्याशाखा
3. क्षेत्रीय केन्द्र गोरखपुरः– प्रभारी प्रो0 पी0पी0 दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा
4. क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊः– प्रभारी प्रो0 ओमजी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा
5. क्षेत्रीय केन्द्र बरेली, मेरठ एवं आगराः– प्रभारी प्रो0 आशुतोष गुप्ता, निदेशक विज्ञान विद्याशाखा
6. क्षेत्रीय केन्द्र झाँसी एवं कानपुरः– प्रो0 प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रभारी निदेशक शिक्षा विद्याशाखा
7. क्षेत्रीय केन्द्र अयोध्या :– प्रभारी प्रो0 सुधांशु त्रिपाठी, प्रभारी निदेशक समाज विज्ञान विद्याशाखा

प्रदेश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक शिक्षार्थियों के द्वार तक उच्च शिक्षा सुलभ कराने के लिए अध्ययन केन्द्रों की संख्या में वृद्धि की गयी है। शिक्षार्थी पाठ्य–सामग्री, अधिन्यास, प्रवेश एवं अन्य समस्त वांछित सूचनायें अध्ययन केन्द्र से ही प्राप्त करते हैं। अध्ययन केन्द्र के समन्वयक सम्बन्धित कर्मचारियों पर नियंत्रण रखते हैं। सभी सूचनायें एकत्रित करना, क्षेत्रीय केन्द्रों से सूचनाओं का आदान–प्रदान करना, परामर्श कक्षाओं का आयोजन, परामर्शदाताओं चयन, शिक्षार्थियों की समस्याओं का निराकरण करना अध्ययन केन्द्र समन्वयकों के प्रमुख कार्य हैं।

उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा सामान्य प्रशासन संचालन एवं शिक्षणेतर क्रिया–कलापों के सम्पादनार्थ मुख्यालय स्तर पर विविध केन्द्रों एवं विशिष्ट प्रकोष्ठों की स्थापना एवं उनका गठन किया जाता है, जिनका विवरण निम्नवत है–

1. **अध्ययन केन्द्र प्रकोष्ठ–**

अध्ययन केन्द्र स्थापित किये जाने के इच्छुक महाविद्यालयों द्वारा अपने–अपने आवेदन इसी प्रकोष्ठ को प्रेषित किया जाता है। तत्पश्चात यह प्रकोष्ठ मा0 कुलपति जी के अनुमोदन के पश्चात महाविद्यालयों / संस्थाओं में भौतिक संसाधनों की उपलब्धता के निरीक्षण हेतु निरीक्षण–मण्डल नियुक्त करता है और तत्सम्बन्धी आख्या प्राप्त करता है। प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण एक समिति द्वारा किया जाता है। उसके बाद इन प्रस्तावों को मान्यता बोर्ड, विद्यापरिषद एवं कार्यपरिषद् के अनुमोदनार्थ भेज दिया जाता है। अनुमोदनोपरान्त विश्वविद्यालय तथा नव संस्थापित अध्ययन केन्द्रों के बीच एक अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया जाता है। साथ ही महाविद्यालय के अध्यक्ष / प्राचार्य द्वारा भेजे गये तीन नामों की सूची में से किसी एक को मा0 कुलपति जी के द्वारा समन्वयक नियुक्त किये जाने के साथ अध्ययन केन्द्र अपना कार्य करने लगता है। इस प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. पी. पी. दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा है।

2. **सूचना प्रकोष्ठ–**

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत देश के हर नागरिक को यह अधिकार मिला हुआ है कि वह कुछ मामलों को छोड़कर किसी भी विषय पर सूचना मांग सकता है। अतः इस विश्वविद्यालय में तदनुसार सूचना उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय की अधिसूचना संख्या ओ.यू. / सूचना / 809 / 2007 दिनॉक 24.09.2007 एवं ओ.यू. / 1127 / 2009 दिनॉक 09.01.2009 के क्रम में निम्नलिखित को जन सूचना अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाता है, जो सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करायेंगे तथा समयान्तर्गत सूचना न उपलब्ध कराने की दशा में सूचना आयोग द्वारा निर्धारित अर्थ दण्ड हेतु स्वयं उत्तरदायी होंगे। जनसूचना अधिकारियों के नाम निम्नवत् हैं–

1. सत्र 2017–18– डॉ. राजेश पाण्डेय
2. सत्र 2018–19 डॉ. राजेश पाण्डेय / कुलसचिव

विश्वविद्यालय में कुलपति प्रथम अपीलीय अधिकारी होंगे, जिनके समक्ष जन सूचना अधिकारी के निर्णय या अनिर्णय पर अपील की जा सकती है।

पाठ्य सामग्री अनुभाग–

यह अनुभाग विश्वविद्यालय में संचालित विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों हेतु दूरस्थ शिक्षा प्रणाली की स्व अध्ययन सामग्री (S.L.M.) उपलब्ध कराने का कार्य करता है। इसका मुख्य कार्य विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त शिक्षार्थियों को उनके द्वारा चयनित पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराना है। सितम्बर 2017 से अप्रैल 2018 तक प्रभारी पाठ्य सामग्री डॉ. विनोद कुमार गुप्त, उपनिदेशक / एसोसिएट प्रोफेसर, मानविकी विद्याशाखा थे। वर्तमान में इसके प्रभारी डॉ0 संतोषा कुमार एसोशियेट प्रोफेसर समाज विज्ञान विद्याशाखा हैं।

प्रवेश अनुभाग–

विश्वविद्यालय का प्रवेश अनुभाग विश्वविद्यालय के गंगा परिसर के प्रशासनिक भवन में स्थित है। प्रवेश अनुभाग के माध्यम से सभी कार्यक्रमों में प्रवेश सम्बन्धी समस्त क्रिया–कलाप सम्पन्न किये। प्रवेश सूचना विवरणिका का निर्माण प्रवेश अनुभाग के माध्यम से कराया जाता है। प्रवेश सूचना विवरणिका का प्रेषण प्रवेश अनुभाग अध्ययन केन्द्रों एवं क्षेत्रीय केन्द्रों को करता है। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः आनलाइन कर दी गयी। आनलाइन ई–प्रवेश आवेदन पत्र को पूरित कर तथा आन लाइन शुल्क जमा करने के पश्चात शिक्षार्थी अपने आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट अध्ययन केन्द्र पर जमा करता है। अध्ययन केन्द्र के द्वारा प्रक्रिया पूर्ण करने पर नामांकन संख्या जेनरेट हो जाती है। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया पर प्रवेश अनुभाग का नियंत्रण रखा जाता है। इस अनुभाग के माध्यम से कुल शिक्षार्थियों यथार्थ संख्या कार्यक्रमवार संख्या आदि प्राप्त की जा सकती है। शिक्षार्थियों की प्रवेश सम्बन्धी समस्त समस्याओं का निराकरण इसी अनुभाग के द्वारा किया जाता है। प्रवेश के पश्चात अध्ययन केन्द्र परिवर्तन, विषय परिवर्तन, कार्यक्रम परिवर्तन आदि महत्वपूर्ण कार्य यह अनुभाग करता है।

दूरस्थ शिक्षा अनुसन्धान केन्द्र–

दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में अनुसन्धान को प्रोत्साहित करने के लिए दूरस्थ शिक्षा अनुसन्धान केन्द्र की स्थापना की गयी है, जिसके प्रभारी प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रभारी निदेशक शिक्षा विद्याशाखा हैं।

सेवा स्थापना प्रकोष्ठ–

शिक्षार्थियों को उनके कैरियर सम्बन्धी मार्गदर्शन देने, रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विश्वविद्यालय में पृथक सेवा स्थापना प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है। इसके माध्यम से शिक्षार्थियों के लिए कम्पनियों द्वारा कैम्पस साक्षात्कार का आयोजन किया जाता है, जिसके फलस्वरूप योग्य, अभ्यर्थियों का चयन कर अपनी कम्पनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। प्रो0 पी0के0 पाण्डेय, प्रभारी शिक्षा विद्याशाखा इस प्रकोष्ठ के प्रभारी हैं।

शिकायत निवारण प्रकोष्ठ–

विश्वविद्यालय में शिक्षार्थियों की समस्याओं के निवारण के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया जाता है। शिक्षार्थियों को अंकपत्र में अधिन्यास के अंक चढ़वाने, अंकपत्र में नाम शुद्धि करण आदि परेशानियों से बचाने के लिए इस प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। डॉ0 मुकेश कुमार, असिस्टेन्ट प्रोफेसर शिक्षा विद्याशाखा इसके प्रभारी है।

दूरस्थ शिक्षा जागरूकता प्रकोष्ठ–

विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक कार्यक्रम से जन मानस को अवगत कराने के लिये इस प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ ग्रामीण क्षेत्रों एवं ऐतिहासिक स्थानों पर शिविर लगाकर कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करता है। डॉ. अनिल कुमार सिंह भदौरिया, शोध सहायक, इसके प्रभारी है।

जन सम्पर्क प्रकोष्ठ एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ–

शिक्षार्थियों को प्रवेश आदि से सम्बन्धित जानकारी देने एवं विश्वविद्यालय की वर्ष भर की दैनन्दिन गतिविधियों का विवरण रखने एवं समाचार पत्रों तथा टेलीवीजन आदि के माध्यम के माध्यम से महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के कवरेज आदि की व्यवस्था के लिए जन सम्पर्क प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। शिक्षार्थियों की शिकायतों के निवारण हेतु शिकायत प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है। इस दोनों के प्रभारी प्रो. आर.पी.एस. यादव, निदेशक, मानविकी विद्याशाखा हैं।

आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ–(Internal Quality Assurance Cell)–

यह प्रकोष्ठ विश्वविद्यालय में सीका (Centre for Internal Quality Assurance) के नाम से गठित किया गया है। प्रकृत प्रकोष्ठ की स्थापना का मुख्य उद्देश्य है–विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली शिक्षार्थियों की सुविधाओं में सतत सुधार सुनिश्चित करना, गुणवत्ता संवर्धन के लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सुधारात्मक सुझाव देना, दूरस्थ शिक्षा परिषद के दिशा–निर्देशों के क्रियान्वयन को नियमित अन्वीक्षण करना, विश्वविद्यालय में शोध आदि को प्रोत्साहित करना, गुणात्मक सुधार की प्रक्रिया में अभिभावकों, शिक्षकों, कर्मचारियों, नियोक्ताओं आदि से सम्बन्धित पक्षों की सहभागिता को सुनिश्चित करना है। इस प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. ओमजी गुप्ता, निदेशक, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा विद्याशाखा हैं।

पर्यावरण जागरूकता एवं ग्रीन ऑडिट समिति–(Environment Awareness Green Audit Committee)–

आज पर्यावरण के जितने भी घटक हैं, वे सभी प्रदूषण से ग्रस्त है, जिस कारण मानव जीवन के लिए अनेक समस्यायें उत्पन्न होती जा रही हैं। अतः पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रत्येक व्यक्ति, संस्था आदि को उत्तरदायित्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना चाहिये। इसी को ध्यान में रखकर विश्वविद्यालय में पर्यावरण जागरूकता एवं ग्रीन ऑडिट समिति का गठन किया गया है। वृक्षारोपण, स्वच्छता आदि की व्यवस्था एवं उसकी देखभाल इस समिति के कार्य हैं, जिसके संयोजक प्रो. पी.पी. दुबे, निदेशक, कृषि विज्ञान विद्याशाखा हैं।

एन्टी रैगिंग समिति–

विश्वविद्यालय में पंजीकृत शिक्षार्थियों के साथ रैंगिंग न हो, इसके लिए एन्टी रैगिंग समिति का गठन किया गया है, जिसके संयोजक प्रो. आशुतोष गुप्ता, निदेशक विज्ञान विद्याशाखा है।

वित्तीय प्रशासन–

वित्तीय प्रशासन एवं प्रबन्धन को संचालित करने के लिए विश्वविद्यालय में वित्त अनुभाग कार्यरत है। आय–व्यय से सम्बन्धित समस्त वित्तीय लेन–देन को सुचारु रूप से सम्पादित करने के लिए उ.प्र. शासन द्वारा वित्त अधिकारी नियुक्त हैं। वित्त अधिकारी के कुशल प्रबन्धन में विश्वविद्यालय का बजट समय से तैयार कर लिया जाता है। आय–व्यय के परीक्षण के लिये मा0 कुलपति जी द्वारा चार्टर्ड एकाउन्टेंट की नियुक्ति की जाती है, जो विश्वविद्यालय के आंतरिक संप्रेक्षक के रुप में माने जाते हैं। इस समय वित्त अधिकारी श्री ए.के. सिंह जी हैं।

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय की आय के तीन मुख्य स्त्रोत हैं, जिनका विवरण परिशिष्ट 07 में उपलब्ध है–

इस प्रकार हम देखते है कि तीन स्तरो पर विभक्त विश्वविद्यालय का प्रशासन पुरे प्रदेश में फैले हुए अपने क्षेत्रीय केन्द्रों एवं अध्ययन केन्द्रों आदि का नियमन करता है।

7. नवाचारी व्यवहार
(Innovative Practices)

आधुनिक युग में शिक्षा को अधिक प्रभावपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण स्वरुप प्रदान करने हेतु नितअभिनव प्रयोग किये जा रहें हैं। परम्परागत शिक्षा प्रणाली से अलग नयी विधियों, नयी कार्यपद्धितियों एवं नयी तकनीकों द्वारा अधिकाधिक फलदायी एवं परिवर्तित रुप में शिक्षा को प्रस्तुत करने के लिए नवाचारी व्यवहार की महती आवश्यकता है। उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण, रोचक एवं आनन्दमय बनाने की दिशा में नवाचारी का प्रयोग शिक्षा के नये प्रतिमानों की स्थापना में सहायक सिद्ध हो रहा है।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक गतिविधियों के क्षेत्र में नवाचार को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय ने शैक्षिक उन्नयन शिक्षा के प्रचार–प्रसार एवं विश्वविद्यालय तथा शिक्षार्थियों के हित हेतु अनेक अभिनव प्रयोग किये हैं। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का दूसरा एवं जनसंख्या की दृष्टि से भारत का प्रथम राज्य होने के कारण प्रत्येक वर्ग एवं प्रत्येक क्षेत्र तक उच्च शिक्षा को अभिगम्य बनाने के लक्ष्य में कार्यरत यह विश्वविद्यालय प्रदेश के सभी 75 जिलों में 1000 से अधिक सक्रिय अध्ययन केन्द्र स्थापित करने में सफल रहा है। वर्तमान सत्र में ही 281 नये अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गये हैं तथा सभी अध्ययन केन्द्रों तक प्रत्यक्ष रुप से पहुँच एवं पकड़ बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय ने 11 क्षेत्रीय केन्द्र स्थापित किये हैं।

सूचना एवं तकनीकी के इस युग में विश्वविद्यालय ने माननीय प्रधानमंत्री जी के डिजिटल भारत के सपने को साकार करते हुए तथा शिक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मोबाइल एप का प्रारम्भ किया गया है जिसके द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी शिक्षार्थियों द्वारा किसी भी स्थान पर तथा किसी भी समय प्राप्त की जा सकती है। शिक्षार्थियों के समय एवं धन के अपव्यय को रोकने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा एक टोल फ्री नम्बर की भी सुविधा उपलब्ध करायी गयी है जिसके द्वारा प्रदेश के किसी भी कोने में रहने वाले शिक्षार्थियों की विभिन्न समस्याओं एवं प्रश्नों को सम्बन्ध इकाई द्वारा त्वरित निस्तारित किया जाता है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित याज्ञवल्क्य ग्रंथालय में स्थापित संचार एवं तकनीकी के अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जति दृश्य एवं श्रव्य प्रयोगशाला के माध्यम से सभी विषयों के व्याख्यान विश्वविद्यालय के अनुभवी एवं विद्वान प्राध्यापकों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए ऑनलाइन उपलब्ध कराने की दिशा में विश्वविद्यालय कार्यरत है। दूरस्थ शिक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय ने कई विषयों की स्वअध्ययन सामग्री को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। शेष स्वअध्ययन सामग्री को शीघ्र ही अपलोड करने की योजना है। विश्वविद्यालय द्वारा अपने शिक्षार्थियों से अभिगम्यता सुलभ करने के उद्देश्य से एक प्रतिपुष्टि प्रारुप विकसित किया गया है तथा इस प्रारुप को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसके फलस्वरुप शिक्षार्थी अपने अनुभव एवं सुझाव विश्वविद्यालय के साथ बॉट सकते हैं, जिससे प्रणाली की कमजोरियों को दूर करने एवं कार्यपद्धति को और अधिक सुदृढ़ बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। प्रतिस्पर्धा के युग मे छात्रों के बहुमुखी ज्ञानात्मक विकास हेतु मैसिव ओपने ऑन लाइन कोर्सेज (MOOC) को विकसित करने की दिशा में पूरी तत्परता से सक्रिय है।

प्रथम बार प्रायोगिक रुप से नव प्रवेशी छात्रों का विषय के अनुसार व्हाटसप समूह बनाया गया है, जिससे शिक्षकों द्वारा उन्हें समय–समय पर आवश्यक सूचनायें प्रेषित की जा सकें, उनकी समस्याओं को जाना जा सके तथा उचित परामर्श दिया जा सकें।

कुलपति प्रो. के.एन. सिंह जी की ओर से त्रयोदश दीक्षान्त समारोह में केरल के बाढ़ पीड़ितों के लिये एकत्र की गई एक लाख तिरालिस हजार रुपये का चेक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के लिए महामहिम कुलाधिपति जी को सौंपा गया। इस पर श्री राज्यपाल श्रीयूत् राम नाईक जी ने इसे मानवता के लिए एक मिशाल बताते हुए विश्वविद्यालय के इस प्रयास की सराहना की। राज्यपाल श्री रामनाईक जी ने कुलाधिपति स्वर्णपदक झांसी क्षेत्रीय केन्द्र की छात्रा अंजली भदौरिया को प्रदान किया। अंजली ने सर्वाधिक 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

विश्वविद्यालय द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार उत्तर प्रदेश सरकार एवं मेला प्राधिकरण प्रयागराज के संयुक्त प्रयोजकत्व में 30 जनवरी 2019 को त्रिवेणी तट पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सर्वसमावेशी संस्कृति कुम्भ का आयोजन किया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन मे एक सद विप्रा बहुधा वदन्ति तथा सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना को धारण करने वाले भारतीय संस्कृति के पोषक एवं संवाहक विभिन्न मतो एवं सम्प्रदायों के प्रतिनिधि आचार्यो का समागम हुआ। इस अवसर पर प्राचीन काल से भारत में विकसित प्रमुख सम्प्रदायों एवं संतों की एक चित्र प्रर्दशनी भी विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई। इस सम्मेलन में नगर के प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में पधारे संतों के विचारों को संकलित कर एक ग्रंथ का रुप दिया जा रहा है। ऐसा विश्वास है कि यह ग्रन्थ विश्वकल्याण तथा विश्वबंधुत्व की भावना को एक बार पुनः विश्व में फैलाने में सक्षम होगा।

शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ–साथ इनकी गुणवत्ता में वृद्धि तथा शैक्षिक वातावरण को सशक्त बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय निरन्तर प्रयासरत है। विश्वविद्यालय मुख्यालय के साथ–साथ क्षेत्रीय केन्द्रों तथा उनसे सम्बद्ध अध्ययन केन्द्र समन्वयकों एवं प्राचार्यो के ज्ञानार्जन एवं शैक्षिक सम्वर्द्धन के लिए क्षेत्रीय केन्द्रों पर संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशालाओं का मुख्य ध्येय शिक्षार्थियों की समस्याओं का समाधान करना एवं नामांकन में वृद्धि हेतु आगामी योजनाएं बनाना है। इनका क्रियान्वयन विश्वविद्यालय एवं शिक्षार्थियों के हित में किया जा रहा है।

विश्वविद्यालयय के मुख्यालय में शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसके द्वारा सभी प्रकार की शिकायतों एवं अनाचारों का उचित समाधान प्रस्तुत किया जाता है। इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य गोपनीयता बनाये रखते हुए निष्पक्ष रुप से शिकायतों का निवारण कर हितधारकों के मध्य विश्वविद्यालय की निष्पक्ष एवं पारदर्शी छवि को उभारना है।

शैक्षिक गतिविधियों के साथ–साथ विश्वविद्यालय सामाजिक गतिविधियों में भी अग्रसर है। माननीय प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता अभियान को मूर्त रुप प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 के0 एन0 सिंह जी द्वारा परिसर में पॉलिथीन एवं एकल प्रयोग प्लास्टिक को पूर्णरुप से प्रतिबंधित किया गया है तथा जन सामान्य को इस ओर जागरुक करने हेतु महात्मा गॉधी जी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर प्लास्टिक मुक्त अभियान स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्लास्टिक के प्रयोग को हतोत्साहित करने एवं पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु जन सामान्य में कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विषमता को दूर कर परस्पर बंधुत्व की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय में समरसता भोज भी आयोजित किया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा अखण्ड भारत दिवस के अवसर पर लायन्स क्लब प्रयागराज सेन्ट्रल एवं नमामि गंगे टास्क फोर्स, प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के यमुना परिसर में वृहद् वृक्षारोपण किया गया।

